3 राजधानी
गर्मी ने झुलसाया, पारा 45 के पार

6 अभिमत
उर्वरक लोक उद्यमों का निजीकरण

10 विदेश
चीन ने जी-7 के संयुक्त बयान का विरोध किया

12 स्पोर्ट्स
शैली सिंह ने जापान में कांस्य पदक जीता



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 195
नई दिल्ली, सोमवार, 22 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भव्य रूप में मनेगा असम की चाय का द्विशताब्दी वर्ष

राष्ट्रीय-11

# यथास्थिति बदलने के प्रयासों के खिलाफ सभी देश उठाएं आवाज

## यूक्रेन पर रूसी हमले और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में जी-7 सम्मेलन में मोदी का विश्व को संदेश

● कहा, यूक्रेन में मौजूदा हालात राजनीति या अर्थव्यवस्था का नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का मुद्दा, संवाद एवं कूटनीति से ही होगा हल

**एजेंसी।** हिरोशिमा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जापान के हिरोशिमा शहर में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कानून, सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के लिए सभी देशों को मिलकर काम करने का आह्वान किया। यूक्रेन युद्ध के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि यथास्थिति बदलने के एकतरफा प्रयासों के खिलाफ सभी देशों को आवाज उठानी होगी।

प्रधानमंत्री की टिप्पणियां यूक्रेन पर रूसी हमले और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आई हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन के एक सत्र में पीएम मोदी ने कहा कि वह यूक्रेन में मौजूदा हालात को राजनीति या अर्थव्यवस्था का नहीं, बल्कि मानवता एवं मानवीय मूल्यों का मुद्दा मानते हैं और संवाद एवं कूटनीति ही इस संघर्ष के समाधान का ( शेष पेज 9 )



प्रधानमंत्री मोदी जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग देने के बाद रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने हवाईअड्डे पर भारतीय प्रधानमंत्री की अगवानी की और सम्मान के तौर पर उनके पैर छूए।

### गले मिले मोदी-सुनक, द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा





**एजेंसी।** हिरोशिमा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक के साथ बातचीत के दौरान भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता में प्रगति सहित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। मोदी ने जापान के हिरोशिमा शहर में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन से इतर सुनक से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे व्यापक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति भी जताई। मोदी ने ( शेष पेज 9 )

# विपक्ष का समर्थन जुटा रहे केजरीवाल

● दिल्ली में नीतीश और तेजस्वी से की मुलाकात, इसी सप्ताह ममता, पवार, उद्धव ठाकरे से मिलेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के तबादले और तैनाती के लिए प्राधिकरण बनाने के वास्ते जारी केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं का समर्थन हासिल करने में जुट गए हैं। इस कड़ी में उन्होंने पहली मुलाकात रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से की है। वह इसी सप्ताह ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे आदि से भी मिलेंगे।

इस बीच, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र के अध्यादेश को जनादेश का हत्यारा करार दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व में गठित नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के एक दिन बाद रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे नीतीश और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी ने दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनसे मुलाकात की। नीतीश कुमार ने प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर केंद्र के साथ जारी आम आदमी पार्टी सरकार की तनातनी के मामले में उन्हें अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि मामलों को छोड़कर अन्य सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली की निर्वाचित सरकार को देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के एक सप्ताह बाद केंद्र सरकार ने अधिकारियों की तैनाती और तबादले से जुड़ा अध्यादेश जारी किया। इससे आम आदमी पार्टी बुरी तरह बौखला गई और उसने इसे दिल्ली की शक्तियों को हड़पने ( शेष पेज 9 )

### अध्यादेश पर रार



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल

### पीएम बनने का दिवास्वप्न देखना बंद करें नीतीश: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमला बोला है। पार्टी ने रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश को प्रधानमंत्री बनने का दिवास्वप्न देखने के बजाय अपने राज्य पर ध्यान देना चाहिए जो अराजकता की ओर बढ़ रहा है। कुमार गैर-भाजपा दलों का गठबंधन बनाने के लिए विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं और उन्होंने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर केंद्र के साथ आम आदमी पार्टी सरकार की तनातनी के मामले में केजरीवाल को अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि अन्य नेताओं से मिलना कुमार का अधिकार है, लेकिन वह अपने राज्य पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री बनने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। इसके ( शेष पेज 9 )

# झारखंड का शीर्ष नक्सली कमांडर दिल्ली में गिरफ्तार



नई दिल्ली में गिरफ्तार होने के बाद रांची लाया गया प्रतिबंधित पीएलएफआई का स्वयंभू सुप्रीमो दिनेश गोपे

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के स्वयंभू सुप्रीमो दिनेश गोपे को गिरफ्तार किया है।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। पीएलएफआई मुख्य रूप से झारखंड में सक्रिय है और यह माओवादियों से अलग होकर बना एक संगठन है। अधिकारी ने बताया कि गोपे उर्फ कुलदीप यादव उर्फ बड़कू के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक मामले हैं और गिरफ्तारी के लिए उसका सुराग देने वालों को 30 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की गई थी। गोपे को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि गोपे झारखंड के खूंटी जिले का निवासी है और 2018 ( शेष पेज 9 )

# 2,000 का नोट बदलने को किसी फॉर्म, पहचान पत्र की आवश्यकता नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**हाल** में चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के अधिकतम 10 नोटों (कुल 20,000 रुपए) को बदलने के लिए किसी फॉर्म या पहचान पत्र की जरूरत नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को 2,000 रुपए के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंक खातों में जमा करने या बदलने के लिए जनता को 30 सितंबर तक का समय दिया गया। हालांकि, 2000 रुपए का नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बना रहेगा, जबकि नवंबर, 2016 की नोटबंदी में 500 रुपए और 1,000 रुपए के नोटों को रातोंरात अमान्य कर दिया गया था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने सभी स्थानीय प्रधान कार्यालयों के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि आम जनता को एक बार में कुल 20,000 रुपए तक के 2,000 रुपए के नोटों को बदलने के लिए किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होगी। ऐसे नोटों को अपने खाते में ( शेष पेज 9 )

# कर्नाटक से उत्साहित कांग्रेस की दूसरे चुनावी राज्यों पर गड़ी नजर

● खड़गे ने विधानसभा चुनावों के अगले दौर की तैयारी को लेकर 24 को बुलाई बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**कर्नाटक** में शानदार जीत दर्ज से उत्साहित कांग्रेस दूसरे राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी के मद्देनजर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 24 मई को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इनमें से कुछ राज्यों में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से होने की संभावना है।

अगले कुछ माह में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस इन राज्यों में चुनावी रणनीति पर काम कर रही है और 24 मई को राज्यों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि राजस्थान और



छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा शासित दो राज्य हैं, जहां वह कर्नाटक की रणनीति को दोहराते हुए सत्ता विरोधी लहर और गुटबाजी को दूर रखने की उम्मीद कर रही है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी मध्य प्रदेश में वापसी के लिए प्रयासरत है, जहां ज्योतिरादित्य सिंधिया और कुछ विधायकों के पार्टी छोड़ने के बाद उसे सत्ता गंवानी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगामी विधानसभा चुनावों पर रणनीति बनाने के लिए 24 मई को तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अपने नेताओं की बैठक बुलाई है। खड़गे राज्य के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक भी करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी का विचार जमीनी स्तर तक पहुंचने के लिए एक प्रारंभिक रणनीति तैयार करना है। इन राज्यों में से एक राज्य के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तेलंगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों से होकर गुजरी भारत जोड़ो यात्रा से पार्टी को फायदा मिलेगा क्योंकि कार्यकर्ता पहले से ही सक्रिय हैं और पार्टी को यात्रा का लाभ मिलेगा, जैसा कि उसे कर्नाटक में मिला है। इनमें से कुछ राज्यों में कांग्रेस को विशेष रूप से अंदरूनी कलह और गुटबाजी के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान में, कांग्रेस को सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच जारी विवाद से निपटना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्य के शीर्ष पद पर दावा ठोक रहे राज्य के मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच भी खुली लड़ाई है। तेलंगाना में भी, इसके राज्य इकाई के प्रमुख रेवंत रेड्डी को राज्य के नेताओं से अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ रहा है, जो उन्हें बाहरी मानते हैं।



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नई दिल्ली में वीरभूमि पर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका वाड्रा

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा बलों से जुड़ी जानकारी पाक भेज रहा आतंकी पकड़ा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकी सुरक्षा बलों की आवाजाही की खुफिया जानकारी आतंकवादियों से साझा कर रहा था। कश्मीर में सोमवार को जी-20 की बैठक होने वाली है। इससे पहले यह गिरफ्तारी हुई है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा से आरोपी मोहम्मद उबैद मलिक को गिरफ्तारी किया गया है। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त में हुई है जब सीमा पार से भारत को अस्थिर करने के लिए जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमला करने की साजिशों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मलिक पाकिस्तान में बैठे जेईएम कमांडर के लगातार संपर्क में था। जांच में पता चला कि वह अपने कमांडर को सुरक्षा बलों की आवाजाही समेत अन्य गुप्त जानकारी भेज रहा था।

# जी-20 के लिए सज गया कश्मीर, सुरक्षा कड़ी

● एनएसजी की ड्रोन रोधी टीम आसमान पर रखेगी नजर, मरीन कमांडो डल झील में कर रहे गश्त

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**पर्यटन** पर जी-20 की कार्यकारी समूह की सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक के लिए श्रीनगर शहर को शानदार ढंग से सजाया गया है। हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कश्मीर घाटी में सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

जी-20 कार्यकारी समूह की सुरक्षा के लिए कश्मीर घाटी में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की ड्रोन-रोधी टीम आसमान से नजर रखे हुए हैं, मरीन कमांडो डल झील में गश्त कर रहे हैं और सुरक्षाकर्मी जमीन पर निगरानी रखे हुए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तीस कंपनियों को घाटी में सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वापस बुला लिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आतंकवाद प्रभावित जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। इसके लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कम से कम 60 प्रतिनिधि और 20 पत्रकार आने वाले हैं। श्रीनगर हवाई अड्डे से आयोजन स्थल शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) तक मार्ग का कायाकल्प किया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए जी-20 कार्यकारी समूह की बैठक यहां के लोगों के लिए अपनी संस्कृति, विरासत, पर्यटन और गर्मजोशी से भरे आतिथ्य को प्रदर्शित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और मरीन कमांडो आयोजन स्थलों की सुरक्षा में पुलिस तथा अर्द्धसैन्य बलों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल के आसपास के इलाकों, मार्गों और शहर के संवदेनशील स्थानों की व्यापक स्तर पर तलाश ली गई है। विस्फोटकों या आईईडी का पता लगाने के लिए स्कैनर और खोजी कुत्तों की मदद ली गई है। शहर से गुजर रहे वाहनों की तलाशी ली ( शेष पेज 9 )



जी20 सम्मेलन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के बीच झेलम नदी में गश्त करते सीमा सुरक्षा बल के जवान

# विश्व में पहली बार तीन माह के बच्चे के गुर्दों की सर्जरी

● दिल्ली के एम्स में की गई सबसे कम उम्र के मरीज की लेप्रोस्कोपिक सफल सर्जरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने तीन महीने के बच्चे के दोनों गुर्दों में रुकावट को दूर करने के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की है। देश के इस अग्रणी अस्पताल ने दावा किया है कि बच्चा इस सर्जरी से गुजरने वाला दुनिया का सबसे कम उम्र का मरीज है। बाल चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने बायलेटरल लेप्रोस्कोपिक पाइलोप्लास्टी प्रक्रिया से सर्जरी की, जो यूरेटेरोपेल्विक जोड़ संबंधी बाधा का इलाज करने के लिए न्यूनतम चीरफाड़ वाली सर्जिकल तकनीक है। इस तरह की समस्या में गुर्दे से मूत्राशय तक मूत्र-प्रवाह बाधित होता है। इस स्थिति से जन्म के समय से ही बच्चे को पेशाब दिक्कतें हो रही थी। बाल रोग विभाग में एडिशनल (अतिरिक्त) प्रोफेसर डॉ. विशेष जैन ने कहा कि यह ऑपरेशन दिसंबर में किया गया था और सर्जरी के तीन दिन बाद मरीज को छुट्टी दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि सर्जरी के तीन महीने बाद चिकित्सकों ने सर्जरी की सफलता का पता लगाने के लिए रेनोग्राम नामक जांच की। इस जांच से यह भी पता लगाया गया कि क्या गुर्दे से प्रवाह में कोई बाधा तो नहीं है। एम्स ने एक बयान में कहा कि सफल सर्जरी न केवल अत्याधुनिक बाल शल्य चिकित्सा देखभाल के लिए एम्स की प्रतिबद्धता को, बल्कि एनेस्थीसिया संबंधी मामलों में संस्थान की विशेषज्ञता को भी प्रदर्शित करती है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे को केवल तीन दिनों के भीतर छुट्टी मिल जाती है।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी आग के धुएं से लाखों लोग परेशान

## पिछले चार दिन से आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की तीस गाड़ियां और 250 कर्मी दिन रात जुटे

● प्रदूषण बढ़ने की वजह से आंखों में जलन से जुझ रहे है आम लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-32 में शहर के डंपिंग ग्राउंड में चार दिनों से आग लगी हुई है। फायर ब्रिगेड की 30 गाड़ियां और 250 फायरमैन इस रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हैं। इस आग की वजह से नोएडा का पॉल्यूशन लेवल खतरनाक स्तर पर है। जिससे करीब 10 लाख लोग परेशान हैं।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-24 के अन्तर्गत सेक्टर-32 के डंपिंग ग्राउंड में गुरुवार की शाम करीब 6:00 बजे से कूड़े के ढेर में आग लगी हुई है। यह कूड़े का ढ़ेर काफी बड़ा है। इसमें डंपिंग गड्ढा भी है, जो घास, पत्तों, लकड़ी की टहनियों और कूड़े आदि से दबी हुई है। बुझने पर भी दोबारा हवा से लगातार सुलग कर बढ़ जाती है। पुलिस ने बताया कि फायर सर्विस की 30 गाड़ियां और जेसीबी मशीन की मदद से आग बुझाने का कार्य लगातार युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। फायर सर्विस, पुलिस, प्रशासन और अथॉरिटी के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सर्तक दृष्टि रखी जा रही है। फिलहाल आग काबू में है। कोई जनहानि नहीं हुई है। सेक्टर-24 थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-32 में नोएडा प्राधिकरण का डंपिंग ग्राउंड है, जहां पर गुरुवार की शाम करीब 6:00 बजे आग लगी थी।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस टीम और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग को करीब 65 घंटे हो गए हैं, लेकिन काबू नहीं पाया गया है। अभी तक लाखों लीटर पानी आग को बुझाने में बर्बाद किया जा चुका है।

उसके बावजूद भी कामयाबी हासिल नहीं हुई है। मौके पर दमकल विभाग की करीब 12 गाड़ियां मौजूद है। नोएडा शहर की प्राइवेट एजेंसी को भी मदद के लिए बुलाया गया है। नोएडा के दमकल विभाग अधिकारी का कहना है कि हवा नहीं चलने की वजह से निचली सतह पर अभी थोड़ी बहुत आग बची हुई है, जिसकी वजह से लगातार धुंआ उठ रहा है। इस आग की वजह से नोएडा के लाख लोग परेशान हैं।

लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी है, लोगों की जिंदगी आफत में आ गई है। प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है।

प्रदूषण होने की वजह से आंखों में जलन और झनझनाहट हो रही है। इस आग की वजह से अस्थमा और दिल के मरीजों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आसपास में स्थित घरों में रहने वाले लोग परेशान हो सकते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा यह धुंधा गर्भवती महिलाओं को परेशानी दे सकता है। दिल के कमजोर मरीजों के लिए भी यह धुंधा काफी चिंताजनक है।

# अस्पताल की लापरवाही- युवक की एचआईवी रिपोर्ट निकली गलत

● पीड़ित ने जान देने की कोशिश की थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शारदा अस्पताल में लापरवाही का मामला सामने आया है। अस्पताल में ब्लड देने पहुंचे युवक को एचआईवी संक्रमित बताया गया। जबकि निजी लैब और जिम्स की जांच में युवक स्वस्थ साबित हुआ है।

पीड़ित युवक का कहना है कि अस्पताल के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। दनकौर निवासी पीड़ित युवक मुस्तकीम ने बताया कि वह अपने एक परिचित को ब्लड देने 28 अप्रैल की रात शारदा अस्पताल में पहुंचे और ब्लड दिया गया। दो मई को पीड़ित युवक को दोबारा अस्पताल बुलाया गया और एचआईवी संक्रमित होने की संभावना बताई। पीड़ित का कहना है कि अस्पताल कर्मी द्वारा दोबारा उसके ब्लड का सैंपल लिया गया जिसके बाद 6 मई को एचआईवी संक्रमित होने की रिपोर्ट थमाकर जिम्स में उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित द्वारा अपने ब्लड की जांच एक निजी लैब से कराई जिसकी रिपोर्ट 7 मई को आई। जिसमें पीड़ित को स्वस्थ बताया गया। इसके बाद 9 मई को जिम्स में सैंपल दिया गया। पीड़ित ने बताया कि जिसकी रिपोर्ट 14 मई को प्राप्त हुई। जिसमें भी युवक को स्वस्थ बताया गया है। पीड़ित का कहना है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण उसके परिवार में कई दिन तक मातम पसरा रहा और पीड़ित ने कई बार आत्महत्या का प्रयास भी किया।

पीड़ित मुस्तकीम का कहना है कि अस्पताल द्वारा की गई लापरवाही के कारण उसकी जान जा सकती थी। वह मामले की शिकायत सीएमओ अधिकारी और डीएम से करेंगे। कोर्ट में जाकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी मार्कशीट से बना प्रधानाध्यापक

● बीएसए ने किया बर्खास्त, 26 साल का वेतन वापस चुकाना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिले के दादरी ब्लॉक में स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर काम करने वाला जोगेंद्र सिंह 26 साल से उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग धोखा दे रहा था।

जोगेंद्र सिंह की नौकरी 12वीं क्लास की फर्जी मार्कशीट के आधार पर लगी थी। इस मामले में जांच हुई तो खुलासा हो गया, जिसके बाद गौतमबुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने तत्काल प्रभाव से दादरी ब्लॉक में स्थित पटाड़ी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जोगेंद्र सिंह को बर्खास्त कर दिया है।

इसके अलावा बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 26 साल की नौकरी के दौरान सरकार की तरफ से मिला वेतन और अन्य भुगतान को वापस लेने का आदेश दिया है। जोगेंद्र सिंह की मृत्यु पिता की मौत के बाद 9 अगस्त 1997 में मृतक आश्रित कोटे के तहत हुई थी उस समय जोगेंद्र सिंह को ग्रेड पे 850 पर रखा गया था। इस समय वह 80000 रुपए प्रति महीने के हिसाब से वेतन उठा रहे थे। जिसको अब वापस लिया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने पूरा वेतन और अन्य भुगतान को वापस लेने के आदेश दे दिए हैं। इस मामले में मेरठ के रहने वाले मनोज कुमार ने 4 टीचरों के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर मेरठ मंडल से जांच के आदेश दिए गए। जांच हुई तो पता चला कि दादरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात जोगेंद्र सिंह फर्जी मार्कशीट के सहारे सैलरी ले रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से बीते 12 मई को जोगेंद्र सिंह को बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा कानूनी कार्रवाई का भी आदेश दिया है। अब जोगेंद्र सिंह को 26 साल की नौकरी के दौरान जो भी वेतन के रूप में पैसा लिया है, वह सभी वापस शासन को देना होगा।

## जमीन की गलत रिपोर्ट देने पर लेखपाल निलंबित

**नोएडा।** बिसाहड़ा में ग्राम समाज की जमीन पर गलत रिपोर्ट देने के मामले में जिला प्रशासन ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। बिसाहड़ा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा की शिकायत जिला प्रशासन को मिली। मौका मुआयना कर लेखपाल राजपाल को मामले की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया था।

लेखपाल ने कुछ दिनों के बाद जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी। प्रशासन ऐसी कई अन्य मामलों की जानकारी जुटा रहा है, जिसमें गलत रिपोर्ट देने की आशंका जताई जा रही है। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि लेखपाल ने जो रिपोर्ट सौंपी उसमें यह बताया गया कि जमीन पर किसी का कब्जा नहीं है।

# '4 माह में सभी घरों के नलों तक पहुंचेगा गंगाजल'

● 800 करोड़ लागत की परियोजना को राजकीय निर्माण कर रहा निगम

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा की गंगाजल परियोजना का मुआयना किया।

चेयरमैन ने राजकीय निर्माण निगम और संबंधित कांट्रैक्टर को 4 माह में गंगाजल परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। इस अवधि में काम पूरा नहीं कर पाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके अलावा चेयरमैन ने कार्यों को पूरा करने का शेड्यूल भी मांगा है। ग्रेटर नोएडा में 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना का शुभारंभ 01 नवंबर 2022 को किया। करीब 800 करोड़ रुपए से अधिक लागत की इस परियोजना को राजकीय निर्माण निगम देख रहा है। अब तक परियोजना पूर्ण नहीं हो सकी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ऋतु माहेश्वरी इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए राजकीय निर्माण निगम के साथ कई दौर की बैठकें कर चुकी हैं। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास आयुक्त और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह भी गंगा जल परियोजना का मुआयना करने ग्रेटर नोएडा पहुंचे। उन्होंने सीईओ रितु माहेश्वरी, एसीईओ मेधा रूपम, जल विभाग, राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर के साथ बैठक कर इस परियोजना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद ग्रेटर नोएडा के जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्वायर का मुआयना किया।

चेयरमैन मास्टर रिजर्वायर में पानी की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद कंट्रोल रूम गए और वहां गंगाजल से जुड़े डाटा का एनालिसिस किया। मास्टर रिजर्वायर की तरह ही एरिया के जवाब में भी फ्लो मीटर लगाने के निर्देश दिए ताकि पानी की उपलब्धता के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सके। इसके बाद चेयरमैन सेक्टर ओमीक्रोन-1ए स्थित एरिया रिजर्वायर प्लांट तक गए। चेयरमैन ने राजकीय निर्माण निगम को इस परिसर को शीघ्र विकसित करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार



गाडी में लिफ्ट देकर लूट करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

### श्री साईं सेवा ट्रस्ट ने किया भजन संध्या का आयोजन

**नोएडा।** शहर में स्थित श्री साईं सेवा ट्रस्ट के द्वारा बीती रात को विशाल साईं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दादरी के विधायक मास्टर तेजपाल नागर भी मौजूद रहे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर श्री साईं सेवा ट्रस्ट की तरफ से पंकज सिंह, राहुल कुमार, प्रवेश तिवारी, धनंजय पाठक, कन्हैया झा, पुनीत, विपुल, गिरीश और रवि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। श्री साईं सेवा ट्रस्ट के कुणाल सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित राधा कृष्ण पार्क हाउसिंग सोसाइटी में बीती रात को चतुर्थ विशाल साईं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

### धरने के दौरान किसानों ने किया हवन

**नोएडा।** सालारपुर अंडरपास के नजदीक पिछले करीब 7 दिनों से बीकेयू अजगर के नेतृत्व में सैकड़ों किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि उनको अतिरिक्त मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। रविवार को उन्होंने यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों की सदबुद्धि के लिए धरना स्थल पर हवन किया किसानों का कहना है जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक वह अनिश्चितकालीन धरने पर इसी तरह बैठे रहेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरवीर नागर ने बताया कि पिछले 7 दिनों से करीब 15 गांवों के किसान अतिरिक्त मुआवजे समेत अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि 2 दिन यमुना प्राधिकरण अधिकारी वहां पहुंचे जिन्होंने उनकी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। लेकिन किसानों ने उनकी बातों को नहीं माना। क्योंकि इससे पहले भी कई बार प्राधिकरण के अधिकारी किसानों को झूठा आश्वासन दे चुके हैं।

### सांड ने बुजुर्ग को उठाकर पटका

**नोएडा।** दनकौर कस्बे के झाझर रोड पर एक सांड ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। इस घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका दनकौर के ही दिव्या अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। घटना के वक्त सांड ने बुजुर्ग को कई फीट ऊंचा उठाकर जमीन पर पटक दिया। बाद में घायल अवस्था में राहगीरों ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चपरगढ़ गांव निवासी 65 वर्षीय जगदीश सिंह का कस्बे के झाझर रोड पर भी मकान है। बताया जाता है कि जहां पर वह शनिवार शाम को आए थे। वह कुछ सामान लेकर घर से बाहर निकलकर रोड पर आए ही थे। उसी दौरान वहां से गुजर रहे एक सांड ने उन पर अचानक हमला बोल दिया।


### ग्रेटर नोएडा वेस्ट के घर खरीदारों का प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के घर खरीदारों के विरोध प्रदर्शन का 25वां हफ्ता बिना थके, बिना रुके हर रविवार घर ख़रीदार सरकार से यही पूछ रहे हैं कि कब होगी रजिस्ट्री, कब मिलेगा अपना घर तमाम बैठकों और आश्वासनों के बावजूद आज तक घर खरीदारों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लिहाज़ा हर रविवार घर खरीदार एक मूर्ति पर जमा होते हैं या फिर एक साथ कई सोसाइटियों में प्रदर्शन करते हैं। जब कड़ाके की ठंड थी तब भी और जब झुलसा देने वाली धूप है तब भी। घर ख़रीदारों का हौसला कम नहीं हुआ है वो लगातार आवाज उठा रहे हैं।

# मेहमानों के स्वागत के लिए नोएडा में बनेगा बनारस घाट

● जी-20 की तैयारी में जुटा नोएडा प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




गौतमबुद्ध नगर में जी-20 सम्मेलन ग्रेटर नोएडा में होगा। जी.20 को देखते हुए ओखला बैराज से लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे को संवारने के लिए किए जाने काम में तेजी लाने के निर्देश नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने दिए हैं।

महामाया फ्लाईओवर के पास बने बनारस घाट और सारनाथ स्तूप के आसपास के क्षेत्र का और अधिक सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि जी-20 के तहत नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे के सौंदर्यीकरण के लिए जो अनुबंध गठित किए गए हैं, उन कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के संबंध में जो प्रेजेंटेशन दिया गया है उन काम के फोटोग्राफ और लागत का उल्लेख करते हुए पूरा विवरण प्रस्तुत किया जाए। एक्सप्रेसवे के प्रवेश-निकास के सौंदर्यीकरण योजना को शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश दिए। ओखला बैराज पर गमले आदि लगाने के लिए कहा। सेक्टर-94-95 के मध्य बने अंडरपास और बॉटेनिकल गार्डन के पास उद्यानिक सौंदर्यीकरण कराया जाए। सेक्टर-44-45 की ओर महामाया फ्लाईओवर पर चढ़ते समय और सेक्टर.37 की ओर यू.टर्न करते हुए निर्मित गोलचक्कर का उद्यानिक सौंदर्यीकरण कराया जाए।

सभी रोड चकाचक चमकेंगे। जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश के समृद्धशाली संस्कृति से परिचित कराने के लिए काशी, अयोध्या, मथुरा, आगरा और बुंदेलखंड आदि क्षेत्रों में धार्मिक एवं विरासत स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों के साथ अलग-अलग देश से आए प्रतिनिधि बैठक करेंगे। इसके लिए ग्रेटर नोएडा का एक्सपो मार्ट का चयन किया गया है। यहां पर तमाम नेशनल और इंटरनेशनल सेमिनार हो चुके हैं।

# मादा डॉगी का यौन शोषण किया डीसीपी ने दिए जांच का आदेश

● सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति सरेआम मादा डॉगी के साथ यौन शोषण कर रहा है।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिले के पशु प्रेमियों में काफी रोष है। पशु प्रेमियों ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है। जिसके बाद नोएडा के डीसीपी ने जांच के आदेश दिए हैं। नोएडा डीसीपी का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफएक्शन भी लिया जाएगा।

इसका वीडियो ग्रेटर नोएडा में रहने वाली और पशु प्रेमी कावेरी भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति नोएडा की किसी गली में मादा डॉगी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। कावेरी भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि व्यक्ति मादा डॉगी के साथ यौन शोषण कर रहा है।

# इंस्टाग्राम पर प्यार, शादी का दबाव बनाया तो युवक ने कर दी हत्या, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक लड़के को इंस्टाग्राम पर 12 साल बड़ी लड़की से प्यार हो गया। प्रेमिका ने शादी का दबाव बनाया तो प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने युवती की हत्या के मामले में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है।

प्रेमी ने प्रेमिका की गला रेतकर हत्या कर शव गांव के तालाब में फेंक दिया था। शव बरामद होने के बाद मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की। जिसके बाद आरोपी प्रेमी पकड़ा गया। दरअसल, बिसरख थाना पुलिस को 18 मई को सूचना मिली थी कि हैबतपुर गांव के तालाब में एक युवती का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को निकलवाया जो एक.दो दिन पुराना लग रहा था। उसके हाथ की नस को काटा गया था और हाथों में साहिबा नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने शिनाख्त कराई तो पता चला कि साहिबा हैबतपुर में ही किराए के मकान में रहती थी। वह मूल रूप से निठोरी रोड लोनी गाजियाबाद की रहने वाली थी। उसके परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया। साहिबा के भाई शकील ने दादरी के रहने वाले बहन के प्रेमी जितेंद्र भाटी पर हत्या का आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस प्रेमी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने शनिवार रात जितेंद्र को गिरफ्तार कर हत्याकांड के बारे में पूछताछ की।

जितेंद्र ने बताया, नवंबर 2022 में साहिबा से मेरी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। पीड़िता लगातार शादी के लिए दबाव बना रही थी।



हत्याकांड का मुख्य आरोपी पलिस गिरफ्त में।

## गाजियाबाद की महिला की मेरठ में मिली लाश

**गाजियाबाद।** मेरठ के हस्तिनापुर क्षेत्र में महिला की गला रेती लाश मिली है। डेडबॉडी मध्यगंग नहर के किनारे खून से लथपथ हालत में मिली। माना जा रहा है हत्यारे ने कहीं और गला रेतकर महिला की हत्या कर दीए इसके बाद डेडबॉडी को यहां मेरठ में फेंक गया है।

बॉडी के पास गाजियाबाद सर्वोदय नगर विजय नगर का आधार कार्ड, मोबाइल मिला है। महिला का नाम मीनू बताया जा रहा है। मेरठ के टीपीनगर थाना क्षेत्र के पूठा गांव में उसकी ससुराल बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी है।

# खेलो इंडिया 2023: मैच देखने के लिए निशुल्क प्रवेश

● 25 मई से शुरू होगा खेल महोत्सव, खिलाड़ियों का आना शुरू

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 23 मई से शुरू हो रहे हैं, जो 3 जून तक चलेंगे। आयोजन समिति ने शहर में खेलों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम और गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन को लेकर अंतिम रूप दिया गया। वहीं, रविवार से देशभर से खिलाड़ियों का पहुंचना धीरे-धीरे शुरू हो गया है। 22 मई तक सभी खिलाड़ी पहुंचे जाएंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

साथ ही प्रदेश के खेल राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपर सचिव खेल नवनीत सहगल और जिलाधिकारी मनीष वर्मा के साथ बैठक की और तैयारियों का जायजा लिया। यह आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें 1700 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे और हजारों वॉलंटियर्स शामिल होंगे। जो खिलाड़ी और स्टाफ खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं उनको कोविड.19 रिपोर्ट देनी होगी।

खेल परिसर में मार्क्स अनिवार्य कर दिया गया है। दर्शकों लोग के लिए स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश रखा गया है। उप जिला क्रीडा अधिकारी अनिता नागर ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी यूपी कर रहा है। 25 मई से शुरू होकर तीन जून तक चलने वाले गेम्स की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। जिले में होने जा रहे खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी को शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। विश्वविद्यालय में वेटलिफ्टिंग और बास्केटबॉल का टूर्नामेंट आयोजित होगा। जबकि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्विमिंग, बॉक्सिंग और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शूटिंग प्रतियोगिता दिल्ली के एक स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पुलिस विभाग और खेल विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देश के किसी भी खिलाड़ी को कोई असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने पहले मंगवाया सामान, फिर डिलीवरी ब्वॉय को पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-99 के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट से सामने आया है, जिसमें सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एक डिलीवरी ब्वॉय को बुरी तरीके से पीट दिया है। वीडियो सोसायटी में रहने वाले किसी रेजिडेंट ने अपनी बालकनी से बना लिया और सोशल मीडिया पर डालकर वायरल कर दिया। मामला कोतवाली 39 का है।

सेक्टर-99 के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में रहने वाले आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित यादव के घर पर एक डिलीवरी बॉय कोई सामान लेकर पहुंचता है। डिलीवरी से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो जाती है। उसके बाद अमित यादव ने डिलीवरी ब्वॉय के साथ बुरी तरह मारपीट की। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। शहर में अक्सर देखने को मिलता है कि किसी न किसी सोसाइटी में कभी कार्ड को तो कभी डिलीवरी ब्वॉय को मारने के मामले सामने आ रहे हैं। इससे पहले 19 मई को नोएडा सेक्टर 70 इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी में देर रात दो दबंगों ने गार्ड के साथ बड़ी बेरहमी से मारपीट की थी। कई बार देखा गया है कि मामूली बात पर हाथापाई की नौबत आ जाती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# उत्पीड़न की शिकायतें फर्जी, एलजी कर रहे राजनीति : आप

● आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल पर लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर विवाद अभी तक थमा नहीं है। उच्चतम न्यायाजलय के फैसले के बाद भी दोनों पक्षों में मतभेद कायम है।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया था कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम में तैनात आठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी ने रविवार को कुछ अधिकारियों के कथित उत्पीड़न की शिकायतों को पूरी तरह से फर्जी बताते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर निशाना साधा है।

साथ ही एलजी पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। दिल्ली सरकार के अनुसार, शिकायतें पूरी तरह से फर्जी हैं। उपराज्यपाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के जरिए उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के आदेश को पलटने और न्यायपालिका पर किए गए सीधे हमले के खिलाफ हंगामे से ध्यान भटकाने के लिए गंदी राजनीति कर रहे हैं।

वहीं राज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार, आप सरकार के खिलाफ शिकायत करने वालों में पांच आईएएस अधिकारी- मुख्य सचिव नरेश कुमार, पूर्व सेवा सचिव आशीष मोरे, विशेष सचिव किन्नी सिंह एवं वाईवीवीजे राजशेखर और ऊर्जा सचिव शूरबीर सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनके अलावा, आईपीएस अधिकारी मधुर वर्मा, आईआरएस अधिकारी कुणाल कश्यप और तदर्थ दानिक्स अधिकारी अमिताभ जोशी ने भी दिल्ली सरकार के खिलाफ शिकायत की है।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि इस साल की शुरुआत में दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जबकि छह शिकायतें 11 मई के बाद मिलीं। गौरतलब है कि 11 मई को ही उच्चतम न्यायालय ने पुलिस, भूमि और सार्वजनिक व्यवस्था को छोड़कर सभी सेवा मामलों का नियंत्रण दिल्ली की निर्वाचित सरकार को दे दिया था।

## सीएम केजरीवाल को भ्रष्टाचार उजागर होने का डर : भाजपा



**नई दिल्ली।** अधिकारियों के तबादले और तैनाती को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर बवाल मचा हुआ है। भाजपा सांसद हंसराज हंस ने एक फिल्म का लोकप्रिय गाना सोचता हूं कि वो कितने मासूम थे, क्या से क्या हो गए देखते-देखते गाकर सीएम केजरीवाल को घेरा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि अपनी तानाशाही के चलते केजरीवाल यह मानने के लिए तैयार नहीं है कि एक शहर एक प्रदेश में नहीं बदल सकता। लेकिन इस पर विवाद केजरीवाल इसलिये कर रहे हैं क्योंकि उनको अपने भ्रष्टाचार के उजागर होने का डर है। भाजपा के सांसद मीनाक्षी लेखी, डॉ. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिं वर्मा, हंसराज हंस ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल सरकार के तानाशाही पूर्ण रवैये और उनकी सरकार के कथित भ्रष्टाचार संवाददाता सम्मेलन में उजागर किया। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि पिछले तीन दशकों से दिल्ली की राजनीति को देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि केजरीवाल इकलौते ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनको सभी उपराज्यपाल से दिक्कत होती रही है, जबकि पहले भी उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री आए और उनकी विचारधाराएं भी अलग-अलग होने के बावजूद दोनों ने सम्मान के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया। तिवारी ने कहा आज वह नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव से गले मिल रहे हैं। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि 679 अध्यादेश देश के संसद में आये हैं लेकिन उसका कोई विरोध नहीं हुआ।

## अजय माकन की मुख्यमंत्री को नसीहत



***नई दिल्ली।*** *कांग्रेस वरिष्ठ नेता अजय माकन ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को याद करते हुए रविवार मुख्यमंत्री अरविंद को उनसे सीख लेने की सलाह दी। माकन ने कहा कि अफसरों से ठीक व्यवहार कर वे दिल्ली के हित में सकारात्मक कार्य कर सकते हैं। सीएम को अधिकारियों से सम्मान पूर्वक बातचीत करना चाहिए। साथ ही चाय पकौड़े का फॉर्मूला अपना कर उनसे संवाद करने भी नसीहत दी। अधिकारियों का लामबंदी से कोई लेना देना नहीं होता। दिल्ली में अधिकारियों की तबादले और तैनाती के मुद्दे पर अध्यादेश लाए केंद्र और दिल्ली सरकार में तलवार खींच गई है।*

*अजय माकन ने रविवार को ट्विट कर कहा कि मुख्यमंत्री का अधिकारियों के साथ संवाद जरूरी है। कभी-कभी उन्हें चाय पकौड़े पर भी बुलाना चाहिए। उन्होंने शीला के साथ एक दिन नामक शीर्षक से लिखे एक लेख के जरिए केजरीवाल सरकार को नसीहत दी है।*

## संक्षिप्त समाचार



राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते चौधरी अनिल।

### आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : अनिल

**नई दिल्ली।** भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निर्माता थे, उन्होंने ही 21वीं सदी के उन्नत भारत का सपना देखा था। यह बात राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि स्थल वीर भूमि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सिनेमाघर के प्रोजेक्टर कक्ष में लगी आग

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के मोती नगर में रविवार दोपहर एक सिनेमाघर के प्रोजेक्टर कक्ष के अंदर आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया, घटना के वक्त सिनेमाघर में 67 लोग फिल्म देख रहे थे। हालांकि, सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग पर काबू पा लिया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिनेमाघर में आग लगने की सूचना अपराह्न एक बजकर 12 मिनट पर मिली और दमकल की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।उन्होंने बताया कि आग सिनेमाघर के प्रोजेक्टर कक्ष के अंदर स्थित मशीन और एयर-कंडीशनर में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग पर अपराह्न दो बजकर पांच मिनट तक काबू पा लिया गया।

### सराय काले खां में कैब चालक के साथ मारपीट

**नई दिल्ली ।** सराय काले खां इलाके में कैब चालक की कार के एक अन्य कार से टकरा जाने से उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। हमलावरों ने घटनास्थल से भागने से पहले कैब चालक से उसकी कार की चाबी कथित रूप से छीन ली। उस टैक्सी में यात्रा कर रहे आलोक दीक्षित नामक एक व्यक्ति ने अपने विभिन्न ट्वीट में यह जानकारी दी। दीक्षित के ट्विटर एकाउंट के अनुसार वह एट स्टोप एसिड अटैक के अभियानकर्ता और छांव डॉट ओआरजी के अध्यक्ष हैं। उनके ट्वीट पर दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने इस घटना का संज्ञान ले लिया है और वह जरूरी कदम उठा रही है। दीक्षित ने बताया कि हवाई अड्डे से वह कैब से जा रहे थे तब हमसे आगे चल रही एक निजी कार अचानक पीछे हटने लगी और हमारी कार से टकरा गई। उसके बाद उस कार से लोग बाहर निकले और मारपीट करने लगे।

# भीषण गर्मी ने झुलसाया, पारा 45 के पार

● सोमवार और मंगलवार को भी बनी रहेगी यही स्थिति, इसके बाद कई दिनों तक हल्की बारिश की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



तेज धूप से बचाव के लिए दुपट्टे से मुंह ढकती युवतियां। फोटो: रंजन डिमरी

जेठ महीने की गर्मी अब अपना रंग दिखाने लगी है। तेज धूप और बढ़ता तापमान लोगों के लिए मुश्किल बन रहे हैं। रविवार को छुट्टी के दिन भी तापमान में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस था वहीं रविवार को यह 42.9 डिग्री पहुंच गया। कई इलाकों में तो यह 45 से 46 डिग्री तक दर्ज किया गया। दोपहर के समय गर्म हवा चलने से भी लोगों को चुभन भरी गर्मी का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन और ऐसी ही गर्मी बनी रहेगी। इसके बाद मंगलवार से शनिवार तक हल्की बारिश का दौर चलने के आसार हैं, जिससे दिल्ली वालों को कुछ राहत मिलेगी।

रविवार को सुबह ही तेज धूप निकली थी जो दिन चढ़ने के साथ-साथ और तीखी हो गई। गर्म हवा के थपेड़ो से दोपहर में गर्मी काफी बढ़ गई। राजधानी का औसत तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 42.9 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हवा में नमी का स्तर 74 से 25 रहा। सबसे अधिक तापमान 46.3 डिग्री नजफगढ़ में दर्ज किया गया। हवा की गति 10 से 24 किमी प्रति घंटे तक रही। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है।

अधिकतम तापमान 43 डिग्री जबकि न्यूनतम 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मंगलवार को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना है। लेकिन तापमान में कमी नहीं आएगी। इसके बाद बुधवार से शनिवार तक चार दिन पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से फुहार पड़ने का पूर्वानुमान है।

इससे तापमान में गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री के आसपास आ जाएगा।

## कोरोना के 10 नए मामले, दो की मौत- संक्रमण दर घटी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रविवार को कोविड-19 के 10 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण दर 0.76 प्रतिशत दर्ज की गई।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोविड-19 से दो और लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 11 मामले आए थे और संक्रमण दर 0.77 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, कोविड से एक मरीज की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक संक्रमण के नए मामलों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 20,40,578 हो गई है। मृतकों की संख्या 26,657 हो गई। बुलेटिन के मुताबिक एक दिन पहले कोविड के लिए 1,311 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 140 हो गई है जिनमें से 103 मरीज घर पर पृथक-वास में हैं।

## यूपी विस चुनाव में पूरी ताकत से उतरेंगे : केजरीवाल

● निकाय चुनाव में जीतने वाले उम्मीदवारों से मुलाकात कर बोले- अब यूपी में आप सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में शानदार जीत संकेत दे रही है कि यूपी के लोग भी अच्छी सरकार और तरक्की चाहते हैं।

आम आदमी पार्टी अगला विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। केजरीवाल ने यह बात रविवार को उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने वाले सभासदों और चेयरमैन से मुलाकात करे दौरान कहा।

आम आदमी पार्टी के संयोजक भाजपा के गढ़ में शानदार जीत के लिए सभी नेताओं को बधाई दी और पूरी लगन से प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने देश में राजनीति का नैरेटिव बदला है। अब कांग्रेस और भाजपा भी आम आदमी पार्टी के मेनिफेस्टो पर जनता से वोट मांगती हैं। ये लोग सिर्फ कहते हैं, लेकिन आप ने करके दिखाया है। दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम हुए हैं। देश को आजाद हुए करीब 75 साल हो गए, लेकिन सरकारी स्कूल-अस्पताल ठीक नहीं हो सके।

केजरीवाल ने दावा किया उन्होंने मात्र पांच साल में ही सरकारी स्कूल और अस्पताल ठीक कर दिए। जनता आप को इसलिए पसंद करती है, क्योंकि कि हम लोग अच्छे, ईमानदार व देशभक्त हैं।

## रैपिडएक्स में 150 किमी की रफ्तार पर किया ऑडियो-वीडियो का अनुभव

● डीसीसी अध्यक्ष ने आरआरटीएस गलियारे के दुहाई डिपो का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग के सचिव एवं डिजिटल संचार आयोग (डीसीसी) के अध्यक्ष के. राजारमन और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने रविवार को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे के दुहाई डिपो का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से डिजाइन किए गए रैपिडएक्स के ट्रैक की खासियतों को देखा। राजारमन ने अत्याधुनिक रैपिडएक्स ट्रेन की विशेषताओं और डिजाइन किए गए ट्रैक का निरीक्षण किया, जहां रेलगाड़ियों के 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की उम्मीद है। उन्होंने सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण प्रणाली देखने के बाद एलटीई (लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन) नेटवर्क पर ईटीसीएस एल2 सिग्नलिंग के सफल कार्य की सराहना की।

अधिकारियों ने 150 किमी प्रति घंटे से अधिक स्पीड पर चलने वाली ट्रेन में मिशन क्रिटिकल वॉयस कम्युनिकेशन और वीडियो एप्लिकेशन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।

## फर्जी कागजात से विदेश भेजते थे, 4 धरे

● टूर एंड ट्रैवल की आड़ में 10-12 वर्षों से चल रहा था धंधा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अपराध शाखा ने अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के लोग विदेश में नौकरी पाने के इच्छुक लोगों को फर्जी दस्तावेज के आधार पर विदेश भेजते थे। कुछ लोगों से तो विदेश भेजने के नाम पर सिर्फ पैसे वसूलते थे। रुपये मिलने के बाद ये पीड़ित का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देते थे। आरोपियों की पहचान गिरीश भंडारी, हिमांशु मेहता, रमेश आर्य और गगन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने इन लोगों से विभिन्न देशों के 80 पासपोर्ट के साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, स्टांप और लैपटॉप बरामद किए हैं।अपराध शाखा विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि यह सभी आरोपित हर्ष टूर एंड ट्रैवल बिजनेस की आड़ में यह फर्जीवाड़ा कर रहे थे। इन लोगों ने दिल्ली एनसीआर में अपने एजेंट बना रखे थे, जो इनको ग्राहक लाकर देते थे। एक व्यक्ति को विदेश भेजनेके लिए यह लोग 6 लाख से लेकर 27, लाख रुपए तक वसूलते थे। लोगों को विदेश भेजने के लिए गिरोह के सदस्य फर्जी पासपोर्ट से लेकर फर्जी वीजा समेत अन्य दस्तावेज खुद बनाते थे। यह लोग अमेरिका में लोगों की अवैध तरीके से प्रवेश के लिए मेक्सिको का रूट अपनाते थे। पंजाब, हरियाणा, गुजरात से बड़ी संख्या में लोगों को विदेश भेज चुके हैं। पुलिस ने बताय कि अपराध शाखा को काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि विदेश भेजनेके नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। इस पर अपराध शाखा ने छानबीन शुरू की तो पुलिस को कुछ सुराग मिले।

## बाल तस्करी पर जागरूक करेगी पुलिस

● उत्पीड़न की जानकारी देने वाले बोर्ड स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों के बाहर लगाए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बाल सुरक्षा को लेकर महीने भर चलने वाले अभियान की रविवार को शुरुआत की। इस अभियान के तहत पुलिस माता-पिता को अपने बच्चों को यौन शोषण, साइबर बुलिंग (ऑनलाइन परेशान करना) और बाल तस्करी जैसे मुद्दों के बारे में जागरुक करेगी और उन्हें शिक्षित करेगी।

अभियान के तहत, पुलिस अपने आधिकारिक ऑनलाइन मंचों ट्विटर और इंस्टाग्राम के जरिए बच्चों के अभिभावकों, उनकी देखभाल करने वालों और माता-पिता को बच्चों की सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएगी और बताएगी कि वे कैसे अपने बच्चों को इन अपराधों का शिकार होने से बचा सकते हैं।दिल्ली पुलिस में उपायुक्त (डीसीपी) एवं प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा, बुलिंग से लेकर अनुचित तरीके से छूने तक, लोग आमतौर पर इन चीज़ों पर ध्यान नहीं देते हैं।

हम चाहते हैं कि समाज में स्वस्थ बहस हो और लोग इन मुद्दों के बारे में बातचीत करना शुरू करें। काफी सोच-विचार के बाद हमने तय किया कि लोगों को इस बात को लेकर जागरुक किया जाए कि कैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों से निपटा जा सकता है।

अधिकारियों के मुताबिक, साइबर बुलिंग बाल तस्करी, यौन उत्पीड़न और उत्पीड़न के बारे में जानकारी देने वाले बोर्ड को स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों के बाहर लगाया जाएगा।

# सीयूईटी : आसान पेपर देख छात्रों के चेहरे खिले

## पहली पाली बिना किसी बाधा के संपन्न, अभिभावकों ने ली राहत की सांस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश में विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की पहली पाली बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के सुचारू रूप से संपन्न हुई। परीक्षा के बाद बाहर निकले छात्रों ने प्रश्नपत्र को मध्यम स्तर का और प्रक्रिया को गड़बड़ी मुक्त बताया।

छात्र तीन घंटे तक परीक्षा केंद्र में थे, इस दौरान उनके चिंतित अभिभावक परीक्षा हॉल के बाहर इंतजार कर रहे थे। परीक्षा के दिन शहर और आस-पास के इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। सीयूईटी का दूसरा संस्करण रविवार को शुरू हुआ, जिसमें 14 लाख से अधिक उम्मीदवार देश भर के विश्वविद्यालयों में स्नातक में प्रवेश के लिए बैठे। पिछले साल के विपरीत इस बार तीन पालियों में परीक्षा कराई गई है। सीयूईटी-स्नातक की पहली पाली 271 शहरों के 447 केंद्रों पर आयोजित की गई जिसके लिए 87,879 उम्मीदवार थे। नोएडा सेक्टर 62 स्थित एक सेंटर पर कई छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले हुए थे।

नोएडा की ज्योति शर्मा ने कहा, प्रश्नपत्र मुश्किल नहीं था। सभी व्यवस्थाएं ठीक थीं। मैंने सुना है कि छात्रों को पिछली बार कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, इसलिए स्वाभाविक रूप से मैं घबराई हुई थी। लेकिन आज इस केंद्र पर परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई।

बेटी को सेंटर से बाहर आते देख ज्योति की मां सुष्मिता मुस्कुरा रही थीं। उन्होंने कहा, पिछली बार हम सभी ने देखा कि बहुत सारे मुद्दे थे। हम नहीं चाहते थे कि हमारी बेटी को इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़े। मैं घबराई हुई थी कि परीक्षा कैसे देगी और गर्मी भी है। मैं तकनीकी दिक्कतों के बारे में भी चिंतित थी।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में दाखिले की इच्छुक आकांक्षी शर्मा ने कहा, अंग्रेजी आसान थी और जनरल टेस्ट का प्रश्नपत्र मध्यम स्तर का था।



कुल मिलाकर परीक्षा ठीक रही। एक अन्य परीक्षार्थी दिव्यांशी आत्मविश्वास से भरी दिखाई दीं और कहा कि परीक्षा ठीक गई।

उन्होंने कहा, मैंने सभी प्रश्नों का जवाब देने का प्रयास किया। मेरी परीक्षा जनरल टेस्ट और अंग्रेजी की थी। इस परीक्षा में सबको समान मौका मिलता है। मैं खुश हूं।

पिछले साल, सीयूईटी का पहला सत्र गड़बड़ियों और कई तकनीकी समस्याओं से प्रभावित हुआ था। वहीं, छात्रों के एक वर्ग ने पैन कार्ड को वैध पहचान पत्र के रूप में स्वीकार नहीं करने और केवल आधार पर जोर देने के लिए अधिकारियों के रवैए की आलोचना की।

नीतीश कुमार नामक छात्र ने ट्वीट किया, सीयूईटी परीक्षा के लिए प्रमाण के तौर पर क्या मेरा पैन कार्ड वैध नहीं है। फिर वे मुझे परीक्षा हॉल में क्यों नहीं जाने देते। परीक्षा 21 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाली थी, लेकिन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने उम्मीदवारों की अधिक संख्या को समायोजित करने के लिए कार्यक्रम को कम से कम चार दिनों तक बढ़ाने का फैसला किया।

## कुशक नाले में सीवेज, जहरीली गैस को लेकर समिति गठित

● एनजीटी ने सुनवाई के दौरान समस्या हल करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा कि वैज्ञानिक रूप से सीवर के शोधन और इस्तेमाल की जिम्मेदारी वैधानिक प्राधिकारियों की है और उसने दक्षिणी दिल्ली के कुशक नाले से दूषित जल तथा जहरीली गैस निकलने के मुद्दे को हल करने के लिए एक समिति गठित की है।

एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें ग्रेटर कैलाश-1 के बी ब्लॉक में मकानों के समीप नाले की देखरेख में पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश एके गोयल की पीठ ने कहा कि शिकायतों का समाधान होना चाहिए लेकिन किसी नाले को ढकने की अनुमति तभी दी जा सकती है जब सीवर के पानी की निकासी वाली एक उचित अलग पाइपलाइन हो और नहर में केवल बरसाती पानी जाता हो जो कि यहां नहीं हुआ। पीठ में न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल रहे।

पीठ ने कहा कि आवेदकों ने खुद कहा है कि नाले को ढकने से जहरीली गैस एकत्रित हो गई है जो कुछ मकानों के पीछे नाले के बिना ढके हिस्सों से निकलती है।

# भाजपा सांगठनिक रूप से पन्ना तक मजबूत पार्टी : ओपी धनखड़

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की बदौलत विश्व में बज रहा भारत का डंका

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**मोदी** सरकार के 9 साल पूरे होने पर चलाए जाने वाले भाजपा के महासंपर्क अभियान के तहत रविवार को गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित प्रदेश के सभी मंडलों की कार्यकारिणी बैठकें हुई। गुरुग्राम के सभी मंडलों की कार्यकारिणी बैठकों में भी महासंपर्क अभियान को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

इन बैठकों में लोकसभा स्तर पर होने वाली रैली, विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, मोर्चा द्वारा चलाई जाने वाली गतिविधियों की रणनीति तय की गई। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के बड़े नेताओं ने भी अलग-अलग स्थान पर महासंपर्क अभियान को लेकर बैठकें की। गुरुग्राम में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने भी महासंपर्क अभियान को लेकर तैयारियां पूरी करने की बात कही है। भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि महासंपर्क अभियान के तहत हर घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। भाजपा ऐसी पाटीज़ है, जिसका साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रधानमंत्री पद तक पहुंच सकता है जबकि दूसरे दलों में ऐसा नहीं है। दूसरे दल अपने नाम के आगे राष्ट्रीय तो लिखते हैं लेकिन वहां पर मुख्य कुछ ही लोग होते हैं, कार्यकर्ता नहीं।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा पहली ऐसी पार्टी है, जो पन्ना तक पहुंची है। भाजपा के मुकाबले कोई ऐसा दूसरा दल नहीं है जो एक पन्ने के 15 परिवारों, यानि 60 वोटरों को साथ लेकर चल रही हो। उन्होंने कहा कि 1952 में जनसंघ की स्थापना हुई और उस समय हमने केवल संगठन बनाकर काम शुरू किया। वर्ष 1980 में भाजपा बनने के बाद और कई चुनाव लड़ने के बावजूद हमें ज्यादा सांसद नहीं मिले लेकिन हम अपने संगठन के सहारे लगातार आगे बढ़ते गए और वर्ष 2014 में केन्द्र व हरियाणा सहित अनेक राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो वर्ष 2019 में भी रिपीट हुई। जिन राज्यों में कभी सरकारें नहीं होती थी और केन्द्र में हमारे मात्र दो या चार सांसद जीतते थे, वहां पर बहुमत से सरकार बनना हमारे कार्यकर्ताओं व पन्ना प्रमुखों की मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता की ताकत बहुत बड़ी है, भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी बात कह सकता है लेकिन दूसरे दलों में ऐसी बात नहीं है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमें कार्यकर्ता के साथ-साथ सेवा कर्ता बनकर भी रहना है। हमने अपने पन्ने के 15 परिवारों, यनि 60 वोटरों से मिलना है, बातचीत करनी है और पता लगाना है कि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं।

# दुकानों से 100-200 का सामान लेकर लोग थमा रहे 2000 का नोट

## 2000 के नोट को लेकर दुकानदार हो रहे हैं परेशान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**




**जब** से 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने संबंधी नियम लागू किया गया है, तब से लोगों ने 2000 के नोटों से ही सामान खरीदना शुरू कर दिया है। लोग सामान तो 100-200 रुपये का लेते हैं, लेकिन दुकानदार को 2000 रुपये का नोट थमा देते हैं। इससे दुकानदार भी परेशान हैं, क्योंकि वे 2000 रुपये का नोट ग्राहक से लेकर खुद बैंक में जाकर जमा कराने की परेशानी नहीं उठाना चाहते।

लोगों के बीच चर्चाएं हैं कि अभी भले ही 2000 रुपये के नोट को अधिकारिक तौर पर बंद करने की सीधे तौर पर घोषणा ना की गई हो, लेकिन भविष्य में कुछ भी हो सकता है। इस डर से लोग 2000 के नोटों को बाजार में लेकर आने लगे हैं। आम दुकानदारों के अलावा पेट्रोप पंपों पर भी 2000 रुपये के नोट लोग ला रहे हैं। 100-200 रुपए का पेट्रोल लेने वाले भी 2000 रुपये का नोट देते हैं। इससे रुपये खुले होने की समस्या पैदा हो गई है। खुले पैसे मांगने पर ग्राहकों से बहस तक हो जाती है। एक दिन बाद 23 मई से बैंकों में 2000 रुपये का नोट बदलवाने का काम शुरू होगा। बैंकों के कर्मचारियों का कहना है कि यदि नोट जमा कराने वालों की बैंकों में भीड़ बढ़ेगी तो अलग से काउंटर बनाने की व्यवस्था की जाएगी। आरबीआई की घोषणा के बाद से बैंक अपने ग्राहकों को 2000 रुपे का नोट नहीं दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाटिका सेक्टर-82 में लगा तीन दिवसीय योग एवं चिकित्सा शिविर



**गुरुग्राम।** संस्कार ज्योति सेवा ट्रस्ट एवं योग भारती मानेसर 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय योग एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। सेक्टर-82 वाटिका स्थित अर्जुन पार्क में यह शिविर लगाया गया। योग शिविर में क्षेत्र के अनेक महिला, पुरुषों ने योग अभ्यास किए। अपनी समस्याओं का समाधान योग के द्वारा योगाचार्य से समझे। योगाचार्य डा. भूदेव ने योग थैरेपी में विभिन्न प्रकार के जटिल रोगों के इलाज के लिए योग का अभ्यास कराया जाएगा। इस अवसर पर संस्कार ज्योति सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन अजय कुमार सिंह ने सभी लोगों से आग्रह किया कि निरोगी रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। योग भारती मानेसर के नेम ने कहा कि इस योग शिविर का उद्देश्य तन और मन दोनों को स्वस्थ बनाना है। शिविर में श्रीमद्भागवगीता के जीवन उपयोगी कुछ सिद्धांतों पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में न्यू गुरुग्राम सोसाइटी से अजय, आशीष, नीलम, सुशील, कृष्ण, रेखराज, रविंद्र, अनु, उषा बहन, उमा, सुषमा, अनु, सीनियर सिटीजन एवं अन्य सेवादारों ने सेवाएं दी।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि मनाई

**फरीदाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व विधायक शारदा राठौर के कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया तथा दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, उस समय देश में सूई तक नहीं बनती थी, कांग्रेस पार्टी ने इस देश को औद्योगिक एवं हरित क्रांति के रूप में विकसित करने का काम किया। 70 सालों में कांग्रेस पार्टी ने इस देश को शिखर पर पहुंचाने का काम किया। लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार पब्लिक सेक्टरों की प्रॉपर्टी को बेचकर देश को गरीबी के दलदल में धकेल रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत का निर्माण करते हुए देश में कंप्यूटर क्रांति का सूत्रपात किया, जिसके चलते आज भारत देश ने विश्व स्तर अपनी पहचान कायम की। इसके अलावा 18 वर्ष के युवाओं को वोट का अधिकार दिलवाने एवं पंचायती राज अधिनियम बनाने का श्रेय भी स्वर्गीय गांधी को ही जाता है। अपने अल्प राजनैतिक कार्यकाल में राजीव गांधी ने भारत को एक नया स्वरूप दिया था, जिसके चलते उन्हें देश की जनता सदैव सम्मानपूर्वक याद करती रहेगी।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पलवल।** गन्ना उत्पादक किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा पलवल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा से वार्ता कर मांगों का ज्ञापन सौंपा। किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि शुगर मिल पलवल निर्धारित समय पर न चलने के कारण आज भी पलवल क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों का लाखों क्विंटल गन्ना खेतों में खड़ा है। प्रबंध निदेशक ने किसान प्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से सुना और अधिकतर मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# सेन समाज की मांग...नाई की जगह सेन से किया जाएगा संबोधित


नवीन गोयल को मांग पत्र सौंपते सेन समाज के लोग।

## नवीन गोयल के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की करी मांग

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल को सेन समाज कल्याण समिति ने अपनी दो मांगों को लेकर पत्र सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से हरियाणा सरकार से इन मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने की मांग की है।

सेन समाज कल्याण समिति की ओर से पत्र में कहा गया है कि सेन समाज सदा भारतीय जनता पार्टी का समर्थक रहा है। भविष्य में समाज साथ रहेगा। समाज ने सदा समाज, देश, प्रदेश हित में काम किया है। यह गौरवान्वित समाज है। इसे आमतौर पर नाई कहकर भी संबोधित किया जाता है। नाई शब्द एक तरह से अपमानित करने जैसा है। इसलिए इस शब्द की जगह सेन समाज किया जाए। इसके लिए हरियाणा सरकार नोटिफिकेशन जारी करे, ताकि सेन समाज का नाम समाज में सम्मान के साथ लिया जा सके। दूसरी मांग में समाज के लोगों ने कहा है कि हर साल 4 दिसम्बर को सेन दिवस मनाया जाता है। यह दिन सेन समाज के लिए गर्व और गौरव का दिवस है। इस दिवस पर हरियाणा राज्य में अवकाश घोषित किया जाए। पत्र सौंपने वालों में सेन कल्याण समिति के प्रधान डा. रमेश जैन, महेंद्र कुमार सेन महासचिव, बलजीत सेन, अनूप सेन, डा. सुनील सेन, गिल्लू राम, तस्वीर सेन, पप्पू आदि शामिल रहे।

इन मांगों को लेकर नवीन गोयल ने कहा कि उनकी इस मांगों को सरकार तक जरूर पहुंचाया जाएगा। सरकार से यह अनुरोध भी करेंगे कि तथ्यों के आधार पर इन मांगों पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या पार्टी की सरकार हो। दोनों ही मंचों पर सभी बिरादरियों, सभी व्यक्तियों, महान विभूतियों, महापुरुषों का आदर, सत्कार और सम्मान किया जाता है। हरियाणा में मनोहर सरकार में पहली बार हो रहा है कि हर महापुरुष की जयंती मनाई जा रही है। चाहे किसी भी जाति से संबंधित हों या सर्वजातीय तौर पर हों, सरकार सभी महापुरुषों का उचित मान-सम्मान कर रही है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश में एकता और भाईचारा मजबूत रखने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। सर्व समाज सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहा है। सरकार की यह सफलता है कि हर वर्ग सरकार को हर स्तर पर लाभ पहुंचाने का काम करता है।

# भाजपा नूह मंडल कार्यकारिणी की हुई बैठक

**नूह।** भाजपा नूह मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा दिहाना की अध्यक्षता में मंडल कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल रहे।

बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने केन्द्र में भाजपा के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक में करें परिवर्तित : बोधराज सीकरी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


सेक्टर-56 स्थित सामुदायिक केंद्र में भाजपा सरस्वती मंडल कार्यकारिणी की बैठक में बोलते बोधराज सीकरी।

**सेक्टर-56** स्थित सामुदायिक केंद्र में भाजपा सरस्वती मंडल कार्यकारिणी की बैठक आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल महामंत्री अशोक डबास ने की। जिसमें पिछली मंडल कार्यकारिणी बैठक से अब तक मंडल में किए गए कार्यों का विस्तृत लेख जोखा प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता महेश यादव जिला महामंत्री ने अल्पकालीन विस्तारक की भूमिका के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा की दिशा में कैसे बदलना है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर मुहिम प्रारम्भ कर देनी चाहिए। केंद्र सरकार और प्रांत सरकार द्वारा किए गए जनहितैषी कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचानी है। आम जन की शिकायतों को भी ध्यानपूर्वक सुनना है। यथासंभव निवारण भी करना है। इस बैठक में मंडल के कुल 43 पदाधिकारी और अन्य श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जगमग होगा शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक

## शहीद चौक पर बना 50 मीटर लंबा बरसाती नाला, जलभराव समस्या होगी दूर

## हर साल 30 दुकानदारों को जलभराव से लाखों रुपये का होता है आर्थिक नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**


शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक।

**रंगीन लाइटों से जगमगाएगा चौक:** शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक आने वाले छह माह के बाद रात के समय में रंगीन लाइटों से जगमग होगा। चौक को काली सड़क और चौड़े रास्तों पर रात में चमकने वाले रिफ्लेक्टर से चमकते हुए नजर आएंगे। यह चौक शहर के लिए यादगार बनाया जाएगा।

**विक्की सिंह**
**(एक्सइएन नप)**

**शहर** के बीचों बीच शहीद भगत सिंह फ व्वारा चौक पर बनी बरसाती पुलिया के साथ 50 मीटर लंबा नाला बनेगा। जिससे बरसाती के मौसम में पुलिया पर होने वाले जलभराव की समस्या से शहरवासियों को राहत मिलेगी। नगर परिषद शहर के शहीद भगत सिंह फ व्वारा चौक का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ बरसाती पुलिया को चौड़ा कराएगी। जिसकी लंबाई बरीक 50 मीटर होगी।

शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक आने वाले छह माह के बाद रात के समय में रंगीन लाइटों से जगमग होगा जिससे इस पुलिया पर बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव की समस्या से हमेशा के लिए शहरवासियों को छुटकारा मिल जाएगा। पुलिया पर होने वाले जलभराव की समस्या को समाप्त करने के लिए यहां के आम नागरिकों से लेकर दुकानदार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तक मांग कर चुके हैं। इस बरसाती नाले से शिव कुंड को जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ बैठे करीब 30 दुकानदारों को हर साल जलभराव से लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होता है।

दुकानदारों का किराना के सामान से लेकर कपड़ा, जूता-चप्पल व अन्य सामान की दुकानों में जलभराव से 50 हजार से लेकर दो लाख रुपये तक का नुकसान होता है। यह समस्या पिछले करीब 25 साल से चली आ रही है। इस चौक के सौंदर्यीकरण पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। जिस पर खर्च होने वाली राशि को मुख्यमंत्री के माध्यम से मंजूरी दे दी गई है।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पंकज भारद्वाज ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को कंप्यूटर युग से जोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**


सराय कार्यालय में पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन चढ़ाते जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी।

**भारत** रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

रविवार को स्वर्गीय भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कमान सराय कार्यालय में के अवसर पर मनाई गई। पार्टी के मौजूद सभी वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्यों और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पंकज भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में दल-बदल कानून लागू करना, पंचायती राज, 18 वर्ष के नौजवानों को वोट का अधिकार दिलाना, देश को कंप्यूटर युग से जोड़ना, आधुनिक टेक्नोलॉजी स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है। उनके द्वारा बनाई गई जनकल्याण नीतियां आज लोगों के काम आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक विचारधारा के महान दूरदर्शी नेता थे। जो भारतीय जनमानस के लिए सदैव प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलराज कटारिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी भारत देश को विश्व के शिखर पर देखना चाहते थे। जो काम उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में किए उन्हें आज देश की जनता भुला नहीं सकती। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैलदार और कार्यालय सचिव शहरी अशोक भास्कर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बीर सिंह नंबरदार, युवा नेता अशोक उल्लावास, एडवोकेट सुबे सिंह, राजेश यादव, धर्मेंद्र मिश्रा ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मैदान में पहलवानों से लड़ाए दांव-पेंच

## फर्स्ट एड के डेमो में भी सीएम ने स्वयं जानी उपचार प्रक्रिया

## राहगिरी कार्यक्रम में सीएम युवाओं के साथ नजर आए युवा

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम के सेक्टर-79 में राहगीरी कार्यक्रम के दौरान पहलवान को पटखनी देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


गुरुग्राम के सेक्टर-79 में राहगीरी कार्यक्रम के दौरान कबड्डी खेलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**रविवार** को यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल बच्चों के साथ बच्चे नजर आए तो युवाओं के साथ युवा। उन्होंने बच्चों के साथ दिल खोलकर मुलाकात की, वहीं पहलवानों के साथ पहलवानी का भी दम-खम दिखाया। कबड्डी और कुश्ती में उन्होंने युवाओं की तरह पहलवानों के साथ खेलकर सबको चौंकाया। अवसर था नौरंगपुर गांव सेक्टर-79 में राहगीरी कार्यक्रम का।

राहगीरी कार्यक्रम में इस बार खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष फोकस किया गया था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचते ही वॉक-साइकिल-रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खुद भी साइकिल पर सवार होकर मुख्य मंच तक पहुंचे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के बीच उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कबड्डी व कुश्ती के डेमो के दौरान मुख्यमंत्री ने खुद भी रेड डाली और पहलवानी के दांव-पेंच में हाथ आजमाए। उन्होंने उन्होंने बॉक्सिंग, गतका, रस्साकसी, बैडमिंटन आदि के खिलाड़ियों के बीच जाकर उनके साथ फोटो भी खिंचवाए। इस तरह से मुख्यमंत्री मनोहर लाल बच्चों के साथ बच्चे और युवाओं के साथ युवाओं की तरह नजर आए। राहगीरी कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु भाकर, शिवानी कटारिया व दिव्यांशी सहित अनेक प्रेरक व्यक्ति विशेष तौर पर पहुंचे।

**प्रदेश में आज से मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा सप्ताह :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में आज से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान सभी जिलों में सड़कों के ब्लैक स्पॉट्स पर काम किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सीएम मनोहर लाल ने राहगीरी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि करीब 9 वर्ष पहले गुरुग्राम से ही राहगीरी कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। अब पूरे देश में आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम में अब तक एक करोड़ 30 लाख लोग भागीदार बन चुके हैं।

**स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने को किया प्रेरित :** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे जनसमूह से गुरुग्राम को अच्छा, स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए योगदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश का विश्व स्तरीय शहर है और इस शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इस शहर में परिवहन के अत्याधुनिक साधन मेट्रो सेवा को विस्तार देने के लिए सरकार ने काम किया है। जिसके चलते पंचगांव, मानेसर, ग्लोबल सिटी, द्वारका एक्सप्रेस-वे आदि के साथ-साथ रेजांगला चौक से दिल्ली के द्वारका तक मेट्रो रेल लिंक स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने राहगीरी के आयोजन स्थल वाली सड़क के दोनों ओर साइकिल व पैदल चलने वालों के लिए ट्रैक बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनुष्य तू महान है गीत सुनाया। इससे पहले राहगीरी में उपस्थित सेना के बैंड के बीच जाकर मुख्यमंत्री ने देशभक्ति पर आधारित धुन सुनते हुए टीम का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने सिविल डिफेंस की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के प्रदर्शन स्थल पर जाकर स्वयं भी मरीज को दी जाने वाली सीपीआर तकनीक के बारे में जानकारी ली।

**कार्यक्रम में रही इनकी मौजूदगी :** इस अवसर पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सोहना के विधायक संजय सिंह, मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर (कम्युनिटी पुलिसिंग एंड आउटरीच) पंकज नैन, मुख्यमंत्री के एडवाइजर (पब्लिक सेफ्टी) अनिल राव, डीसी निशांत कुमार यादव, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, राहगीरी फाउंडेशन से सारिका पांडा, बीजेपी की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राहगीरी में ही पहलवानों से लड़ सकते हैं मुख्यमंत्री : पंकज डावर

## दिल्ली में पहलवान एक भाजपा नेता के खिलाफ धरना को एक माह से विवश

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



**आज** मानेसर के सेक्टर 79 में राहगीरी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न खेलों में भाग लिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री यहां पहलवानी करने वाले कुछ खिलाड़ियों के साथ तो पहलवानी करते नजर आए, लेकिन उन खिलाड़ियों का क्या जो दिल्ली में धरने पर बैठकर भाजपा के ही एक नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, यह कहना कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर का।

पंकज ने कहा कि आज गुरुग्राम में मुख्यमंत्रीजी आए थे। राहगीरी में शामिल हुए अच्छी बात है, खिलाड़ियों से मिले और उनके साथ खेलों में भाग लिया यह भी अच्छी बात है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री को उन खिलाड़ियों के बारे में भी सोचना चाहिए और कुछ बोलना चाहिए। जिन खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है, प्रदेश को 2-4 नहीं बल्कि कई दर्जन मेडल दिला चुके खिलाड़ी, जो पूरे विश्व में पहलवानी का डंका बजाने के बाद आज भाजपा के एक नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर हैं।

पंकज डावर ने कहा कि मुख्यमंत्री को उन पहलवानों के बारे में भी ध्यान देना चाहिए और उनकी मांगों का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि मुख्यमंत्री किसी भी पार्टी के नेता बाद में होंगे, वह पहले हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री है इसलिए हरियाणा के खिलाड़ियों के साथ दिखावा करने की बजाय उनका साथ देना चाहिए, तो शायद खिलाड़ियों का सही मायने में सहयोग होगा।


# झगड़े में महिलाओं से अभद्रता व छेड़छाड़ का आरोप

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव रिठौज में दो गुटों के बीच हुआ झगड़े में दूसरे पक्ष की तरफ से मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन महिलाओं समेत नौ के खिलाफ केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने विरोधियों पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करना, कपड़े फाड़ देना और गले से सोने के आभूषण लूट लेने का आरोप लगाया।

पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। रिठौज निवासी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसके माता-पिता रात करीब सवा नौ बजे स्थानीय निवासी जसबीर के मकान के पास से जा रहे थे। अचानक से जसबीर व उसके परिजनों ने उसने साथ झगड़ा कर दिया। झगड़ा का शोर सुनकर परिवार के लोग वहां पर दौड़कर पहुंचे। उस समय जसबीर व उसके परिजनों में प्रवीण, प्रवेश, संतोष, अंकिता, आरती, निशांत, मयंक और दिनेश मारपीट कर रहे थे। उनके बीच बचाव में आए अन्य लोगों को भी आरोपियों ने पीटा। महिलाओं के कपड़े तक फाड़ दिए और गालियां दी गईं। सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया।

## तहव्वुर राना
### प्रत्यर्पण आदेश

**तहव्वुर राना** का प्रत्यर्पण आदेश हमारे देश के राजनयिकों तथा राष्ट्रीय एजेंसियों की विजय है। अमेरिका की एक अदालत ने तहव्वुर हुसेन राना के भारत प्रत्यर्पण के आदेश दे दिए हैं। इस प्रकार 26-11 मुंबई आतंकी हमले के दोषी को यहां लाने की संभावनायें प्रबल हो गई हैं। इस हमले में 6 अमेरिकी नागरिकों समेत 174 लोगों की जान गई थी। लेकिन इसके बावजूद एक आरोपी के पत्यर्पण आदेश प्राप्त करने में लगभग 15 साल का समय लगा। इससे विश्व स्तर पर आतंक से मुकाबला करने वाली व्यवस्थाओं की ढिलाई स्पष्ट होती है। बताया जाता है कि राना अपने प्रत्यर्पण पर एक शर्त लगाना चाहता था, यदि उसे स्वीकार कर लिया जाता तो उसे हल्की सजा मिलती। प्रत्यर्पण को अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन की अनुमति की जरूरत है। इसके बाद राना को 26-11 आतंकी हमले की जांच करने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ब्लिंकेन की अनुमति में कोई बाधा आने की संभावना नहीं है क्योंकि अमेरिकी सरकार ने इस मामले में अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। 28 सितंबर, 2020 को अमेरिकी अटार्नी कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा डिवीजन के प्रमुख क्रिस्टोफर डी. ग्रिग तथा अटार्नी निकोला टी. हाना ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत को अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ राना के पहले के तर्क 'आधारहीन' हैं। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने केलीफोर्निया अदालत के प्रत्यर्पण आदेश पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि भारत कनाडाई-पाकिस्तानी नागरिक तहव्वुर राना के जल्दी प्रत्यर्पण के



लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में है। महत्वपूर्ण है कि अदालत का यह आदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के आमंत्रण पर प्रस्तावित पहली राजकीय यात्रा के एक महीने पहले आया है। उम्मीद करनी चाहिए कि अब राना के प्रत्यर्पण में कोई प्रक्रियागत बाधा नहीं आएगी।

यहां इस तथ्य पर जोर देना जरूरी है कि देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की आतंकवाद पर लगाम लगाने में प्रमुख भूमिका है। पिछले कुछ साल से अमेरिका-नीत पश्चिमी देशों तथा अरब देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके परिणामस्वरूप भगोड़े आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हुई है। 2012-18 कालखंड में 24 संदिग्ध आतंकियों का भारत प्रत्यर्पण संभव हुआ। इनमें से अधिकांश, यानी 18 का प्रत्यर्पण सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से हुआ। इसका अधिकांश श्रेय सऊदी अरब के राजकुमार व प्रधानमंत्री मुहम्मद बिन सलमान-एमबीएस तथा संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मुहम्मद बिन जायद अल नाहियान-एमबीजेड को जाता है जो 'इस्लामी आतंकवाद' से घृणा करने वाले दो प्रमुख मुस्लिम शासक हैं। लेकिन इसके लिए हमारे विदेश कार्यालय तथा राष्ट्रीय सुरक्षा अवस्थापना की भी प्रशंसा की जानी चाहिए। इसी प्रकार स्वतंत्रता के बाद दशकों तक भारत और अमेरिका दो 'विमुख लोकतंत्र' रहे, पर अब वे जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों-आर्थिक, रणनीतिक व सैनिक क्षेत्रों में निकट आ गए हैं। इसके साथ ही अमेरिका में भारतीय मूल के 4.3 मिलियन लोग रहते हैं। भारतीय राजनयिक और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों के साथ हमारे संबंधों का लाभ उठा रहे हैं। समय आ गया है कि हम दुनिया के सभी देशों के साथ अपने संबंध और बेहतर बनाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा आरोपियों का प्रत्यर्पण हो सके तथा विदेशों में रह रहे आतंकियों व उनके समर्थकों के खिलाफ ज्यादा कठोर कार्रवाई हो सके। इससे पाकिस्तान पर भी ज्यादा दबाव पड़ेगा कि वह भारत के खिलाफ अपनी दुष्टतापूर्ण कार्रवाइयों पर विराम लगाए।

# उर्वरक लोक उद्यमों का निजीकरण

**सरकार द्वारा सीपीएसयू की निजीकरण घोषणा के बावजूद उर्वरक इकाइयां उसके नियंत्रण में हैं क्योंकि उर्वरक उपलब्धता राजनीतिक रूप से संवेदनशील है।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



वर्ष 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू के निजीकरण पर सरकारी दृष्टिकोण की घोषणा की थी। निजीकरण का अर्थ सरकार द्वारा सीपीएसयू में अपने बहुसंख्य, यानी 50 प्रतिशत से अधिक शेयर बेच कर उसे निजी उद्यम के नियंत्रण में सौंपना है। इस उद्देश्य से सीपीएसयू को दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक में बांटा गया। रणनीतिक क्षेत्र में चार उप-समूह-नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खरिज, बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें हैं। गैर-रणनीतिक श्रेणी में अन्य सभी क्षेत्र आते हैं, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल एवं पर्यटन सेवायें, व्यापार व मार्केटिंग। सरकार रणनीतिक क्षेत्र में सभी सीपीएसयू इस शर्त पर बेचना चाहती है कि कम से कम एक व अधिकतम चार इकाइयां सार्वजनिक क्षेत्र में बनी रहें, जबकि गैर-रणनीतिक क्षेत्र में वह 'सभी' उद्यम बेचना चाहती है। इस श्रेणी में घाटे वाले सभी उद्यम बंद कर दिए जाएंगे। इसके अनुपालन में सार्वजनिक उद्यम विभाग-डीपीई तथा नीति आयोग ने गैर-रणनीतिक क्षेत्र में 176 सीपीएसयू की पहचान की। उसकी संस्तुति है कि इसके 60 प्रतिशत से अधिक, यानी 106 उद्यम बंद किए जाएंगे, जबकि बाकी 'जीने योग्य इकाइयों' का निजीकरण किया जाएगा। लेकिन अब तक स्टील क्षेत्र को छोड़ कर किसी अन्य क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

आमतौर से अवस्थापना में सर्वोच्च अधिकारियों द्वारा इस नीति का विरोध किया गया। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले उद्यमों के निजीकरण से इनकार कर दिया। डीपीई-नीति आयोग ने उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी 9 सीपीएसयू के निजीकरण की संस्तुति की थी जिनमें मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड-एमएफएल व नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड-एनएफएल शामिल हैं। सरकार के बहुसंख्य स्वामित्व व नियंत्रण का लाभ उठाते हुए संबंधित मंत्रालय में नौकरशाह लंबे समय से इन सीपीएसयू के संचालन, उनके दिन-प्रतिदिन प्रबंधन में हस्तक्षेप तथा अनेक प्रकार के अस्थाई उपायों पर जोर देते रहे हैं। वे आसानी से अपनी यह शक्ति छोड़ने को तैयार नहीं हैं जो निजीकरण होने पर अपरिहार्य रूप से समाप्त हो जाएगी। हालांकि, यह बात पूरी नौकरशाही पर लागू होती है। लेकिन राजनीतिक आकाओं द्वारा निर्णय लिए जाने पर यह प्रतिरोध देर-सवेर समाप्त हो जाता है। लेकिन सवाल यह भी है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय निजीकरण का विरोध क्यों कर रहा है?

पहला, किसानों द्वारा अनाजों का उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश होने के कारण उर्वरकों का मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर अपने भाषणों में पुरानी सरकारों के कार्यकाल में यूरिया की कमी का मुद्दा उठाते हैं जो उनके कार्यकाल में नहीं दिखता है। इसके साथ ही सत्तारूढ़ अवस्थापना देश के हर कोने में उर्वरक उपलब्धता सप्लाई सुनिश्चित करने के मामले में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। इस पृष्ठभूमि में यदि सरकार का उत्पादन इकाइयों पर सीधा नियंत्रण हो तो वह हमेशा कमी की स्थिति में उनसे उत्पादन बढ़ाने को कह सकती है। उद्यमों के निजी हाथों में जाने पर ऐसा संभव नहीं होगा।

यदि यही सोच हो तो सरकार उर्वरकों को 'रणनीतिक' क्षेत्र के रूप में परिभाषित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। इससे उसे सार्वजनिक क्षेत्र में अधिकतम चार इकाइयां बनाए रखने तथा उपरोक्त चिन्ताओं से मुक्ति पाने में सहायता मिलेगी। लेकिन क्या ऐसा करना वास्तव में जरूरी है? इस जवाब स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। कमी की स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही 'उपयुक्त' व 'प्रभावी' व्यवस्थायें बनी हुई हैं। फसल के हर मौसम में उर्वरकों की आवश्यकता का अनुमान खरीफ, यानी अप्रैल से सितंबर तथा रबी, यानी अक्टूबर से मार्च के लिए लगाया जाता है। इसका आंकलन कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय-डीओएसी उर्वरकों के विभाग-डीओएफ, राज्यों व उर्वरक निर्माताओं से विचार-विमर्श के बाद करता है। यह आंकलन हर माह किया जाता है। सभी उर्वरकों की सप्लाई, आवागमन व वितरण की निगरानी आनलाइन वेब-आधारित 'फर्टिलाइजर मानीटरिंग सिस्टम'-एफएमएस द्वारा की जाती है। इस समग्र गतिविधि में सभी हितधारक शामिल होते हैं जिनमें उत्पादक शामिल हैं।

सरकार हमेशा किसी भी प्लांट को किसी संभावित कमी से निपटने के लिए उत्पादन-सप्लाई बढ़ाने को कह सकती है, भले ही इसका स्वामित्व निजी हाथों में हो। उद्यम इस बारे में 'नहीं' नहीं कह सकते हैं क्योंकि वे सरकार पर सब्सिडी के लिए निर्भर होते हैं जो उत्पादन व वितरण तथा अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी के बीच का अंतर होता है। इसका निर्धारण स्थानीय रूप से होता है तथा उद्यमों को इसकी प्रतिपूर्ति की जाती है।

दूसरा, भारत अपनी आवश्यकता का 25-30 प्रतिशत यूरिया आयात करता है। यूरिया का आयात केवल निर्धारित सरकारी एजेंसियों के माध्यम से होता है जिसमें प्रमुखतः एनएफएल जैसे सीपीएसयू शामिल हैं। तर्क दिया जा सकता है कि पीएसयू को यूरिया आयात करने को कहने का अर्थ ऐसी सप्लाई का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करता है। यदि निजीकरण के बाद सरकार के पास कोई उर्वरक उद्यम न हो तो सप्लाई प्रभावित हो सकती है। लेकिन यह तर्क उचित नहीं है। भारत गैर-यूरिया उर्वरकों का भी आयात करता है जहां आयात की निर्भरता काफी अधिक है। यह डाया अमोनियम फास्फेट-डीएपी के मामले में 50 प्रतिशत तथा म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी के मामले में 100 प्रतिशत है। इनका आयात राज्य एजेंसियों-सीपीएसयू के माध्यम से नहीं होता है क्योंकि हर उद्यम डीएपी व एमओपी आयात के लिए स्वतंत्र है। इसके बावजूद देश में इन उर्वरकों की कोई कमी नहीं होती है। इसी प्रकार यूरिया आयात को निजी क्षेत्र पर छोड़ देने से कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा सीपीएसयू के माध्यम से आयात में राजनेता-नौकरशाह-बिजनेस गठजोड़ की आशंका होती है जिससे कमीशन के बदले निर्यातकों को अधिक भुगतान संभव हो सकता है। उदाहरण के लिए 90 के दशक में 'एनएफएल द्वारा लाखों डालर ऐसी यूरिया का भुगतान जो कभी नहीं आई' को सुर्खियों में जगह मिली थी।

तीसरा, नई मूल्य योजना-एनपीएस में यूरिया के लिए लागत तथा सब्सिडी की व्यवस्था है। नौकरशाह तय करते हैं कि कीमत का कितना हिस्सा पूंजी संबंधी भुगतान या सीआरसी, अन्य फिक्स कीमतों, गैस व अन्य निवेशों की कीमत, आदि पर आता है। इसके आधार पर हर इकाई की सब्सिडी तय होती है। आमतौर से सीपीएसयू को हर टन यूरिया पर ज्यादा सब्सिडी मिलती है जिससे उनका अधिक खर्च तथा कीमत की भरपाई होती है। छह साल पहले मोदी सरकार ने भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड-एफसीआईएल तथा हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड-एचएफसीएल के अंतर्गत पांच प्लांटों की पुनर्जीवन योजना स्वीकार की थी। इनमें झारखंड का सिंदरी, उत्तर प्रदेश का गोरखपुर, बिहार का बरौनी, ओडिशा का तालचेर तथा आंध्र प्रदेश का रामगुंडम शामिल है। करदाताओं का हजारों करोड़ रुपया खर्च करने के बावजूद ये प्लांट दशकों से वेंटीलेटर पर थे। उनकी पुनर्जीवन योजना को केवल वित्तीय आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता है। इसके बावजूद राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में होने के कारण उनकी पुनर्जीवन योजना को स्वीकृति मिली।

लगभग 40,000 करोड़ के खर्च से इन प्लांटों को 2021-2022 में चालू किया गया। सवाल है कि क्या विनिवेश के बाद भी उनके साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है? ऐसे में सरकार को उनके लिए खरीदार नहीं मिलेंगे। कीमतें कम रखने पर ही निवेशक मिलेंगे। लेकिन पुनर्जीवन के बाद यह संभव नहीं होगा। शायद उर्वरक उद्योग द्वारा निजीकरण का विरोध करने के पीछे यही कारण है। संक्षेप में कहा जाए तो घरेलू उत्पादन या आयात से उपयुक्त सप्लाई की चिन्ता अनावश्यक है। जहां तक अधिक कीमत वाले सीपीएसयू प्लांटों के विनिवेश का सवाल है, सरकार को कठोर निर्णय लेना होगा। उसे स्पष्ट करना चाहिए कि एनपीएस के अंतर्गत अधिक कीमतों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसके बजाय वह कम कीमत स्वीकार कर सकती है। यदि सरकार उद्यमों को सार्वजनिक क्षेत्र में न रखना चाहे तो यह जोखिम उठाया जा सकता है। शेयरों की बिक्री को लाल फीताशाही के चंगुल से भी बचाना होगा।

# समस्या का समाधान नहीं शराबबंदी

> "शराब न पीने के कई तर्क हो सकते हैं लेकिन शराब पर प्रतिबंध लगाना लोगों को शराब पीने से रोकने का सबसे बुरा उपाय है।"

कुमार चेलप्पन
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



20 मई 2023 को, पाठक विश्व व्हिस्की दिवस के लिए जागें! प्रत्येक मई के तीसरे शनिवार को विश्व व्हिस्की दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि दुनिया भर में पेय के प्रशंसक जीवन के पानी के कम से कम नाटक का स्वाद चखते हैं। ब्रिटेन और स्कॉटलैंड के आधिकारिक पेय का जश्न मनाने के लिए एबरडीन विश्वविद्यालय के एक छात्र ब्लेयर बोमन द्वारा 2009 में लॉन्च किया गया, विश्व व्हिस्की दिवस ने वर्षों से लाखों लोगों को आकर्षित किया है। भारत में, इस वर्ष विश्व व्हिस्की दिवस लगभग 25 लोगों की मृत्यु की पृष्ठभूमि में मनाया जाता है। तमिलनाडु में इस सप्ताह की शुरुआत में 25 लोगों ने जहरीली शराब का सेवन किया। तमिलनाडु में यह कोई अकेली घटना नहीं है जहां गरीब आदमी की व्हिस्की ताड़ी और अरक पर पूर्ण प्रतिबंध है। पड़ोसी राज्य केरल में भी अरक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसे युवाओं को तत्काल मुक्ति दिलाने वाले नशीले पदार्थों के आदी होने के पीछे प्रमुख कारण के रूप में देखा जाता है। ताड़ी और अरक पर प्रतिबंध प्रतिकूल साबित हुआ है। जब राज्यों में सरकारों ने खुदरा दुकानों को अरक बेचने की अनुमति दी थी तब नकली शराब से कोई मौत नहीं हुई थी।

बेहतरीन सब्जियों और फलों का उपयोग करके सामान को आसुत किया गया था, जबकि खेतों में सुबह से शाम तक काम करने वाले दिन भर की धूप में कड़ी मेहनत के बाद अपने शरीर और आत्मा को ठंडा कर सकते थे। प्रख्यात लघुकथाकार वीकेएन (वडक्के कुट्टला नारायणनकुट्टी नायर) ने अपनी साहित्यिक कृतियों के माध्यम से अरक की सुंदरता को चित्रित किया। वीकेएन की लघु कथाओं और उपन्यासों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाला कोई शराब विरोधी ब्रिगेड नहीं था और ग्रामीण केरल में जीवन के चित्रण के लिए लेखक को केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कई साहित्यकारों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने वीकेएन की किताबें पढ़कर शराब का सेवन करना शुरू कर दिया था! अरक, शराब पर प्रतिबंध और ताड़ के पेड़ों की कटाई ने लाखों मजदूरों को सड़कों पर उतार दिया। बूटलेगिंग दिन का क्रम बन गया।

अरक पर प्रतिबंध के बाद श्रमिकों ने निम्न गुणवत्ता वाली शराब की ओर रुख किया और इसे उनके शराब की लत के पीछे के कारण के रूप में देखा जाता है। कुछ नकली ब्रांड आना मयाक्की (हाथियों को शांत करने में सक्षम) और मनवत्ती (दुल्हन के लिए मलयालम- इस ब्रांड का एक उपाय इतना शक्तिशाली है कि आपके निचले जबड़े को युवा दुल्हनों की तरह उनके विवाह समारोह के दौरान छाती बना सकता है) के नाम से जाना जाता है। पड़ोसी श्रीलंका में जहां ताड़ी, अरक या शराब की बिक्री और खपत पर कोई प्रतिबंध नहीं है, वहां नकली शराब से मौत के मामले नहीं हैं। समय आ गया है कि हम शराब के प्रति अपने दृष्टिकोण पर गंभीरता से विचार करें।

सरदार वल्लभभाई पटेल, उनके मैन फ्राइडे वी पी मेनन और एक वरिष्ठ आईसीएस अधिकारी वी शंकर का एक किस्सा है। नागरकोइल के एक कांग्रेसी नेता मार्शल नेसमानी तिरुवनंतपुरम की रात में मेनन के सूट में घुस गए और फाइलों और राजनेताओं के साथ दिन भर की मशक्कत के बाद मेनन अपने सामान्य कोटे का उपभोग कर रहे थे। नेसामणि को राज्यों के पुनर्गठन के बारे में कुछ शिकायतें थीं और उन्होंने मेनन पर चिल्लाया। बाद वाले ने उसे अगले दिन अपने कार्यालय में मिलने के लिए कहा। नेसमणि ने सरदार पटेल को लिखा कि मेनन नशे की हालत में थे और उनसे अपने सूट से बाहर निकलने को कहा। सरदार, एक मद्यपान करने वाला नेसमानी के पत्र से परेशान लग रहा था और उसने शंकर को बुलाया। शंकर, क्या मेनन शराब पीते हैं? पटेल से पूछा। शंकर एक कठिन परिस्थिति में फंस गया क्योंकि वह न तो सरदार से झूठ बोल सकता था और न ही अपने मित्र मेनन को नीचा दिखा सकता था। शंकर ने जवाब दिया, सर, मेनन शाम को एक या दो पेग लेते हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद कि उनकी मेज साफ हो गई है।

सरदार की प्रतिक्रिया ने शंकर को चौंका दिया। कोई बात नहीं, शंकर। आप सभी सचिवों को वही पेय लेने के लिए कहते हैं जो मेनन पीते हैं, सरदार ने कहा, जिसे शंकर ने अपने संस्मरणों में उद्धृत किया है।

ठीक है, अगर आपको लगता है कि व्हिस्की और स्कॉच डिस्टिल्ड और बोतलबंद ब्रिटेन और स्कॉटलैंड दुनिया में सबसे अच्छे हैं, तो आप गलत हैं। रेडिको खेतान, पॉल जॉन और अमृत डिस्टिलरीज जैसी कुछ भारतीय कंपनियां अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों से पूरी दुनिया में धूम मचा रही हैं।

रामपुर इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की, सिनेमन व्हिस्की (आरके), पॉल जॉन्स मिथुन और कान्या, जॉन्स ओरिजिनल चॉइस (दुनिया भर में शीर्ष 10 बिकने वाली व्हिस्की में से एक) ने माइकल डिसूजा जैसे मास्टर शिल्पकारों की बदौलत भारत को गौरवान्वित किया है। प्रसिद्ध व्हिस्की लेखक जिम मुरे ने पॉल जॉन की मिथुना को दुनिया की तीसरी बेहतरीन व्हिस्की का दर्जा दिया है।

यह लोगों को शराब पिलाने के लिए नहीं है, बल्कि ललित खेतान और अभिषेक खेतान, पॉल जॉन और नीलकांत जगदाले (अमृत) जैसे गुमनाम नायक हैं, जिनका हमें वैश्विक दिग्गजों से मुकाबला करने की उनकी दृढ़ता के लिए सम्मान करना चाहिए।

शराब कोई ऐसी चीज नहीं है जिस पर गुपचुप तरीके से चर्चा की जाए। मैं शराब का सेवन किए बिना कितने भी दिनों या वर्षों तक जीवित रह सकता हूं। लेकिन मैं अपने पीने के अधिकार के बिना एक घंटे भी जीवित नहीं रह सकता, पीलू मोदी ने तब कहा था जब तत्कालीन जनता पार्टी सरकार भारत में पूर्ण शराबबंदी का प्रस्ताव लेकर आई थी।

## आप की बात

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**आखिर** रुसी आक्रमण के 15 महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जी 7 देशों के सम्मेलन हिरोशिमा में भाग लेते हुए यह घोषणा की कि यूक्रेन के पायलटों को अमेरिका निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमानों पर प्रशिक्षित करने की योजना को मंजूरी दे रहे हैं। हालांकि ज़ेलेन्स्की अभी हिरोशिमा पहुंचे भी नहीं हैं, वे रविवार को वहां पहुंचेंगे जबकि बाइडेन रविवार को अमेरिका के लिए रवाना हो जायेंगे। लेकिन प्रस्थान करने से पहले उन्होंने यूक्रेन को बहुत बड़ी सौगात दे दी है। आज ट्रेनिंग देने की बात की है, जाहिर है भविष्य में यूक्रेन को एफ16 लड़ाकू विमान देने पर भी शायद अपनी रजामंदी दे दें। हाल ही में ब्रिटेन ने क्रूज़ मिसाइल देने पर सहमति दी थी। इस प्रकार रूस-यूक्रेन युद्ध एक निर्णायक मोड़ पर पहुंचने की ओर बढ़ रहा है। लेकिन रूप पर लगे सारे प्रतिबंध नाकामयाब लग रहे हैं। यूरोप रुसी ईंधन का एक तरफ बायकाट करता है दूसरी तरफ उसी रिफाइन तेल को भारत के रास्ते वापस खरीदता है। इस प्रकार रूस-यूक्रेन युद्ध एक नए शीतयुद्ध में बदलता जा रहा है क्योंकि ईरान, चीन, उत्तर कोरिया, बेलारूस आदि देश रूस का साथ दे रहे हैं। ऐसे में भारतीय राजनय के समक्ष चुनौतियां और बढ़ती जा रही हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बदहाल पाकिस्तान

**आजादी** से पहले ही भारत-पाकिस्तान विभाजन की जमीन तैयार कर ली गई थी। उस समय संचार साधन न्यूनतम होने के कारण आम जनता को राष्ट्रीय स्तर पर बड़े नेताओं की रणनीतियों की भनक तक नहीं लगती थी। विभाजन के बाद जिन्ना का पाकिस्तान अतिवादियों के हाथ में ही रहा। खुद जिन्ना ने भी ऐसे बदहाल पाकिस्तान की कल्पना नहीं की होगी। पाकिस्तान में सत्ता के असली सूत्र सदा सेना के हाथ में ही रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इतनी पावरफुल नहीं है कि सेना से पंगा ले सके। वर्तमान समय में पाकिस्तान अकल्पनीय बदहाली, भुखमरी, गरीबी व परेशानी के दौर से गुजर रहा है वह अकल्पनीय है। इसके बावजूद इमरान खान का मसला सब मसलों से ऊपर है। इमरान खान अपनी हत्या की आशंका व्यक्त कर चुके हैं और यह आशंका कभी भी वास्तविकता में बदल सकती है। भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान से सामान्य संबंध चाहता, पर अच्छे रिश्तों के लिए बॉर्डर इलाकों में अमन चैन जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाक-चीन को यह कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्रसंघ व सुरक्षा परिषद को भी नजर रखनी चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### परंपरागत खेल

**भारत** ऐतिहासिक परंपराओं का देश है। धार्मिक, सामाजिक आदि परंपराओं के कारण इसी भारतीयता के दर्शन पूरी दुनिया में होते हैं। ऐसे में हमारी कला और संस्कृति को जिंदा रखना बड़ी जवाबदारी है। तमिलनाडु में जल्लीकट्टू की परंपरा को पशु क्रूरता अधिनियम के दायरे से बाहर बताकर सर्वोच्च अदालत ने इसके भविष्य को लेकर मंडराते खतरों को लगभग खत्म ही कर दिया है। अदालत ने इस खेल को विरासत और संस्कृति का हिस्सा बताकर उसकी प्रामाणिकता पर मुहर लगा दी है। अदालत का यह मानना है कि बदलावों के चलते पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता और पीड़ा तथा यातनाओं में कमी आई है जो दोनों तरफ से राहत देने वाली बात है। अब आगे भी यह परंपरा इसी तरह के मानदंडों के तहत जारी रहे तो सांस्कृतिक रक्षण के साथ ही परंपराएं भी जीवित रह सकेगी। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला अंततः उन जन भावनाओं की भी जीत है जिनको कुछ अति-आधुनिक पशु क्रूरता के नाम पर कुचलने का प्रयास कर रहे थे। विडंबना है कि विदेशों में भी ऐसे खेलों की कमी नहीं है, पर उन पर सवाल नहीं उठते हैं।

–**अमृतलाल मारू,** इन्दौर

### मेघवाल को महत्व

**राजस्थान** के लोकप्रिय दलित नेता अर्जुन मेघवाल को कानून मंत्री बना कर देश के प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह राजस्थान मे सत्ता परिवर्तन करके सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। यहां भाजपा को प्रबल संभावनाएं नजर आ रही हैं क्योंकि कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट ने विद्रोह कर दिया है और ताबड़तोड़ रैलियां कर शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा वे नई पार्टी बनाने जा रहे हैं या नहीं। राजस्थान में गहलोत शासनकाल में दलित समुदाय पर सबसे ज्यादा जघन्य अत्याचार देखने को मिले हैं। शायद गहलोत भाजपा नेतृत्व द्वारा मेघवाल को महत्व दिए जाने से आशंकित हैं। इसी कारण उन्होंने कहा है कि मेघवाल जैसे वरिष्ठ नेता को कैबिनेट मंत्री बनाना चाहिए था। भाजपा ने राजस्थान के कई नेताओं को महत्वपूर्ण पद दिए हैं जिनमें गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हैं। देखना होगा कि विधानसभा चुनाव तक भाजपा केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल राजस्थानी नेताओं का किस प्रकार लाभ उठाने तथा समन्वय बनाने का प्रयास करती है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण करें अधिकारी

## ● पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगाः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश यहां गोरखनाथ मंदिर स्थित दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लोगों से यह भी कहा, घबराएं नहीं क्योंकि सरकार उनकी है और उनके लिए ही है। हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने और उनके सभी मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं पर गौर करने और उनकी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक निवारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परिवारों के बीच संपत्ति विवाद के मामलों में मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार के दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर कानून के अनुसार विवाद का समाधान किया जाए। उन्होंने किसी की जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इलाज में होने वाले खर्च का आकलन तेजी से करें और सरकार को जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं ताकि सरकार जल्द से जल्द राशि जारी कर सके। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में जनसुनवाई करते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक फरियादी के पास जाकर उसकी समस्या सुनने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को उस समस्या के निस्तारण के लिए भी निर्देशित करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता दर्शन के उपरान्त इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि जन सुनवाई के बाद आए हुए प्रार्थना पत्रों पर अधिकारियों ने कार्रवाई की या फिर नही की। इस मामले पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरा ध्यान रहता है। इसी के चलते इस काम का बखूबी अंजाम देने के लिए अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 5131679 वाद निस्तारित

**लखनऊ।** सदस्य सचिव यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह प्रथम ने बताया कि कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन व न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल निर्देशन में रविवार को सम्पूर्ण प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गयी।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु 10 मई 2023 को सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह प्रथम द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समस्त नोडल अधिकारीए राष्ट्रीय लोक अदालतए दीवानी न्यायाल व समस्त सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं समस्त मुख्य न्यायिक मजिस्टेटए दीवानी न्यायालयए उत्तर प्रदेश से विशेष रूप से न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य सचिव, यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह प्रथम ने बताया कि 17 मई 2023 को प्रमुख सचिव, गृह यूपी शासन की अध्यक्षता में प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की वर्चुवल मीटिंग में न्यायालयों में लम्बित एवं प्री.लिटिगेशन वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु अपने स्तर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग एवं सामन्जस्य स्थापित करने एवं सक्रिय रूप में वर्तमान राष्ट्रीय लोक अदालत में भी विगत लोक अदालतों की भाँति अधिक से अधिक संख्या में वादों के निस्तारण को सुनिश्चित करते हुए इस लोक अदालत की सफलता हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य सचिव यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह प्रथम ने बताया कि प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के सहयोग से विगत कई बार से देश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों में उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण भारत वर्ष में वादों के निस्तारण में निरंतर प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा इन लोक अदालतों में राष्ट्रीय स्तर पर निस्तारित कुल वादों में से लगभग आधे वादों का निस्तारण अकेले उत्तर प्रदेश राज्य में किया गया है।

सदस्य सचिव यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजय सिंह प्रथम ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार सायं 6 बजे तक उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत रविवार को 5131679 वाद निस्तारित किये गए। निस्तारित वादों में 4639982 प्री.लिटिगेशन वाद, 405474 लम्बित वाद, 86223 विशेष लोक अदालत (लघु आपराधिक वाद) निस्तारित हुए। लम्बित एवं प्री.लिटिगेशन वादों के निस्तारण की अन्तिम संख्या अभी प्रतीक्षित है।

## 9.6 करोड़ रुपए मूल्य की चरस बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ/महाराजगंज।** बरगदवा थाना इलाके में पुलिस ने बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16 किलोग्राम चरस बरामद किया जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 9.6 करोड़ रुपए बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने रविवार को बताया कि एक विशेष जांच दल ने गुप्त सूचना के आधार पर फरेंदा मार्ग, सिसवा अमहवा मोड़ के पास दो लोगों को पकड़ा और 16 किलोग्राम चरस बरामद किया, जिसे दो बैग में रखा गया था। एक आरोपी दीपेंद्र बहादुर (28) नेपाल का निवासी है, जबकि जीवन (25) नामक दूसरा आरोपी महराजगंज जिले के बरगदवा का रहनेवाला है। पुलिस ने संदेह जताया है कि पकड़े गए दोनों युवक मादक पदार्थ के आपूर्ति वाहक हैं लेकिन यह रैकेट कहीं और से संचालित किया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में गिरोह के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# सरकार की सही नीयत व नीति के अभाव के चलते हालात नहीं सुधर रहेः मायावती

## ● पार्टी में यंग ब्लड को जोड़कर आगे की रणनीति बनाने की जरूरतः बसपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बहुजन समाज पार्टी** की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राज्यों व केन्द्र शासित क्षेत्रों में करोड़ों गरीबों, मजदूरों, उपेक्षितों-शोषितों के जीवन में आपेक्षित बेहतरी की बजाय, उनके हालात बदतर होते जाने पर चिन्ता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि गरीबों, मेहनतकशों व अन्य उपेक्षित समाज के आपेक्षित सामाजिक विकास व आर्थिक तरक्की के सम्बंध में सरकार की सही नीयत व नीति के अभाव के कारण ही इनके हालात अभी तक सही से सुधर नहीं पा रहे हैं जो सरकारों के बहुप्रचारित विकास के दावे को खोखला साबित करता है।

रविवार को दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और झारखण्ड में पार्टी संगठन की गतिविधियों तथा पार्टी के जनाधार को वहाँ बढ़ाने आदि सम्बंधी कार्यकलापों के बारे में वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिम्मेदार लोगों के साथ बसपा सुप्रीमो ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देश या राज्यों में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, खासकर करोड़ों एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समाज के लोगों को न्याय व बराबरी के उनके संवैधानिक हक से वंचित रखना तथा शिक्षा व सरकारी नौकरी में आरक्षण के जरिये उनका जीवन थोड़ा संतृप्त करने के मामले में उनकी उपेक्षा से लोगों में बेचैनी है, जो उनकी चिन्ताओं को और गंभीर बना रही है। साथ ही, विभिन्न सरकारों द्वारा सरकारी नौकरी में आरक्षण को जिस प्रकार से निष्क्रीय व निष्प्रभावी बना दिया गया है वह एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के परिवारों को उद्वेलित कर रहा है। बैकलॉग के नहीं भरे जाने से भी इनका सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ा है। ऐसे में उनके बीच बीएसपी को अपना मिशनरी प्रयास और तेज व तीव्र करना होगा। मायावती ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मामले में केन्द्र व दिल्ली की सरकार के बीच आपसी अविश्वास, असहयोग एवं टकराव के काफी तूल पकड़ने से वहाँ रहने वाले लोगों में भी खासकर गरीबों, छोटे व्यापारियों व अन्य मेहनतकश समाज के लोगों का हित व कल्याण लगातार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। जबकि दिल्ली को केन्द्र व दिल्ली की सरकार के बीच आपसी सहयोग, तालमेल व विकास का उत्तम नमूना होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जहाँ तक जम्मू-कश्मीर का मामला है वहाँ आपेक्षित विकास, शान्ति, स्थिरता, विधानसभा आमचुनाव आदि के बारे में चर्चा होने की बजाय वहाँ भी भ्रष्टाचार, सरकारी पद के दुरुपयोग आदि के चर्चे ही मीडिया में ज्यादातर छाये रहते हैं। इसके अलावा, वैसे तो वहाँ सभी राजनीतिक गतिविधियाँ ज्यादातर ठप्प पड़ी हुई हैं, किन्तु जम्मू-कश्मीर में पार्टी के लोगों को अपनी राजनीतिक सरगर्मी पर समुचित ध्यान देने की जरूरत है तथा अपनी पार्टी की तैयारी पूरी रखनी चाहिए क्योंकि और अधिक समय तक चुनाव को टालते रहने के बजाय वहाँ विधान सभा का आम चुनाव आने वाले वक्त में कभी भी संभव है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में विधानसभा आमचुनाव के बाद वहाँ सरकार का बदलना इस बात को साबित करता है कि आम जनता अपनी समस्याओं कं प्रति जागरुक है।

### जनहित को प्रभावित करता है करेन्सी में जल्द बदलाव

आरबीआई द्वारा 2000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा किये जाने पर केन्द्र सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर है। बसपा सुप्रीमो ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि करेन्सी व उसकी विश्व बाजार में कीमत का सम्बंध देश का हित व प्रतिष्ठा से जुड़ा होने के कारण इसमें जल्दी-जल्दी बदलाव करना जनहित को सीधे तौर पर प्रभावित करता है्। इसीलिए ऐसा करने से पहले इसके प्रभाव व परिणाम पर समुचित अध्ययन जरूरी। सरकार इस पर जरूर ध्यान दे।



गोरखनाथ मन्दिर में पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# ऋषियों से मानवता को मिला योग अमूल्य उपहार हैःदुर्गा शंकर मिश्र



## ● मुख्य सचिव ने राम चंद्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट में नवीनीकृत मेडिटेशन हॉल का शुभारंभ एवं योग महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आईआईएम रोड स्थित राम चंद्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट में नवीनीकृत हार्टफुलनेस मेडिटेशन हॉल का शुभारंभ किया एवं योग महोत्सव में भाग लेने वाले स्कूल और कॉलेज के छात्र.छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग हमारे ऋषियों द्वारा मानवता को मिला ऐसा अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व ने योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन पूरे विश्व में लोग योग अभ्यास करते हैं। राज योग के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि राज योग के बहुत से स्वरूप है। राज योग का अर्थ शरीर के अंग से है। ध्यान केन्द्रित और प्रणायाम के माध्यम से हम अपने दिमाग को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग कर्मसु कौशलम्श् अर्थात योग से हमें कर्मों में कुशलता आती है। यह न केवल हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है बल्कि तन.मन से स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाकर स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। हमारी लाइफस्टाइल पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए। लोगों को योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और आस पास के लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य सचिव ने इंस्टिट्यूट और बीएमए गौशाला का भी भ्रमण किया तथा परिसर में पौधा भी रोपित किया।

इस दौरान हार्टफुलनेस संस्था की लखनऊ जोन कोऑर्डिनेटर व सेंटर इंचार्ज शालिनी मेहरोत्रा ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि समाज के सभी वर्गों को इसका निरूशुल्क लाभ दिया जा रहा है। नियमित दिनचर्या में ध्यान को शामिल कर तनाव मुक्त जीवनयापन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नवीनीकृत हार्टफुलनेस मेडिटेशन हॉल आम लोगों के लिए अधिक जनोपयोगी व सुविधाजनक साबित होगाए समय.समय पर यहां पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

योग महोत्सव का आयोजन अलीगंज स्थित एलडीए फुटबॉल स्टेडियम में 7 से 9 अप्रैल 2023 को किया गया था। संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय मार्गदर्शक पद्मभूषण से सम्मानित कमलेश डी. पटेल दाजी की मूल अवधारणा एवं संरचना में तीन दिवसीय इस महोत्सव में सुबह व शाम को मिलाकर कुल 5 सत्रों में लगभग 10 हजार लोगों ने प्रतिभाग किया था। लखनऊ विवि केजीएमयू, एमिटी यूनिवर्सिटी इरा विश्वविद्यालय, बीबीडीय, केंद्रीय विद्यालय, बाल निकुंज महाविद्यालय, कैरियर कान्वेंट कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, टीनी टॉट्स कॉन्वेंट स्कूल, यूनिवर्सल पब्लिक इंटर कॉलेज आस्था किरण संस्थान, दिव्य आशीष योग संस्थान, डाक विभाग व आईसीडीएस की इस प्रतिभागिता महोत्सव में मुख्य रूप से रही। आईआईएम रोड पर स्थित रामचन्द्र मिशन के हार्टफुलनेस संस्थान के भव्य मेडिटेशन हॉल में हजार से अधिक लोग एक साथ ध्यान कर सकते हैं। संस्थान में नियमित प्रातः व सायं ध्यान के साथ कई गतिविधियों का समय समय पर आयोजन किया जाता है। मेडिटेशन हॉल को जनोपयोगी और अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। इस अवसर पर मिशन के सेक्रेटरी रिटायर्ड आईजी उमाशंकर बाजपेई, जीसी भटनागर, वाई एस चौहान, दिनेश मिश्रा समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आईपीएल फैन पार्क का गाजीपुर जनपद में किया गया उद्घाटन

**लखनऊ/गाजीपुर।** स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में 20 मई से शुरू हुए दो दिवसीय आईपीएल फैन पार्क का उद्घाटन जिलाधिकारी अर्याका अखौरी के कर.कमलों द्वारा फीता काटकर हुआ। खेले गए दिल्ली कैपिटल तथा चेन्नई सुपरकिंग्स के पहले मैच के दौरान नगरपालिका अध्यक्षा सरिता अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मैच के लंच टाइम में मुख्य अतिथि सरिता अग्रवाल ने लकी ड्रा निकला।



इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने वक्तव्य में अग्रवाल ने गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम व सौहार्द को विशेष बल मिलता है। इस अवसर पर जीडीसीए के तरफ से अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा सचिव डॉ0 उमेश चन्द्र राय ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान कर ससम्मान स्वागत किया। शाम को खेले गए कोलकाता नाइट राइडर्स तथा लखनऊ सुपर जायंट के बीच दूसरे मैच के दौरान जनपद की जिलाधिकारी अर्याका अखौरी मुख्य अतिथि तथा संतोष कुमार वैश्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी महोदया ने अपने वक्तव्य में जीडीसीए के मुख्य संरक्षक व यूपीसीए अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह तथा जनपद में कार्यरत जीडीसीए अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम की तारीफ़ करते हुए कहा कि इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए किये गए प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि जनपद में इस प्रकार के भी आयोजन किया जाना सम्भव होगा। मैच के दौरान समय समय पर अतिथिगण तथा क्रिकेट परफॉरमेंस सेण्टर के अध्यक्ष व जीडीसीए सदस्य वैभव सिंह ने लकी ड्रा निकाला। अंतिम लकी ड्रा एसडीएम प्रतिभा मिश्र व क्षेत्राधिकारी सदर गौरव कुमार ने निकाला। इस दौरान भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के पर्यवेक्षक एल्विन गायकवाड़ ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह सहित जीडीसीए अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा क्रिकेट परफॉरमेंस सेण्टर के अध्यक्ष व जीडीसीए सदस्य वैभव सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया की पहले दिन कुल 8669 दर्शकों ने आईपीएल फैन पार्क का लुफ्त उठाया जिसमें 6664 पुरुषए 768 महिलाए 1112 बालक.बालिकाएं तथा 125 विशिष्टजन शामिल थे।

# यूपी में बड़े पैमाने पर है विद्युत संकटः अखिलेश यादव

## ● अघोषित बिजली कटौती होना भाजपा सरकार की खासियतः सपा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में भीषण गर्मी से लोग परेशान है, आग बरस रही है और पारा चढ़ता ही जा रहा है। जनता परेशान है पर भाजपा सरकार की संवेदनहीनता की हद यह है कि वह बिजली संकट के समाधान की दिशा में कुछ नहीं कर रही है। जब राजधानी लखनऊ में ही बिजली अक्सर गायब रहने लगी है तो अन्य जनपदों के हालात के बारे में क्या कहना। बिजली विभाग जनता को लूटने का काम कर रहा है। गलत रीडिंग भेजकर जनता से खपत से ज्यादा बिल की वसूली करता है, जब लोग शिकायत करते हैं तो जांच के नाम पर उल्टे शिकायतकर्ता को ही परेशान करने के हथकंडे अपनाए जाते हैं। गलती से बिल ज्यादा ही क्यों आता है, कम क्यों नहीं आता। उप्र में बिजली संकट से व्यापारी परेशान है। छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। किसान की फसल बर्बाद हो रही है। घरों में सबसे ज्यादा परेशान बच्चे और महिलाएं हो रही है। घर में कूलर और एसी कैसे चलें जब बिजली की आवाजाही ही होती रहेघ् ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या बन गई है। इस समय मक्का की फसल खेतों में खड़ी है। इसको पानी की ज्यादा जरूरत है पर बिजली दो.तीन घंटे ही आती है। हर वर्ष गर्मी बढ़ने के साथ अघोषित बिजली कटौती होना भाजपा सरकार की खासियत है। अधिकारी लाईने ओवरलोड होने की बात करते है पर उसका इंतजाम नहीं करते हैं। इन दिनों ट्रांसफार्मर फुंकने की भी खबरें आ रही हैं। इनके रखरखाव में लापरवाही और उपकरणों की गुणवत्ता में खराबी देखने वाला कोई नहीं। अखिलेश ने कहा कि उप्र में भाजपा सरकार ने अपने छह वर्ष के कार्यकाल में एक ही काम किया है, समाजवादी सरकार के कामों पर अपने नाम की मुहर लगाना या फिर उन्हें बर्बाद कर देना। समाजवादी सरकार ने बिजली संकट के समाधान के लिए नए बिजली घर बनाए, लाईन लास कम किया, अण्डरग्राउण्ड केबिल डाले, निश्चित समय में ट्रांसफार्मर बदलने का नियम बनाया और सौर ऊर्जा का क्षेत्र भी बढ़ाया। भाजपा ने अपने पूरे कार्यकाल में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया। मुख्यमंत्री अपने शासनकाल की कथित उपलब्धियों को विश्वस्तरीय बताते रहते है, दूसरे प्रदेशों में भी जाकर हवाई दावे करते रहते हैंए पर उप्र में उनकी पोल तो तब खुल जाती है जब सरकारी कार्यक्रमों में भी बिजली ऐन मौके पर गुल हो जाती है।

## गोलीबारी में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ/बलिया।** बलिया जिले के महादनपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान जश्न में की गई गोलीबारी में गोली लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को गंभीर स्थिति में वाराणसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहतवार थाना क्षेत्र के महादनपुर गांव के सतिराम की पुत्री की बारात पड़ोस के गांव फिरोजपुर से शनिवार की रात आई हुई थी। द्वारपूजा के दौरान बारात देखने आया राकेश यादव नामक युवक तमंचा से फायर करने लगा और फायर मिस हो गया, लेकिन चेक करने के दौरान गोली चल गई। गोली राकेश के हाथ को छेद करने के बाद एक अन्य युवक दीपक यादव के पेट में लग गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखकर चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

# देशभर में फासिस्टवादी ताकते सदैव सत्ता पर काबिज रहना चाहती हैंः खाबरी

## ● कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को पार्टी मुख्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर की उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व सर्वधर्म शांति पाठ आयोजित कर श्रद्धापूर्वक याद किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कांग्रेसजनों के साथ कालिदास मार्ग स्थित राजीव गांधी पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव चौक पर स्थित प्रतिमा पर भी कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण किया। पार्टी मुख्यालय में सर्व धर्म शांति पाठ भी आयोजित किया गया। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं नकुल दुबे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष खाबरी ने कहा कि देश की एकता अखंडता के लिए शहादत देने वाले राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान दिलाई है।



सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए राजीव गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। औद्योगिक विकास एवं कंप्यूटर क्षेत्र में उनके द्वारा लाई गई क्रांति का ही नतीजा है कि आज वैशविक स्तर पर भारतीय कंप्यूटर दक्ष युवाओं का डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

खाबरी ने बताया कि 18 वर्ष के भारतीय युवाओं को मिला मताधिकार और ग्रामीण महिलाओं को मिला सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सम्मान राजीव गांधी द्वारा चलाये गये क्रांतिकारी कार्यक्रमों से ही फलीभूत हो सका है। राजीव गांधी द्वारा भारतीय शिक्षा को नया आयाम देने के लिए देश भर में सात सौ से अधिक जवाहर नवोदय विद्यालयों द्वारा आवासीय शिक्षा देने की व्यवस्था दी गई। जिसके माध्यम से आज भी गरीब छात्रों को बारहवीं तक मुफ्त शिक्षा दी जा रही जो कि राजीव गांधी की दूरगामी व विकासपरक सोच का ही परिणाम है। भावांजलि प्रस्तुत करते हुए कांग्रेसजनों को संदेश देते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण और विकसित भारत बनाने की दिशा में मजबूत फैसले लेते समय राजीव ने कभी भी अपनी जान की परवाह नहीं किया। दुनिया में प्रेम बंधुत्व और शांति का भारत देश बनाने के लिए उन्होंने अंततः अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। आज देशभर में नफरत और विघटन का माहौल बना कर फिरकापरस्त और फासिस्टवादी ताकते सदैव सत्ता पर काबिज रहना चाहती हैं। आज भी राजीव के सपने को दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करने के लिए पूरे देश का कांग्रेस परिवार, उनकी धर्मपत्नी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया के बेटे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल और उनकी बेटी राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी प्रियंका ईमानदारी त्याग और मेहनत के साथ पूरी शिद्दत से जुटे हैं।

# आरपीएफ ने ऑटो पकड़कर किये बंद चालकों का जंक्शन पर जोरदार प्रदर्शन



**बरेली।** बरेली मे आज एकाएक ऑटो चालकों की हड़ताल से बरेली जंक्शन के बहार हड़कंप सा मच गया जब इस बात की भनक ऑटो चालक वेलफेयर एसोसिएशन को लगी तो एसोसिएशन के लोगो ने ऑटो चालकों के साथ प्रदर्शन करने के लिए, मौके पर पहुंच कर आरपीएफपुलिस से बात करनी चाही लेकिन ऑटो चालाको को रेलवे पुलिस की ओर से कोई संतुष्टि नही मिल पाई ऑटो चालको ने रेलवे पुलिस पर आरोप लगाया है की ये रोज हमारे आठ से दस ऑटो कोतवाली क्षेत्र से पकड़ कर उन्हे वेंडर बताकर और ये कहकर पकड़ लिया जाता है की कहते है वो प्लेटफॉर्म से पकड़े गये है, ऑटो चालाको का कहना है रेलवे पुलिस की इस मनमानी से ऑटो चालको को रोज भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि ऑटो चालको का कहना है हमारा जुर्माना मजिस्ट्रेट साहब के यहाँ दो सौ या ढाई सौ रुपये जाता है बाकी पैसा रेलवे पुलिस और वकील की साँठ गाँठ से आपस मे बांट लिया जाता है।

जब ऑटो चालको ने इसका विरोध किया तो रेलवे पुलिस का कहना है अगर ज्यादा परेशान करोगे तो रेलवे का लोहा तुम्हारे ऑटो मे रखकर जेल भिजवा देंगे फिर लड़ते रहना मुकदमा जीवन भर रेलवे पुलिस की इस कार्यशैली से नाखुश होकर आज ऑटो चालाको ने बरेली जंक्शन पर भारी तादात मे इकठ्ठा होकर रेलवे पुलिस का विरोध किया और जंक्शन के बहार ही हड़ताल करके धरने पर बैठ गये ऑटो चालाको का कहना है हमारे लिए कोई स्टैंड बरेली मे बनाया नही गया है लेकिन शहर मे चलने वाली एसी बस को हर जगह सवारी भरने और उतरने की अनुमति है और उन पर कोई कार्यवाही भी नही की जाती ना ही कोई जुर्माना डाला जाता है बस हम ऑटो वालो को आय दिन पकड़ कर हमसे भारी जुर्माना वसूला जा रहा है जिसके विरोध मे हम लगातार धरना देते रहेंगे।

## ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**संवाददाता।** बरेली

**चलती** ट्रेन से गिरकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कटका निवासी 25 वर्षीय अजीत कुमार को पुलिस ने इलाज के लिए घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल के परिजनों ने बताया कि अजीत पंजाब स्थिति के टाइल्स बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है और कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने घर आया था जहां से पंजाब जाने के लिएआज सुबह वह पुवाया से ट्रेन पर सवार हुआ था लेकिन जब उसकी ट्रेन बरेली में किला थाना क्षेत्र के कटघर इलाके में पहुंची तो उसे नींद की झपकी आ गई और वह ट्रेन से नीचे गिर कर घायल हो गया मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घरवालों को सूचना दे दी।

## डीएम ने पीएम किसान सम्मान निधि के संबंध में की गहन मंत्रणा

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 22 मई, 2023 से 10 जून 2023 तक ग्राम पंचायत स्तरीय अभियान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जो भी पात्र कृषक अवशेष रह गए हैं उनको उक्त योजना से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 22 मई से 10 जून, 2023 के मध्य लगने वाले कैम्पों में लेखपाल, कृषि विभाग, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी, ग्राम विकास अधिकारी, कॉमन सर्विस सेंटर एवं इण्डियन पोस्ट पेमेंट बैंक के अधिकारी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र कृषक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित न रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि कैम्पों के आयोजन के समय पात्र कृषक पंजीकरण करने में छूट गया हो उनका पंजीकरण किया जाए, जिसका पंजीकरण हो चुका है उसका मौके पर सत्यापन कराया जाए, जिसका आधार फीड नहीं हुआ है उनका आधार फीडिंग एवं ई केवाईसी भी मौके पर किए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में समस्त एसडीएम, वनाधिकारी, डीसी मनरेगा, उप निदेशक पशुपालन, सीएमओ, समस्त बीडीओ, समस्त पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पड़ोसी ने छात्रा को दी तेजाब डालने की धमकी

**बरेली।** पड़ोस में रहने वाले एक युवक से परेशान छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया फिर भी पड़ोसी ने उस पर तेजाब डालने की धमकी दी तब छात्रा आज अपनी मां के एसएसपी से मिलने पहुंची और कार्रवाई की मांग। किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले मे रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा ने बताया की उसकी मां कुछ दिन पहले दवा लेने गई गई थी इसी दौरान आरोपी युवक उसके घर में घुस आया उसके साथ गलत काम करने की नियत से चारपाई पर धक्का दे दिया छात्रा के शोर मचाने पर लोग वहां एकत्र हो गए तब आरोपी युवक उसे जान से मारने व तेजाब डालने की धमकी देकर फरार हो गया। शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 2 दिन थाने में बैठा कर छोड़ दिया इसके बाद आरोपी अक्सर अपनी छत पर खड़े होकर छात्रा को देखकर अश्लील हरकतें करता है वह 4 साल से आरोपी से परेशान है और उसके डर से घर से निकलना छोड़ दिया है 4 साल से वह स्कूल भी नहीं जा पा रही उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हुई है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छात्र की हुई मौत

**संवाददाता।** बरेली

**मोटरसाइकिल** सवार एक छात्र को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी छात्र की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाना क्षेत्र के गांव अवादानपुर स्थित अपने ननिहाल में बचपन से ही रह रहे बदायूं के कोतवाली थाना क्षेत्र के अल्फा सराय निवासी हीरालाल के 20 वर्षीय बेटे अंकुश की आज दोपहर आंवला के पुराना ढाल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक नाना लालता प्रसाद ने बताया कि अंकुश की मां प्रेमवती का निधन कई साल पूर्ण हो गया था।

उस समय अंकुश काफी छोटा था माता के निधन के बाद वह ननिहाल में ही रहने लगा और सिरौली थाना क्षेत्र में स्थित गुलरिया गौरीशंकर डिग्री कॉलेज में बीएससी एग्रीकल्चर फाइनल ईयर का छात्र था आज सुबह वह अपने किसी काम से आंवला मंडी गया था जहां से वापस लौटते समय पुरैना ढाल के पास तेजी से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाले ट्रक और उसके चालक को पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा और घरवालों को सूचना दे दी जहां से नाना लालता प्रसाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

# मेयर डॉ उमेश गौतम ने मेयर बनने पर कायस्थों का किया सम्मान

**संवाददाता।** बरेली



**उत्तर प्रदेश** निकाय चुनाव मे भाजपा ने मेयर की सभी 17 शीटो पर कमल खिला कर रेकॉर्ड जीत दर्ज की.इसी क्रम मे बरेली नगर निगम में भाजपा का दबदबा पहले की ही तरह कायम रहा । जहां भाजपा के डा उमेश गौतम रिकार्ड वोट लेकर दोबारा मेयर की कुर्सी पर काबिज हुए हैं। उनकी इस जीत मे बरेली के हर समाज का योग दान रहा. वही इस जीत मे बरेली के कायस्थ समाज का बड़ा योगदान रहा है .बरेली के , 850000 वोटर्स मे से 130000 वोटरों की बड़ी संख्या कायस्थ समाज की है. बरेली के हर चुनाव मे सभी राजनैतिक पार्टियों की निघाएँ कायस्थ समाज के इस बड़े वोट बैंक पर रहती है और कायस्थ समाज के वोटो का झुकाव किसी भी पार्टी की जीत को सुनिश्चित करता है । इस मेयर चुनाव मे भी सजातीय बंधु, संजीव सक्सेना का टिकट वापस होने पर कायस्थ समाज अक्रोशित हुआ था और कायस्थ समाज के ष् 'हम कायस्थ' ष् और 'अखिल भारतीय कायस्थ महासभा' ने भा ज पा के मेयर पद के उमीदवार डा उमेश गौतम को अपना समर्थन दिया था और आश्वस्त किया था की कायस्थ वोटों को उनकी झोली में डालकर रिकॉर्ड तोड जीत दिलाएंगे और हर संभव प्रयास किया. नतीजन डा उमेश गौतम ने 56000 वोटो के बड़े अंतर से बरेली नगर निगम के मेयर की शीट अपने नाम कर ली.महापौर ने कायस्थ समाज के इस बड़े योगदान को सम्मान देने के लिए 'हम कायस्थ' संस्था के मेंबर्स को अपने सिटी ऑफिस पर आमंत्रित कर सभी साथियों को शाल उड़ा कर उनका सम्मान कर धन्यवाद अदा किया.और बरेली मे होने वाले विकास कार्यो पर चर्चा की. इस मौके पर संस्थापक अंकुर किशोर सक्सेना , शिव कुमार बरतरिया, डॉ पूर्णिमा अनिल, डॉ अमित चौधरी, डॉ अतुल श्रीवास्तव विकास सक्सेना, अभिषेक सक्सेना डॉ शिवम कमठान, रोहित रेक्रीवाल, दिनेश्वर दयाल सक्सेना, अजय प्रताप सक्सेना, अलंकृत सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**सीतापुर।** कायस्थ कल्याण संस्थान सीतापुर की तरफसे आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को हुआ। आरएमपी डिग्री कालेज प्रांगण मे संस्थान के बच्चों के लिए 50 व 100 मीटर दौड़, तीन पैर , मेढक, नीबू दौड़, कला एंव रंगोली के अलावा महिलाओं और पुरुषों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्थान को अध्यक्ष सुजीत श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान प्रतिवर्ष ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। कायस्त कल्याण संस्थान की तरफसे डाक्टर राजकुमार श्रीवास्तव की क्लीनिक पर एक शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को कृतिम उपकरण प्रदान किए गए। शिविर में 25 दिव्यांगों को कृतिम हाथ और पैर लगाए गए। यह कार्य मंगलम संस्था द्वारा डाक्टरो की टीम की तरफसे कराया गया।

### ध्वज यात्रा व भण्डारे का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** रविवार को कजियारा स्थित श्री शिव संकटमोचन मंदिर से एक ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान हाथों में ध्वज लेकर रामभक्तो ने जय श्रीराम का जय घोष किया मंगलवार को 16वें हनुमान महोत्सव के तहत कजियारा स्थित श्रीशिव संकटमोचन मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें पांच हजार से ज्यादा श्रद्धालु प्रसाद छकेंगें। महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में इंडियन आइडल के गायक शोभित कुमार द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का गुणगान किया जाएगा। मंदिर सेवा परिवार द्वारा तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

### स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीतापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीवगांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंली अर्पित कर नमन किया गया। शहर कांग्रेस कार्यालय,घंटाघर पर शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव ने राजीव गांधी को श्राद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि भारत में सूचना क्रांति की देन राजीव गांधी की है। डिजिटल इंडिया की नीव राजीव गांधी के कार्यकाल में रख दी गई थी। कार्यालय पर पीसीसी सदस्य अल्पना सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कयूम अंसारी, संजय दीक्षित, राजेन्द्र निगम, उपदेश गुप्ता, संजय सनी, अमर सिंह राना, शबनम, पीयूष मिश्रा, अजय पटेल, राजेन्द्र सिंह, श्रवण राठौर, गुरुशरण, रामखेलावन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### लहरपुर में बागेश्वरनाथ धाम तीर्थ यात्रियों का हुआ स्वागत

**सीतापुर।** लहरपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर बाबा बागेश्वरनाथ धाम तीर्थ यात्रा पर साईकिल से जा रहे यात्रियों का स्वागत किया गया। यात्रा पर नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी कुलदीप कश्यप और रिंकू कश्यप साईकिल से जा रहे है। इसकी जानकारी जब स्थानीय नागरिको को हुई तो उन्होने यात्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वागत किया। श्रीनारायण राकेश कुमार, शिवम टंडन, सभासद विजय कश्यप, प्रधाम विवेक शुक्ला सहित कई नागरिक मौजूद रहे। नागरिको ने स्वागत में विभिन्न मंदिरों से होते हुए बालाजी मंदिर तक यात्रा निकाली और गुलाल उड़ाया।

### वाहन स्वामी किसी भी जनपद में करा सकेंगे वाहनों की फिटनेस

**सीतापुर।** परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी सहूलियत दी है। वाहन स्वामी अपने वाहनों का फिटनेस अब किसी भी जनपद में करा सकेंगें। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने बताया की इस संबन्ध में विभागीय निर्देश मिले है साफ्टवेयर अपडेट होने के साथ ही सुविधा मिलेगी।

### ट्रेन में यात्रा कर रहा युवक हुआ घायल

**बरेली।** ट्रेन के दरवाजे पर बैठे युवक का पैर अचानक प्लेटफार्म से टकरा गया जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बुलंदशहर के अगौता थाना क्षेत्र के गांव साहिल नगर निवासी 35 वर्षीय शाहिद खां पुत्र शब्बीर खां को आज सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शाहिद ने बताया कि वह लखनऊ में एक मोबाइल फोन टावर पर काम करता है और कुछ दिन पहले काम से छुट्टी लेकर अपने घर गया था जहां से आज वापस लखनऊ जाने के लिए बुलंदशहर से ट्रेन पर सवार हुआ था उसकी ट्रेन जब रेलवे जंक्शन बरेली पहुंची तो वह बोगी के दरवाजे पर बैठा था क्योंकि बोगी में काफी भीड़ थी ट्रेन जब प्लेटफार्म के पास से गुजरी तो उसके दोनों पैर प्लेटफार्म ट्रेन पर बीच में आ गए जिससे वह घायल हो गया घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और घरवालों को सूचना दी।

### युवक को बंधक बनाकर लूटा

**बरेली।** रात के समय मजदूरी करके घर लौट रहे दो युवकों को को अज्ञात बदमाशों ने बंधक बनाकर मोबाइल फोन पर रुपए लूट लिए घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है।कैंट थाना क्षेत्र के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी शकील खान पुत्र बशीर खान और गांव पर ही रहने वाले उसके साथी नजाकत अली खान पुत्र लियाकत अली खान को सदर स्थित नकटिया पुल के पास बदमाशों ने बंधक बनाकर 2000 रुपए और दो मोबाइल फोन लूट लिए घटना के शिकार युवकों ने बताया कि वह दोनों डेलापीर मंडी में काम करते हैं और बीती रात लगभग 8 बजे दोनों अपने घर जाने के लिए मंडी से चले थे लेकिन जब वह सदर के नकटिया पुल के पास पहुंचे तो हथियारबंद 4 बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए बंधक बना लिया और उनके पास रखे 2000 व दो मोबाइल फोन लूट लिए और फरार हो गए उनके जाने के बाद दोनों युवकों ने अपने घरवालों को सूचना दी जो उन्हें थाने लेकर पहुंचे और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी।

### पिता को खाना देने गई तीन लड़कियां शारदा में डूबी

**पलिया कलां.खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के पिपरिया के मजरा बंशीनगर की तीन लड़कियां शारदा नदी में डूबी 2 के शव मिले एक की तलाश जारी। रविवार को थाना भीरा क्षेत्र में समय करीब 12:30 बजे शारदा नदी में तीन लड़कियां नहाते समय डूब गई। यह भी बताया जा रहा है कि यह लड़कियां खेत में खाना देने गई थी। वहीं पर नदी पड़ोस में होने के कारण नहाने लगी। जिसमें 1.चंपा देवी पुत्री रामनारायण उम्र 17 साल निवासी बंसी नगर थाना भीरा 2. सीमा देवी पुत्री राजेश उम्र 15 साल निवासी सुजानपुर थाना निघासन की डूबकर मृत्यु हो गई है यह सीमा देवी निवासी सुजानपुर रिश्तेदारी में बंसी नगर में आई थी। डूबी लड़कियों को गांव वालों की मदद से बाहर निकाला। 3 करिश्मा पुत्री दिनेश उम्र 16 साल निवासी बंसी नगर भीरा की खोज की जा रही है। करिश्मा की डेड बॉडी अभी नदी से नहीं मिली है।

### मेला में सुरक्षा की दृष्टि से लगी पुलिस

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर कौन में लगाया गया भैरिया मेला। मेला में सुरक्षा की दृष्टि से जेल चैकी इंचार्ज दुगेश शर्मा मेले की सुरक्षा कर रहे है। मेले में झूला विभिन्न प्रकार के दुकानदारों द्वारा स्टाल लगाए गए। मेले में किसी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए कोतवाली सदर क्षेत्र की पुलिस ड्यूटीं कर रही है। इस संदर्भ में सलेमपुर ग्राम के पूर्व प्रधान सत्रोहन लाल वर्मा ने बताया कि सावित्री वट पूजा के उपरांत पहले इतवार को वर्षों से गांव के बाहर बाग में मेला लगाया जाता है। मेले में दुकानदारों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता। मेले के बगल में सिद्ध बाबा का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु यहां आकर मनोकामना पूर्ण करते हैं। श्रद्धालुओं की पहल पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास करीब 50 वर्षों से यह मेला लगाया जा रहा है।

# वीरेंद्र ने बदली स्कूल की तस्वीर, तेजी से बढ़ा अभिभावकों का विश्वास

- इस स्कूल में चलती है स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी में है बच्चों के लिए हजारों किताबों
- बना बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बच्चों** के विकास में अध्यापको और अभिभावकों की अहम भूमिका होती है। उनकी कोशिश बच्चे का भविष्य संवार सकती है। इसकी झलक दिखती है ब्लॉक नकहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटकुसमा में। यहां के एकल अध्यापक वीरेंद्र सिंह और एसएमसी सदस्यों ने अपनी मेहनत के दम पर इस विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। शैक्षिक गतिविधियों एवं पाठ सहगामी क्रियाओं बढ़ावा देने के लिए परिषदीय विद्यालयों में चलाए गए बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक कार्यक्रम के तहत नकहा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटकुसमा को इस सप्ताह का उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चुना गया है। यूपीएस कटकुसमा, शैक्षणिक अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में निरन्तर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जनपद स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

विद्यालय में शैक्षणिक स्टॉफके रूप में एकमात्र शिक्षक वीरेंद्र सिंह (प्रभारी प्रधानाध्यापक) कार्यरत है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023-24 में विद्यालय का नामांकन 236 है, जो कि विगत दो शैक्षिक सत्रों (2022.23 में 213, 2021.22 में 234) में सर्वाधिक है। वर्तमान शैक्षिक सत्र में अबतक 93 नवीन प्रवेश किए जा चुके और विभाग से नियत नामांकन लक्ष्य को पूरा किया जा चुका। अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे इस विद्यालय में पढ़ें। विद्यालय पूरे विकास क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षण व्यवस्थाए अनुशासनए बेहतरीन उपलब्धियों के लिए जाना जा रहा। विद्यालय में औसतन छात्र उपस्थिति 65 प्रतिशत से अधिक है। 80 फीसदी से अधिक ले जाने के प्रयास जारी है। नौनिहालों का अनुशासन प्रत्येक कार्य में प्रदर्शित होता है। सभी कक्षाकक्ष स्तरानुसार प्रिंटरिच मैटेरियल, टीएलएम से समृद्ध है। न्यून अधिगम स्तर वाले बच्चों के उपचारात्मक शिक्षण के लिए विशेष कक्षाओं का भी संचालित है।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में (2021-22 व 2022-23) ब्लॉक स्तर पर विद्यालय के नोनिहालो ने टॉप थ्री स्थान अर्जित किया। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत भ्रमण कार्यक्रम में 20 बच्चों ने श्रावस्ती जिले का भ्रमण किया। राष्ट्रीय आय एवम् योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में विद्यालय के दो बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के अन्तर्गत विद्यालय ने फोर स्टार रैंकिंग अर्जित की। विद्यालय की उपलब्धियोंए नवाचार गतिविधियोंए विभिन्न प्रतियोगिताओं में नौनिहालों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को ब्लॉकए तहसील एवं जिला स्तर पर न केवल सराहा गया बल्कि पुरस्कृत भी किया गया।

यूपीएस कटकुसमा में एक हजार से अधिक पुस्तकों से समृद्धए सुसज्जितए आकर्षक पुस्तकालय को बुक बैंक के रूप में विकसित किया, जो नौनिहालों के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है। दो कक्षाकक्ष स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित है। एक स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर, दूसरे स्मार्ट क्लास में एलईडी टीवी से शिक्षण कार्य किया जा रहा। संसाधनों से समृद्ध विज्ञान प्रयोगशाला के जरिए बच्चों को प्रयोगात्मकए गतिविधि आधारित विज्ञान शिक्षण किया जाता है। स्कूल की दीवारों व प्रत्येक कमरों में प्रेरणादायी स्लोगन व महापुरुषों के चित्र बनाए गए हैं। दीवारों का प्रयोग हम लोग टीएलएम की तरह भी करते हैं। राष्ट्रीय पक्षीए राष्ट्रीय चिह्नए पहाड़े और कविताएं भी दीवारों पर लिखी हुई हैं।

## डंपर ने डिग्री कॉलेज के छात्र को रौंदा, भीड़ ने चालक को पकड़ा

**बरेली।** आंवला मंडी से नानी के घर लौट रहे गुलड़िया गौरीशंकर के एग्रीकल्चर के छात्र को पुरैना ढाल पर डंपर ने रौंद दिया। मौके पर ही छात्र की मौत हो गई। भीड़ ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।मां के बाद अब बेटे की मौत, बचपन से नानी घर रहता था।आंवला निवासी छोटेलाल ने बताया कि उनकी बेटी प्रेमवती की मौत हो चुकी है। तभी से उनका नाती अंकुश (20) पुत्र हीरा लाल अपने नानी घर उनके साथ रहता है। अंकुश सिरौली स्थित गुलड़िया गौरी शंकर डीग्री कॉलेज में एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष का छात्र था। वह आंवला मंडी से अपने नानी घर की तरफजा रहा था। पुरैना ढाल पर एक डंपर ने उनके नाती को कुचल दिया। हादसे के बाद जुटी भीड़ ने डंपर के चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।डंपर द्वारा छात्र को रौंदने के बाद घटनास्थल पर भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ ने चालक को पकड़कर फौरन पुलिस को फोन कर दिया। इस दौरान तमाम लोगों की भीड़ से जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों और भीड़ को शांत किया। तब जाकर जाम खुल सका।

# एसपी ने गुड मॉर्निंग लखीमपुर पुलिस अभियान की शुरूआत



**लखीमपुर.खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर गुड मॉर्निंग नमस्ते लखीमपुर की मुहीम चलाई गई। रविवार खीरी में लागू की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गुड मॉर्निंग लखीमपुर खीरी पुलिस दस्ते को पुलिस चैकी संकटा देवी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त मुहीम योजना के अन्तर्गत गुडमॉर्निंग पुलिस टीम सुबह के समय पार्कोंए सार्वजनिक स्थलोंए विद्यालयोंए कोचिंग सेण्टरए ट्यूशन को जाते हुये बच्चोंए विद्यार्थियों एवं गाँव में जाकर लोगों से विशेष कर बुजुर्गों, महिलाओं आदि से संवाद करेगी। खीरी पुलिस गुड मॉरनिग कहकर अभिवादन करेंगे। उनसे हाल.चाल लेंगे व उनकी समस्याओं की जानकारी करेंगे। इस मौके पर संदीप सिंह यादवए चन्द्र शेखर सिंह सदर कोतवाल टीएसआई सहित आदि मौजूद रहै। इस मुहीम को लागू करने का उद्देश्य आम जन मानस में सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम करना एवं भय रहित सुरक्षित वातावरण बनाये रखना है।

## कोतवाली से 2484 आरोपियो को चालान सर्वाधिक आरोपी तंमचे में गये जेल

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र से सदर कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के 14 माह के कार्यकाल में अब तक 2484 आरोपियों का चालान करते हुए आरोपियों को जेल भेजा है। आए दिन कोतवाली क्षेत्र से फरियादियों की संख्या कम होती दिखाई नहीं दे रही है। कोतवाली सदर क्षेत्र में छेड़छाड़ए मारपीटए बाइक चोरी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालांकि कई आरोपियों को बाइक चोरी मारपीट महिला अपराध के मामलों में जेल भेजा जा चुका है। सबसे ज्यादा अवैध तमंचा में आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। तमंचा कहां से आया कारतूस कहां खरीदी गई। असलहा फैक्ट्री कहां संचालित हो रही है। इस बारे में कोतवाली पुलिस पता नही लगा पा रही है। युवा पीढ़ी तमंचा के मामले में सबसे ज्यादा जेल गई है। तमंचा सप्लाई करने वाले आकाओं तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच रहे हैं।

# बरेली कॉलेज में दूसरे दिन भी तालाबंदी

**बरेली।** दूसरे दिन भी रही अस्थाई कर्मचारियों की तालाबंदी जारी, एसीएम प्रथम के समझाने पर भी नहीं माने कर्मचारी, सचिव प्रबंध समिति की अंतिम चेतावनी काम पर वापस आए अन्यथा सेवा समाप्त की जाएगी। शाम को प्राचार्य ने भी की अपील काम पर वापस लौटे और ताला खोलें लेकिन कर्मचारियों ने अपील को ठुकराया। बरेली कॉलेज बरेली कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में आज दूसरे दिन भी बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों की तालाबंदी जारी रही तालाबंदी के बीच दोपहर में एसीएम प्रथम नहने राम और बारादरी इंचार्ज और प्राचार्य डॉक्टर ओपी राय एवं महाविद्यालय के कई शिक्षक कर्मचारियों से वार्ता करने धरना स्थल पहुंचे करीब 2 घंटे तक दोनों तरफसे बात चलती रही लेकिन कर्मचारी किसी भी कीमत पर तालाबंदी खोलने को राजी नहीं हुई शाम को भी प्राचार्य डॉक्टर ओपी राय ने बताया कि मुझे भी कार्यवाही करने के लिए लेटर दिया गया है इसलिए मेरी आपसे अपील है कि कॉलेज का ताला खोलें कर्मचारी नेताओं ने कहा महाविद्यालय में प्रबंध समिति कालातीत है फिर भी महाविद्यालय में मनमाने निर्णय कर रही है जबकि प्रबंध समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी हैं यदि जिलाधिकारी चाहे तो कर्मचारियों का मांगों पर तुरंत समाधान कर तालाबंदी खोली जा सकती है क्योंकि प्रबंध समिति सचिव लगातार हम लोगों का शोषण और उत्पीड़न कर रहे हैं और महाविद्यालय में भ्रष्टाचार उत्पन्न कर दिया है सचिव हरीश मौर्य और सुनील कुमार एवं अन्य कर्मचारी लोगों ने कहा अब चाहे हमें लाठी खाली पड़े लेकिन सम्मान के साथ ही साला खोलेंगे पवन समिति सचिव इसको जबरन तालाबंदी कह रहे हैं जबकि हमने लंबे समय से लिखा पढ़ी करने के बाद ही तालाबंदी की है। आज हड़ताल पर राम , संजीव यादव , तारा सिंह , अहमद , दीपक , संजीव पटेल, मुकेश यादव दिनेश कुमार गंगा सिंह गंगा प्रसाद ओंकार शरद कृष्ण मुनीम ज्ञान पाल सुरेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाओं को स्वयं की आमदनी कराकर बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

**मोहम्मदी खीरी।** तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम धमौला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओ के समूह द्वारा खण्ड विकास अधिकारी धर्मेश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में समूह की दीदियो के द्वारा स्वच्छता किट के अन्तर्गत हैंडवांश, टायलेट क्लीनर व फिनायल बनाकर बाजार में बेचकर स्वयं की आमदनी कर आत्मनिर्भर बनने का कार्य किया जा रहा है। लखीमपुर.खीरी से उपायुक्त (स्वत: रोजगार) राजेन्द्र कुमार श्रीवास द्वारा महिलाओ के द्वारा किये जा रहे कार्य स्थल का भ्रमण किया। डीसीएनआरएलएम द्वारा समूह की महिलाओ द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर अच्छा और विश्वनीय माल को तैयार कर ज्यादा से ज्यादा सामान बेचने पर जोर दिया। एनआरएलएम कर्मचारी ब्लाक मिशन प्रबन्धक नीरज सिंह द्वारा बताया गया कि समूह द्वारा तैयार किए जा रहे घरेलू एवं अति महत्वपूर्ण साफसफाई सम्बन्धित स्वच्छता किट की बाजार में काफी मांग है।

# मराठाकालीन पुरानी कोतवाली को अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी

- 21 मई तक अवैध कब्जा खाली करने का अल्टीमेटम
- 60 साल से निवास कर रहे कई परिवार

**संवाददाता।** चित्रकूट



**मराठाकालीन** पुरानी कोतवाली में प्रशासन ने डिग्गी पिटवाकर ऐलान किया कि 21 मई तक वहां रहने वाले लोग आवास खाली कर दें। अन्यथा आवासों को ढहाने की कार्यवाही की जायेगी। वहां रहने वाले दो दर्जन लोगों ने कहा कि उच्च न्यायालय में मामला लम्बित है। ऐसे में उनके आवासों को प्रशासन नहीं गिरा सकता।

मराठा कालीन पुरानी कोतवाली परिसर में बने आवासों में तमाम लोग लम्बे समय से रह रहे हैं। ऐसे लोगों को हटाने को जिला प्रशासन ने अपरान्ह ढाई बजे डिग्गी पिटवाकर ऐलान किया कि 21 मई तक आवास खाली कर दें। ऐसा न करने पर प्रशासन आवासों को ढहाने को बाध्य होगा। इस बाबत वहां रहने वाले अभिमन्यु सिंह, श्यामसुन्दर, प्रदीप, अलखनिरंजन, दिनेश कुमार, लखन रावत, जगदेव सिंह, आदि ने बताया कि मराठा कालीन पुरानी कोतवाली परिसर में पचासों परिवार पचास-साठ साल से निवास कर रहे हैं। अचानक प्रशासन ने खाली कराने का निर्णय लिया है। वर्ष 2013 में प्रशासन ने नोटिस दी थी। इसे लेकर रामआधार आदि ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसमें आदेश हुआ था कि बिना विधिक कार्यवाही के किसी को बेघर न किया जाये। 2023 में प्रशासन ने परिसर खाली करने को आदेश दिया तो लोगों ने उच्च न्यायालय का हवाला दिया। 24 जनवरी नोटिस पर सभी के ऊपर पीपी एक्ट 3/5 के तहत मुकदमा कायम कर दिया। प्रस्तुत साक्ष्यों को महत्व देते हुए एसडीएम कोर्ट ने अलग-अलग तिथियों में बेदखली का आदेश दिया। दस वर्ष का किराया जमा करने आदेश दिया। न्यायालय में दोनों मामले विचाराधीन हैं। 23 मई को तारीख लगी है।

# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई किया 237 वाहनों का चालान



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** में यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के अलावा डग्गामार वाहनों पर पुलिस महकमे ने शिकंजा कसा है। इसके लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार को खुद एसपी वृंदा शुक्ला ने चेकिंग अभियान की कमान संभालते हुए हड़कंप मचाया है। अभियान के दौरान 237 वाहनों का ई-चालान करते हुए पांच लाख 69 हजार का जुर्माना किया गया है। डग्गामार वाहनों पर शिकंजा कसने के साथ ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने काफी सख्ती दिखाई है। एसपी वृंदा शुक्ला की अगुवाई में शनिवार की शाम ट्रैफिक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट, काली फिल्म, हैवी हार्न, तीन सवारी, ओवरलोड आदि वाहनों को रोककर उनके कागज चेक किए गए। कई चार पहिया वाहनों के शीशे में लगी काली फिल्म हटवाई गई। एसपी ने खुद खड़े होकर गुजर रहे वाहनों को टोकवाया। चेकिंग की जानकारी होने पर ज्यादातर वाहन इधर-उधर खड़े हो गए। चेकिंग के दौरान कुछ कुछ दूर पर लोग चेकिंग खत्म होने का इंतजार कर रहे थे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लिया आंदोलन का संकल्प

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पूर्व** प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में मनाई गई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। रविवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने जनता के हितों के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। वह संचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने देश की तरक्की के लिए बहुत सारे कार्य किए। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सभी लोग संकल्प लें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर देश को प्रगति के लिए कांग्रेस को मजबूत करते हुए आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा मानिकपुर रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने नौजवानों को वोट देने का अधिकार दिया। पंचायती राज लागू किया। वर्तमान भाजपा सरकार देश में नफरत का माहौल पैदा कर रही है। सभी कांग्रेसी एकजुट होकर नफ्रत को हराकर देश में भाईचारा स्थापित करने का संकल्प लें।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि



**फतेहपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी। कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश हित में किये गये अहम योगदानों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले व आजादी के बाद बलिदान देने वालों की पार्टी है। जिलाध्यक्ष ने भारत रत्न राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान को अतुलनीय बताते हुए उनके देश के प्रति समर्पित पांच उल्लेखनीय योजनाओं का बखान किया। जिसमें दूर संचार, कम्प्यूटर, पंचायती राज कानून, शिक्षा नीति व मतदान के लिए 18 वर्ष की आयु को देश के लिए युग परिवर्तन की योजनाओं की संज्ञा दी। पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष औसाफ अहमद ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे।

# निर्माण की बाट जोह रहा लंबे समय से उपेक्षित परिक्रमा मार्ग

- भेदभाव व उपेक्षा से ग्रामीणों में घोर आक्रोश
- बदहाली का शिकार है धनीरामपुर गांव

**रविकान्त दुबे**, कानपुर देहात।

**बजबजाती** नालियां, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, जर्जर पॅचायत भवन व पुराने प्राइमरी स्कूल के मलबे की मनमाने तरीके से बिक्री, ग्राम पॅचायत मे स्वीकृत पानी की टॅकी को मजरे में स्थानान्तरित करने की साजिश, अमृत सरोवर, आवासों के आवंटन, परिक्रमा मार्ग सहित विकास की कई योजनाओं में पलीता लगाकर केवल और केवल अपने निजी स्वार्थो को पूरा करने का उदाहरण अकबरपुर विकासखण्ड का धनीरामपुर गांव चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। गांव के विकास में भेदभाव व उपेक्षा का आरोप लगा धनीरामपुर गांव के ग्रामीण बेहद आक्रोशित नजर आ रहे है, करीब आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिख जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करते हुये सख्त कार्रवाई किये जाने की शिकायत की है। पायनियर टीम ने रविवार को अकबरपुर विकास खण्ड के धनीरामपुर गांव का स्थलीय निरीक्षण किया, गॉव में प्रवेश करते ही कई जगह कूडे के बडे-बडे ढेर नजर आये, बजबजाती नालिया प्रशासनिक व राजनैतिक उदासीनता की कहानी बयां करती नजर आ रही थी। पुराने पंचायत भवन व प्राइमरी स्कूल को ढहाने के बाद उसकी ईंटो, सरियों सहित अन्य मलबे को मनमाने तरीके से बेचा और हड़पा जा रहा है, । गांव में नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है, जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, साफसफाई न होने से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से जूझना पड़ता है। खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर डीपी यावव ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# रामबाबू शुक्ला आरपीएस प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बने



**रूरा,** कानपुर देहात। माननीय न्यायालय के निर्देश पर रविवार को आरपीएस प्रबन्ध समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र सविता व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक देशराज दिवाकर की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुयी। सुशील कुमार शुक्ला उर्फ रामबाबू को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया, शैलेन्द्र राजावत को उपाध्यक्ष, लक्ष्मी सिंह को प्रबन्धक, अखिलेश सिंह को सहायक प्रबन्धक, दलबीर सिंह को कोषाध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मत से चुना गया, इस दौरान राजाराम यादव, वेदप्रकाश मिश्रा, ब्रजराज सिंह भदौरिया, अरविन्द सिंह, सॅजय सिंह व सुरेश सिंह को सदस्य चुनाव गया। प्रधानाचार्य ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर, सहायक अध्यापक हरगोविन्द व अमित कुमार को पदेन सदस्य निर्वाचित किया गया।


# चैयरमैन ने सम्भ्रान्तजनों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**शिवाजीनगर** वार्ड में नवनिर्वाचित सभासद ने चैयरमैन व अन्य सभासदों को सम्मानित करने के लिये स्वागत समारोह का आयोजन किया, समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता ने मौजूद लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा सम्भ्रान्तजनों से आर्शीवाद ग्रहण किया। शिवाजीनगर में सभासद सुरेश कुमार ने करीब आधा दर्जन सभासदों के साथ नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुॅचे रामजी गुप्ता को जब उपस्थिति लोगों ने माला पहनाकर सम्मानित करने का प्रयास किया तो उन्होंने विनम्रता के साथ माला पहनने से इन्कार करते हुये आगे बढ़कर स्वयं स्वागतकर्ताओं को ही माला पहना कर सम्मानित किया, तथा उनसे आर्शीवाद ग्रहण किया।

## सीडीओ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा ग्राम प्रधानों से की चर्चा



**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे ने विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सभी ग्राम प्रधानों को बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, अंत्योदय अन्न योजना एवं उत्तर प्रदेश भवन संनिर्माण कर्मकार बोर्ड के पात्र लाभार्थियों की सूची पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव के माध्यम से प्रधानों को उपलब्ध करा दी जाए एवं सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड पंचायत सहायक एवं आशा बहू के माध्यम से जल्द से जल्द बनवा लिये जाएं। उन्होंने कहा कि वह आयुष्मान भारत योजना में सरकार की तरफसे प्रति परिवार पांच लाख तक का इंश्योरेंस दिया जा रहा है।

# सोने की चेन नहीं मिली तो दूल्हा बारात लेकर हुआ वापस

**मौदहा,** हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम सिजवाही में आयी बारात में वर पक्ष को दहेज में एक लाख रुपया व सोने की चौन न मिलने पर वह विवाह की रस्मों को बीच छोड़ बिना दुल्हन विदा कराये बारात वापस ले गये। जिससे कन्या पक्ष के घर में छाये खुशी का माहौल की जगह मातम पसर गया। पीड़ित कन्या के पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र में मौदहा के ग्राम सिजवाही निवासी मान बहादुर ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री अनीता का विवाह महोबा निवासी अमित के साथ तय कर कल टीका था। अमित अपनी बारात लेकर शनिवार की शाम सिजवाही पहुंच गया जहां लगन व टीका के बाद चढ़ाव का कार्यक्रम चल रहा था तभी ऐन मौके पर दूल्हे अमित व उसके पिता ने मान बहादुर से एक लाख रुपया और सोने की चेन की मांग कर दी जिस पर मान बहादुर ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जाहिर की। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में तू तू मैं होने के बाद दूल्हे अमित व वर पक्ष के लोगों ने कन्या पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी बारात बिना दुल्हन विदा कर आए ही रात में वापस लौट गए। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरु कर दी गयी है।

## अशोक तिवारी जेडआरयूसी के सदस्य नामित

**हमीरपुर।** भाजपा के राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद की संस्तुति पर भारत सरकार के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अशोक तिवारी को दो वर्ष के अवधि के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा रेल यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित परामर्श प्रदान करने हेतु गठित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज का सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री तिवारी ने कहा कि वह उत्तर मध्य रेलवे के रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।

# अवैध अतिक्रमण एवं डग्गामार वाहनों के नियंत्रण को लेकर डीएम ने ली बैठक, जारी किए निर्देश

- अवैध खनन करने वालों का पट्टा होगा प्रतिबंधित
- ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**संवाददाता।** बांदा



**जिलाधिकारी** बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में अवैध अतिक्रमण एवं डग्गामार वाहनों के नियंत्रण तथा खनन के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खनिज पट्टों व कृषि भूमि से सम्बन्धित अनुज्ञा-पत्रों में हो रहे खनन / परिवहन की जांच के लिए एक रोस्टर बनाया गया है, जिसके द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं खान निरीक्षक अपने-अपने सम्बन्धित क्षेत्र में हो रहे खनन / परिवहन कार्य का औचक निरीक्षण कर नियमानुसार जांच करेंगे।

यदि कोई अवैध खनन पाया जाता है तो पट्टा प्रतिबन्धित करते हुए पट्टेधारक को नोटिस देकर उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं खान अधिकारी प्रतिदिन प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि किसी भी दशा में अवैध परिवहन / खनन नही होने दिया जाये। उन्होंने ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों पर भी चेकिंग कर कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिये कि जनपद के प्रमुख चौराहों के आस-पास अतिक्रमण न होने पाये, जिनसे यातायात में समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने चौराहों के आस-पास अतिक्रमण को कार्योजना बनाकर हटाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि अवैध टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड नहीं चलने पायें।

# अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, हुई मौत

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के बांदा मार्ग में टेढ़ा एवं इसुली के बीच अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। चेहरा कुचल जाने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार की रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने टेढ़ा इसुली के बीच सड़क किनारे जा रहे एक पच्चीस वर्षीय युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई और उसका सिर कुचल गया। जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि चेहरा कुचल जाने से शिनाख्त की समस्या आ रही है। मृतक के पास से कोई ऐसी वस्तु बरामद नहीं हुई है। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। उन्होंने बताया कि मृतक नीले रंग की टीशर्ट व इसी रंग का लोअर पहन रखा था। पैरों में चप्पल पहन रखी है।

# देवर्षि नारद की जयंती पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन




**फर्रुखाबाद।** आज देव ऋषि नारद जी की जयंती के उपलक्ष में प्रखर पत्रकार सम्मान समारोह राजपूताना होटल में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मिथिलेश अग्रवाल और मुख्य वक्ता डॉक्टर शिव ओम अम्बर और कार्यक्रम अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। नारद जयंती समारोह समिति फर्रुखाबाद के द्वारा प्रखर पत्रकार सम्मान अनिल वर्मा शेखर जी को दिया गया और 50 पत्रकार बंधुओं को पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित करने में समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यापारी बंधुओं ने पत्रकारों का सम्मान अंग वस्त्र उढ़ा कर और प्रतीक चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम का संचालन ऋषि दत्त शर्मा ने किया।

## डीएम ने लिया आरोग्य स्वास्थ्य मेले का जायज़ा

**फर्रुखाबाद।** डीएम संजय कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोशनाबाद का निरीक्षण कर आज दिन रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ स्मिता त्रिपाठी, एएनएम मानिका पाल, पूजा वर्मा व विश्व मोहिनी अनुपस्थित मिलीं। उपस्थित फार्मासिस्ट द्वारा बताया गया कि आज ओपीडी में अभी तक 53 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। सही प्रशिक्षण प्राप्त ना होने के कारण आशा द्वारा आयुष्मान कार्ड नहीं बनाये जा रहे है।

# नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ आयोजित



**फतेहपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 24 कुंडली नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ में दम्पत्तियों ने पूजा अर्चना के साथ हवन कुंड में आहुतिया डाली और विश्व कल्याण की कामना की। शांतिकुंज की टोली में प्रतिनिधि के रूप में आये डॉ आशोक ढोके, डीके पटेल, रमेश पाटीदार, रूद्र, विवेक, ने नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया और अपने प्रवचन एवं संगीत से भक्तों को भाव विभोर किया। शांतिकुंज की टोली के प्रतिनिधि डा0 आशोक ढोके ने कहा कि गायत्री के सद्चिन्तन से दुनिया बदल रही है। उन्होने कहा कि आज के परिवेश में जीवन साधना से ही खुशहाली का वातावरण बनाया जा सकता है जिससे सुखद अनुभूति प्राप्त हो सकती है।

## मशाल जूलूस निकाल पुरानी पेंशन बहाली की भरी हुंकार



**फतेहपुर।** रविवार को प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारियो व शिक्षको ने मशाल जूलूस निकाला। जूलूस के दौरान कर्मचारी शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की हुंकार भरी। जुलूस सादीपुर पटेल नगर होते हुए पत्थरकटा चौराहा पहुंचा। जूलूस के समापन पर एक सभा का आयोजन हुआ। जिसमे वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियो के लिए लाभकारी नहीं है। कहा कि पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। कर्मचारी व शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार इस गंभीरता से नही ले रही है। कर्मचारी शांत नही रहेंगे।

# पेज एक का शेष

## यथास्थिति बदलने...

एकमात्र रास्ता है। मोदी ने अपने संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से शनिवार को हुई वार्ता का भी उल्लेख किया और कहा कि संघर्ष के समाधान के लिए जो भी संभव होगा, भारत वह करेगा। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी जेलेंस्की की जी-7 समूह की बैठक को संबोधित करने के बाद आई है, जिसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूसी आक्रमण के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों में दुनिया के देशों से अपने देश को समर्थन देने की अपील की है। मोदी ने कहा कि हमने राष्ट्रपति जेलेंस्की को सुना। कल मेरी उनसे मुलाकात भी हुई थी। मैं वर्तमान परिस्थिति को राजनीति या अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं मानता। मेरा मानना है कि यह मानवता का मुद्दा है, मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। हमने शुरू से कहा है कि संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। इस परिस्थिति के समाधान के लिए, भारत से जो कुछ भी बन पड़ेगा, हम यथासंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और जापान में हजारों वर्षों से भगवान बुद्ध का अनुसरण किया जाता है तथा आधुनिक युग में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान हम बुद्ध की शिक्षाओं में न खोज पाएं। मोदी ने कहा कि यह जरूरी है कि सभी देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें। यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिशों के खिलाफ मिलकर आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि भारत का हमेशा यह मत रहा है कि किसी भी तनाव, किसी भी विवाद का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से, बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए और अगर कानून से कोई हल निकलता है, उसे मानना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी भावना से भारत ने बांग्लादेश के साथ अपनी भूमि और नौवहन सीमा विवाद का हल किया था। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि हम सब का साझा उद्देश्य है तथा एक-दूसरे से जुड़े आज के विश्व में किसी भी एक क्षेत्र में तनाव सभी देशों को प्रभावित करता है। मोदी ने कहा कि विकासशील देशों के पास सीमित संसाधन हैं और वे ही सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। वर्तमान वैश्विक स्थिति के चलते खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट का अधिकतम तथा सबसे गहरा प्रभाव इन्हीं देशों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज जिस युद्ध, अशांति और अस्थिरता को झेल रही है, उसका समाधान बुद्ध ने सदियों पहले ही दे दिया था। मोदी अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के निमंत्रण के बाद जी-7 शिखर सम्मेलन के तीन सत्रों में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को हिरोशिमा पहुंचे थे। जी-7 देशों में जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## गले मिले...

ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ मुलाकात बहुत सार्थक रही। हमने व्यापार, नवोन्मेष, विज्ञान और ऐसे अन्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) से जुड़ी वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लेने के साथ-साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा कि मोदी और सुनक ने व्यापार एवं निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा और दोनों देशों के नागरिकों के बीच परस्पर संबंधों जैसे व्यापक क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और सुनक ने भारत की जी-20 अध्यक्षता पर भी चर्चा की। उसने कहा कि मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक का नई दिल्ली में स्वागत करने की उत्सुकता जताई। भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, जिसका मकसद एक ऐसे व्यापक समझौते पर सहमति बनाना है, जिससे दोनों देशों के बीच 2022 में अनुमानित 34 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## विपक्ष का...

का केंद्र का हथकंडा बताया। नीतीश के साथ बैठक के बाद केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि वह इस मामले में समर्थन लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से सभी विपक्षी दलों के प्रमुखों से मिलेंगे। केजरीवाल ने कहा कि आगामी मंगलवार मेरी कोलकाता में अपराह्न तीन बजे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक होगी। इसके बाद वह हर दल के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे और इस मामले में उनका औपचारिक समर्थन मांगेंगे, ताकि अध्यादेश की जगह लेने के लिए लाए जाने वाले किसी भी विधेयक को राज्यसभा में पारित होने से रोका जा सके। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने नीतीश कुमार जी से भी इस संबंध में सभी (विपक्षी) दलों से बात करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि एक अध्यादेश को छह महीने के भीतर संसद द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि अगर विधेयक राज्यसभा में पारित नहीं हो पाता है, तो यह संदेश जाएगा कि भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव हार जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने संवाददाताओं से कहा कि यह 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल होगा। वहीं, नीतीश कुमार ने मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अध्यादेश लाने के लिए केंद्र की आलोचना की। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता ने कहा कि आप एक निर्वाचित सरकार की शक्ति कैसे छीन सकते हैं। केजरीवाल जो कुछ भी कह रहे हैं, वह सही है। हम पूरी तरह से उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अधिक से अधिक विपक्षी दल एक साथ आएं और एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जाए, ताकि यह मांग की जा सके कि कानूनों का पालन किया जाए और देश में आपसी सद्भाव और भाईचारा बना रहे।

## पीएम बनने...

बजाय, उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों, अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। बिहार में भाजपा के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय मयूख ने कहा कि कुमार को अपने सपनों की दुनिया से बाहर आना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है।

## झारखंड का...

में एनआईए ने पीएलएफआई कार्यकर्ताओं से 25.38 लाख रुपए के पुराने अमान्य नोटों की बरामदगी से संबंधित एक मामले में उसके खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया था। अधिकारी ने कहा कि वह करीब दो दशक से फरार था। एनआईए की रांची शाखा पीएलएफआई के खिलाफ तीन मामलों की जांच कर रही है, जिसे पूर्व में झारखंड लिबरेशन टाइगर्स (जेएलटी) के नाम से जाना जाता था। एनआईए के अनुसार पीएलएफआई झारखंड में सैकड़ों आतंकी घटना के लिए जिम्मेदार है। प्रवक्ता ने कहा, झारखंड, बिहार और ओडिशा में गोपे के खिलाफ 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश मामले हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित हैं, जो झारखंड में 2007 में गठित एक उग्रवादी माओवादी संगठन है और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (सीपीआई-माओवादी) से अलग होकर बना समूह है। अधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित 25 लाख रुपए के इनाम के अलावा एनआईए ने गोपे के बारे में सूचना देने वालों के लिए पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। पिछले साल तीन फरवरी को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदरी थाना क्षेत्र के वन क्षेत्र में गोपे के नेतृत्व वाले पीएलएफआई दस्ते और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## 2,000 का...

जमा करने के लिए रिजर्व बैंक ने कोई सीमा नहीं तय की है। इसके लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) मानदंडों और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। बैंक ने 20 मई के पत्र में कहा, विनिमय के समय कोई पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं है। एसबीआई ने अपने स्थानीय प्रधान कार्यालयों को जनता के लिए सभी तरह के सहयोग की व्यवस्था करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक 2,000 रुपए के नोट बदलने के लिए कोई कितनी भी बार कतार में खड़ा हो सकता है। नोट बदलने की सुविधा 23 मई से उपलब्ध है, लेकिन कई ग्राहक शनिवार को 2,000 रुपए के नोट बदलने के लिए अपनी शाखाओं में पहुंचे, जिन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।

## जी-20 के...

जा रही है कि कोई अराजक तत्व शहर में प्रवेश न कर सकें। किसी भी आतंकवादी घटना और बंधक बनाने जैसी स्थिति से निपटने के लिए ब्लैक कैट कमांडो की एक टीम तैयार है। सुरक्षा तैयारियों से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि मार्कोस टीम जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की नदी शाखा के कर्मियों के साथ डल झील में गश्त करेगी, क्योंकि कन्वेंशन सेंटर झील के किनारे स्थित है। अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग का प्रस्तावित दौरा समय की कमी को देखते हुए रद्द करना पड़ा है।

# जेलेंस्की ने बखमुत पर रूस के कब्जे से इनकार किया

भाषा। हिरोशिमा



**यूक्रेन के राष्ट्रपति** वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बखमुत शहर पर रूसी सेना के कब्जे से रविवार को इनकार किया। इसके साथ ही मॉस्को के उन दावों पर संदेह की स्थिति पैदा हो गई है कि रूस ने पूर्वी यूक्रेनी शहर पर आधिपत्य जमा लिया है। जापान के हिरोशिमा में जी-7 समूह की बैठक में शहर की स्थिति के बारे में एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए जेलेंस्की ने कहा, आज की तारीख तक बखमुत पर रूस का कब्जा नहीं है। जेलेंस्की ने एक दुभाषिए के माध्यम से यूक्रेनी में कहा, हम लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट रूप से समझता हूं कि बखमुत में क्या हो रहा है। हमारे सैनिकों के साथ क्या हो रहा है, इसकी तकनीकी जानकारी मैं आपके साथ साझा नहीं कर सकता। इससे पहले बखमुत की स्थिति के बारे में शिखर सम्मेलन में जेलेंस्की ने एक सवाल का अंग्रेजी में जवाब दिया था और उनके जवाब की कई लोगों ने यह कहते हुए व्याख्या की थी कि शहर रूसी सेना के हाथों में चला गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या शहर यूक्रेन के हाथों में है, जेलेंस्की ने कहा, मुझे लगता है कि नहीं, लेकिन आपको यह समझना होगा कि वहां कुछ भी नहीं है, उन्होंने सब कुछ नष्ट कर दिया है। कोई इमारत नहीं है। बड़े दुख की बात है। यह त्रासदी है। आज बखमुत केवल हमारे दिलों में है। वहां कुछ भी नहीं बचा है। यूक्रेनी रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भयंकर लड़ाई जारी है। उप रक्षा मंत्री हन्ना मलियार ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने शहर को अर्ध-घेराबंदी में ले रखा है। उन्होंने कहा, दुश्मन बखमुत को घेरने में विफल रहा है। यूक्रेन के ईस्टर्न ग्रुप ऑफ फोर्सेज के प्रवक्ता सेरही चेरेवती ने कहा कि यूक्रेनी सेना बखमुत के आसपास के इलाकों में स्थिति संभालने में कामयाब हो रही है। हमारी सेना शहर में रूसी बलों का मुकाबला कर रही है और भारी लड़ाई जारी है। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार तड़के दावा किया था कि देश की निजी सेना वैगनर ने रूसी सैनिकों की मदद से यूक्रेन के बखमुत शहर पर कब्जा जमा लिया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने क्रेमलिन की प्रेस सेवा के हवाले से कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर की हमलावर टुकड़ियों के साथ ही रूस के सशस्त्र बलों की इकाइयों के सभी सैनिकों को बधाई दी, जिन्होंने उन्हें आत्र्योमोव्स्क मुक्त कराने के अभियान को पूरा करने पर आवश्यक सहयोग दिया। जापान में जी-7 की बैठक में जेलेंस्की संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ खड़े थे। बाइडन ने जेलेंस्की के साथ अपनी बैठक के दौरान यूक्रेन के लिए रविवार को नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका गोलाबारूद और बख्तरबंद वाहन उपलब्ध कराएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम यूक्रेन के साथ हैं और हम उसे नहीं छोड़ रहे हैं।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विश्व के नेताओं से मुलाकात की

**हिरोशिमा (जापान)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को यहां जी-7 समूह की बैठक में विश्व के कई नेताओं के साथ मुलाकात की और उनका समर्थन मांगा। यूक्रेनी नेता का इस शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन यहां आकर इसमें भाग लेना यह दिखाता है कि दुनिया के अमीर देशों के इस समूह का युद्ध पर कितना ध्यान है। यूक्रेन युद्ध ने इस बैठक में एशिया में सुरक्षा चुनौतियों एवं विकासशील देशों तक पहुंच जैसी कई अन्य प्राथमिकताओं से ध्यान बंटा दिया है। जेलेंस्की ने रविवार को दो प्रमुख दौर की बैठकों में भाग लिया, जिसमें से एक केवल जी-7 नेताओं के साथ थी और दूसरी जी-7 तथा भारत, दक्षिण कोरिया और ब्राजील समेत कई आमंत्रित देशों के साथ थी। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन समेत कई अन्य नेताओं से व्यक्तिगत रूप से भी मुलाकात की। बाइडन ने जेलेंस्की के साथ अपनी बैठक के दौरान यूक्रेन के लिए रविवार को नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका गोलाबारूद और बख्तरबंद वाहन उपलब्ध कराएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम यूक्रेन के साथ है और हम उसे नहीं छोड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने सहयोग के लिए बाइडन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम बहुत आभारी हैं। हम कभी नहीं भूलेंगे। शुक्रिया।

## पोप फ्रांसिस ने सूडान की प्रतिद्वंद्वी ताकतों से हथियार डालने का आह्वान किया

**काहिरा।** पोप फ्रांसिस ने सूडान में जारी लड़ाई तथा बिगड़ती मानवीय स्थिति पर निराशा प्रकट करते हुए रविवार को प्रतिद्वंद्वी ताकतों से हथियार डालने का आह्वान किया। साप्ताहिक प्रार्थना के लिए सेंट पीटर्स स्क्वायर में इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा, यह दुखद है कि सूडान में हिंसा शुरू होने के महीनेभर बाद भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एक महीने से अधिक समय से जनरल अब्दुल फतह बुरहान की अगुवाई में सेना और मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज हिंसक संघर्ष में उलझे हुए है जिसमें 800 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## दक्षिण कोरिया में बनेगी दृश्यम फ्रेंचाइजी की रीमेक

**कान।** भारतीय प्रोडक्शन कंपनी पैनोरमा स्टूडियोज और दक्षिण कोरिया के एंथोलॉजी स्टूडियोज ने कोरिया में दृश्यम फ्रेंचाइजी की फिल्म के रीमेक के लिए रविवार को साझेदारी की घोषणा की। यह घोषणा कान फिल्म महोत्सव के दौरान भारतीय दीर्घा में दोनों स्टूडियो के प्रमुख कुमार मंगत पाठक और जय चोई की उपस्थिति में की गई। मूल दृश्यम फिल्म 2013 में मलयालम भाषा में बनी थी, जिसमें मोहनलाल ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन और पटकथा लेखन जीतू जोसेफ ने किया था।

## एन चंद्रशेखरन को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी-रु 39 यहॉनर से नवाज़ा गया है। उन्हें यह सम्मान भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मज़बूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है। फ्रान्स की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने फ्र.न्स के राष्ट्रपति की ओर से सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डीष्हॉनर एन चंद्रशेखरन को प्रदान किया।टाटा समूह ने एक ट्वीट किया है किए -हमारे अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रान्स की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से सम्मानित किया है। भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधोंको मज़बूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें फ्रान्स का यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है।

## कंजर्वेटिव पार्टी को भारत के चावल कारोबारी से मिले धन पर रोक लगे: विपक्ष

**लंदन।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी एक भारतीय चावल व्यवसाई द्वारा सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को चंदे में दिए गए गए धन पर रोक लगाने की मांग कर रही है क्योंकि यह व्यवसाई धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में भारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में है। बैंक ऋण को अवैध रूप से मुखौटा कंपनियों में लगाए जाने के आरोपों में वैश्विक चावल ब्रांड अमीरा के प्रमुख करण चानना के खिलाफ ईडी द्वारा जांच की जा रही है। कारोबारी द्वारा आरोपों का जवाब दिया जाना अभी बाकी है।

## अफगानिस्तान में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल के दो सदस्यों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सेना का एक हेलीकॉप्टर देश के उत्तर मे रविवार को बिजली के खंभे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के कम से कम दो सदस्यो की मौत हो गई। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एमडी-530 हेलीकॉप्टर इलाके मे गश्त कर रहा था। हेलीकॉप्टर ने उत्तरी बल्ख प्रांत से उड़ान भरी थी और यह समांगन प्रांत के खोलिम जिले मे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियो ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हेलीकॉप्टर हाई वोल्टेज बिजली के खंभे से टकराया।

## प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भारत-अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी का प्रतीक : ब्लिंकन

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने होने वाली अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी का प्रतीक होगी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को यहां अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के लिए 22 जून को राजकीय भोज का आयोजन किया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी शानदार चर्चा हुई। ब्लिंकन ने रविवार को ट्वीट किया, हम जून में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं, जिनकी यात्रा अमेरिका और भारत के बीच गहरी साझेदारी का प्रतीक होगी। जयशंकर ने ब्लिंकन को धन्यवाद दिया और कहा कि वह भी इस यात्रा के लिए उत्सुक हैं।

# चीन ने जी-7 के संयुक्त बयान का विरोध किया

भाषा। बीजिंग

**चीन ने जी**-7 देशों के हिरोशिमा संयुक्त बयान पर राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और उन पर बीजिंग के आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया है। इस बयान में जी-7 देशों ने ताइवान, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को लेकर चिंता व्यक्त की है। जापान के हिरोशिमा में हुए शिखर सम्मेलन में चीन से संबंधित मुद्दे व्यापक तौर पर उठाए गए। जी-7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। संयुक्त बयान का एक हिस्सा चीन को लेकर था जिसमें कहा गया है कि वे चीन के साथ रचनात्मक और स्थिर संबंध चाहते हैं। बयान में ताइवान, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक रुख पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जी-7 देशों ने शनिवार को जारी संयुक्त बयान में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ सहयोग करने की जरूरत पर जोर दिया लेकिन यह भी कहा कि उसके दुर्भावनापूर्ण इरादों और ज़ोर-ज़बरदस्ती का मुकाबला किया जाना चाहिए। संयुक्त बयान में तिब्बत, हांगकांग और शिनजियांग सहित चीन में मानवाधिकारों के बारे में चिंता व्यक्त की गई। शिनजियांग में बीजिंग पर हजारों उइगर मुसलमानों को जबरन श्रम शिविरों में बंद रखने का आरोप है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बीती देर रात एक बयान में कहा, चीन की गंभीर चिंता के बावजूद, जी-7 ने बीजिंग को बदनाम करने और उस पर हमला करने के लिए चीन से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल किया तथा खुल्लम-खुल्ला चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया। चीन ने अपने बयान में कहा, चीन इसकी (जी-7 के संयुक्त बयान) कड़ी निंदा करता है और दृढ़ता से इसका विरोध करता है तथा शिखर सम्मेलन के मेजबान जापान और अन्य संबंधित पक्षों के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। जी-7 समूह ने शनिवार को चीन से आग्रह किया कि वह अपने रणनीतिक साझेदार रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अपना युद्ध समाप्त करने का दबाव बनाए। समूह के नेताओं ने ताइवान पर चीन के दावे के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। संयुक्त बयान में कहा गया कि दक्षिण चीन सागर में चीन के समुद्री दावों का कोई कानूनी आधार नहीं है, और हम इस क्षेत्र में चीन की सैन्ईकरण गतिविधियों का विरोध करते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अपने बयान में ताइवान के संदर्भ पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि जी-7 के नेता चीन से संबंधित मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। प्रवक्ता ने बयान में कहा, ताइवान के मुद्दे को हल करना चीन का मामला है। यह मामला चीन द्वारा ही हल किया जाना चाहिए। चीन ने बयान में कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता के लिए एक-चीन सिद्धांत ठोस उपाय है। जी-7 जलडमरूमध्य पार शांति पर जोर देता रहता है और फिर भी ताइवान की स्वतंत्रतौ के खिलाफ कुछ नहीं कहता है। ऐसा ताइवान की स्वतंत्रता की पैरोकार शक्तियों के साथ मिलीभगत और समर्थन के कारण है तथा इसके परिणामस्वरूप जलडमरूमध्य पार शांति और स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

## जी-7 सम्मेलन में जेलेंस्की की मौजूदगी ने परमाणु बम हमले के प्रभावितों की चिंता बढ़ाई

**हिरोशिमा।** जी-7 शिखर सम्मेलन मे आखिरी समय मे रविवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की भागीदारी ने दुनिया का ध्यान उनके देश पर रूसी आक्रमण की ओर आकृष्ट किया, लेकिन इसने परमाणु बम हमले के प्रभावितों को चिंता मे भी डाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस उच्च स्तरीय यात्रा ने वैश्विक नेताओ के परमाणु निरस्त्रीकरण पर ध्यान देने के दुर्लभ मौके को फीका कर दिया है। मानवाधकार कार्यकर्ताओ और परमाणु बम हमले के प्रभावितों का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए राजनयिक प्रयास के बजाय धनी लोकतांत्रिक देशों के जी 7 शिखर सम्मेलन में जेलेंस्की की भागीदारी तथा जेलेंस्की की यूक्रेन के लिए और हथियार एवं अन्य सहयोग पाने की चाहत ने एक गलत संदेश दिया है। मानवाधिकारी कार्यकर्ता एत्सुको नाकाटानी ने कहा, जेलेंस्की की यात्रा शांतिप्रिय शहर हिरोशिमा के लिए उपयुक्त नही है। नाकाटानी के माता-पिता वर्ष 1945 मे हिरोशिमा परमाणु बम हमले मे बाल-बाल बच गए थे। उन्होंने कहा कि कई हिरोशिमा वासियो को उम्मीद थी कि शहर के त्रासदपूर्ण अतीत की समझ से नेता परमाणु हथियारों की समाप्ति को केवल आदर्श के रूप में नही बल्कि अत्यावश्यक राजनीतिक मुद्दे के रूप मे लेंगे। लेकिन परमाणु प्रतिरोधक क्षमता के प्रति समर्थन बना हुआ है और यूक्रेन पर रूस के हमले ने इसे और सही ठहराया है। युता ताकाशाही ने कहा कि जेलेंस्की की यात्रा से यह संदेश जाने का खतरा है कि यूक्रेन को दूसरा हिरोशिमा बनने से बचाने के लिए परमाणु प्रतिरोधक क्षमता की जरूरत उचित है।

# परमाणु हमले के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी



**हिरोशिमा।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने हिरोशिमा मे 1945 के परमाणु बम हमले के कोरियाई पीड़ितो से जुड़े स्मारक पर रविवार को एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनो नेताओ ने जी7 शिखर सम्मेलन से इतर इस स्मारक का दौरा किया। वे जापान के युद्धकालीन क्रूरता संबंधी विवादो से प्रभावित संबंधो को ठीक करने के लिए मिलकर प्रयास कर रहे है। यून तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन रविवार को आउटरीच सत्र के लिए जी7 देशो और सात अन्य अतिथि राष्ट्रो के नेताओ के साथ हिरोशिमा मे है। यून और किशिदा अपनी-अपनी पत्नियो के साथ स्मारक पहुंचे। उन्होने स्मारक के सामने सफेद फूल के गुलदस्ते रखे और 78 साल पहले हमले मे मारे गए हजारो कोरियाई लोगो को सिर झुकाकर श्रद्धांजलि दी। यून इस स्मारक का दौरा करने वाले पहले दक्षिण कोरियाई नेता है। उनका यह कदम दोनो देशो के बीच नरम पड़ते रिश्तो को रेखांकित करता है। बाद मे वे दोनो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक बैठक मे शामिल हुए। इस बैठक मे इन नेताओ ने सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की जिसमे अमेरिका द्वारा क्षेत्र मे अपने दो प्रमुख सहयोगियो के लिए परमाणु प्रतिरोध को मजबूत करने के तरीके भी शामिल है।

## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वालों पर कानून के तहत मुकदमा शुरू किया गया: पाक सेना प्रमुख

भाषा। इस्लामाबाद

**मानवाधिकार समूहों** की चिंताओं को खारिज करते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि अधिकारियों ने कड़े सैन्य कानूनों के तहत उन लोगों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुसार मुकदमा शुरू किया है, जो पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों में शामिल थे। जनरल मुनीर ने शनिवार को पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर के अपने दौरे के दौरान यह बात कही। लाहौर हिंसक प्रदर्शनों से सबसे अधिक प्रभावित हुआ शहर है। सेना की ओर से देर रात जारी एक बयान के अनुसार, जनरल मुनीर ने कोर मुख्यालय में अधिकारियों और सैनिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, नौ मई की हिंसा में शामिल लोगों, हिंसा भड़काने वालों, उकसाने वालों तथा अपराधियों के खिलाफ पाकिस्तान सेना अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत पाकिस्तान के संविधान में मौजूदा तथा स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार मुकदमा शुरू किया गया है। नौ मई को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से अर्धसैनिक रेंजरों द्वारा इमरान खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हुए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली वायुसेना अड्डे और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। पहली बार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था। हिंसक संघर्ष में 10 लोगों की जान गई, जबकि खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का कहना है कि सुरक्षाबलों की गोलीबारी में उसके 40 कार्यकर्ता मारे गए।

# वैश्विक ताप की बढ़ोत्तरी को रोकना जरूरी

## मीथेन उत्सर्जन के केवल 13 फीसदी हिस्से का हो रहा नियमन

भाषा। लंदन

**वैश्विक ताप** में बढ़ोतरी को रोकने के लिए मीथेन उत्सर्जन में कटौती जरूरी है पर असल में इसके कुल उत्सर्जन के केवल 13 फीसदी हिस्से का ही नियमन किया जा रहा है। ऐसे में मीथेन गैस के उत्सर्जन को कम करने के लिए अधिक कठोर नीतियों की आवश्यकता है। एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस के रूप में मीथेन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) के बाद वैश्विक ताप में बढ़ोतरी का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। वर्ष 2030 तक मीथेन के वैश्विक उत्सर्जन में वर्ष 2020 के स्तर के मुकाबले 30 प्रतिशत की कटौती करने के लिए 100 से अधिक देशों ने एक प्रस्ताव



पर हस्ताक्षर किए थे। यह एक कारगर कदम है लेकिन हमारे नए शोध से सामने आया है कि मीथेन उत्सर्जन को खत्म करने के लिए कठोर नीतियों का अब भी आभाव है। हमारा अध्ययन मीथेन नीतियों की पहली वैश्विक समीक्षा है जिसे 1970 के दशक के बाद से दुनिया भर में अपनाया गया है। इससे पता चलता है कि सबसे बड़े स्रोतों (कृषि, ऊर्जा व अपशिष्ट) से मानवजनित मीथेन उत्सर्जन के लगभग 13 प्रतिशत हिस्से का ही उन्हें नियंत्रित करने और रोकने में सक्षम नीतियों द्वारा नियमन किया जाता है। यदि हम विशिष्ट नीतियों द्वारा कवर किए गए क्षेत्रों और कुल उत्सर्जन को लेकर रूढ़िवादी दृष्टिकोण पर गौर करें और यह भी देखें कि क्या उन्हें पूरी तरह से या आंशिक रूप से लागू किया गया है, तो यह 10 प्रतिशत तक ही रह जाता है। ए नीतियां कंपनियों को मीथेन उत्सर्जन का पता लगाने और उससे निपटने के लिए अनिवार्य रूप से बाध्य कर सकती हैं। ऐसे उपकरण स्थापित करें जो उत्सर्जन का पता लगा सकें, मीथेन की प्रत्एक इकाई के लिए उन पर जुर्माना लगाएं या सड़ते हुए भोजन और अन्य जैविक कचरे से निकलने वाली बायोगैस के लिए उन्हें दंडित करें। हमारे अध्ययन से पाया गया कि अधिकतर (70 प्रतिशत) नीतियां अमेरिका और यूरोप में अपनाई गई हैं। सीओ2 की तुलना में मीथेन में पृथ्वी के वायुमंडल में गर्मी को बढ़ाने की क्षमता 80 गुना अधिक जिम्मेदार है, हालांकि इसका असर अपेक्षाकृत बेहद कम समय तक रहता है। मीथेन हवा में करीब एक दशक (जबकि सीओ2 हवा में सदियों तक रहती) तक रहती है और इसके उत्सर्जन को चरणबद्ध रूप से कम करके धरती के ताप को तेजी से कम किया जा सकता है। वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मीथेन के उत्सर्जन को कम करने की तत्काल आवश्यकता है। हमारे अध्ययन में सामने आया कि जो देश इसकी कटौती के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्हें अब अपने उत्सर्जन को खत्म करने के लिए नीतियों का विस्तार और मजबूती से करना चाहिए। अन्य देशों को भी मीथेन के संबंध में अपने प्रयास तेज करने चाहिए।

## बालों पर भी हो सकता है प्रदूषण का प्रभाव

**मुंबई।** भारत में अक्सर लोग बालों की समस्या से ग्रसित रहते हैं। एक्सपर्ट का मानना है ये भी प्रदूषित हो सकते हैं। इससे निपटने के लिए पारम्परिक रूप से प्रभावी इंग्रेडिएंट्स के शक्तिशाली मिश्रण नायका नेचरल्स हेयर ने खोजा है। उसने एक नया कैंपेन शुरू किया है जिसमें जान्हवी कपूर इस ब्रांड का चेहरा बनी हैं। नायका नेचरल्स को भारत की पद्धति के अनुरूप बालों की देखभाल के लिए निर्मित किया गया है। ऐसे में यह भारत की बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण यहाँ के लोगों के बालों के प्रकार और उनमें होने वाली समस्याओं को सहजता से समझता है, जिनमें कठोर पानी, प्रदूषण, आर्द्रता, अल्ट्रा वायलेट क्षतिए धूल और गंदगी आदि शामिल हैं। नायका नेचरल्स यह गहनता से मानता है कि भारत के लोगों को बालों कि विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। विशाल गुप्ता एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि अत्यधिक भौगोलिक मौसम की स्थिति के कारण भारत में लोगों के बालों की तासीर अलग-अलग होती हैं। ऐसे में एक प्रोडक्ट सभी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता। नायका नेचरल्स के साथ हमारी टीम ने ऐसे प्रोडक्ट्स विकसित किए हैं जो बालों की देखभाल के लिए सदियों पुराने रीतिरिवाजों और आधुनिक विज्ञान का आकर्षक मिश्रण हैं। जान्हवी कपूर हमारी पहली पसंद थीं, क्योंकि वे ब्रांड के व्यक्तित्व में पूरी तरह से फिट बैठती हैं।

## क्विक न्यूज

### फलस्तीनियों से बढ़ते तनाव के बीच टेंपल माउंट पहुंचे इजराइल के कैबिनेट मंत्री

**यरुशलम।** फलस्तीनियों के साथ बढ़ते तनाव के बीच रविवार को इजराइल के एक कैबिनेट मंत्री ने यरुशलम के संवेदनशील पवित्र स्थल टेंपल माउंट का दौरा किया। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर दक्षिणपंथी सरकार का हिस्सा बनने के बाद दूसरी बार पवित्र स्थल का दौरा करने पहुंचे हैं। दौरे के बाद बेन-गवीर ने एक बयान में कहा, इजराइली लोगों के सबसे महत्वपूर्ण स्थल टेंपल माउंट आकर काफी खुशी हो रही है। उन्होंने स्थल पर पुलिस की उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए कहा, यह दिखाता है कि यरुशलम किसके हाथ में है। उनकी इस यात्रा की वीडियो उनके कार्यालय द्वारा जारी की गई है। वहीं फलस्तीनी राष्ट्रपति के प्रवक्ता नबील अबू रुदीनेह ने बेन-गवीर के दौरे को मस्जिद पर हमला करार दिया। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने इसे भड़काऊ कदम करार देते हुए इसकी निंदा की और इसे एक खतरनाक तथा अस्वीकार्य कदम बताया। मंत्री की यह यात्रा इजराइलियों द्वारा यरुशलम दिवस मनाने के कुछ दिन बाद हुई है। यरुशलम दिवस 1967 के पश्चिम एशियाई युद्ध में इजराइल द्वारा पूर्वी यरुशलम को अपने कब्जे में लिए जाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। टेंपल माउंट यहूदी समुदाय का पवित्र स्थल है। यहीं अल-अक्सा मस्जिद भी है। चूंकि इजराइल ने 1967 में इस स्थल पर कब्जा कर लिया था, यहूदियों को वहां जाने की अनुमति है, लेकिन वहां वे प्रार्थना नहीं कर सकते।

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति पर सिख महिला की हत्या करने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रम्पटन शहर में भारतीय मूल के 44 वर्षीय एक व्यक्ति को एक सिख महिला की चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में आरोपी बनाया गया है। पील रिजनल पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि ब्रम्पटन के स्पैरो पार्क में शुक्रवार को नव नशान सिंह ने चाकू घोंपकर दविंद्र कौर की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कहा कि शाम छह बजे चाकूबाजी की खबर पर जब वह मौके पर पहुंची तब उसने महिला को घायल दशा में फुटपाथ पर पाया। पुलिस ने कहा कि महिला को बचाने का प्रयास किया गया पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि अपराधस्थल से महज कुछ दूरी पर सिंह को गिरफ्तार किया गया और उसे हत्या का आरोपी बनाया गया है। कांस्टेबल टाइलर बेल के अनुसार दोनों एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन दोनों के बीच किस प्रकार का रिश्ता था या फिर सिंह ने कौर को क्यों मार डाला, इन बातों का पता नहीं चल पाया है।

### माउंट एवरेस्ट से लौटते समय भारतीय मूल का सिंगापुरी पर्वतारोही लापता

**काठमांडू-सिंगापुर।** माउंट एवरेस्ट की चोटी से वापस लौटते समय भारतीय मूल का एक सिंगापुरी पर्वतारोही लापता हो गया है। उसके परिवार ने मामले पर तत्काल गौर करने और उनका पता लगाने की मांग की है। अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रेक के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय (39) शुक्रवार को समिट से लौटते समय 8,400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कैंप-ढ्ढ्ड्ड से लापता हो गए। अभियान प्रबंधक छांग दावा शेरपा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शेरपा गाइड की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, हालांकि रविवार दोपहर तक उनका कोई पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा, हमने पर्वत से लौटे अन्य पर्वतारोहियों से भी पूछताछ की है, लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। शेरपा ने बताया कि लापता पर्वतारोही की तलाश की जा रही है। वेबसाइट चेंजडॉटओआरजी पर डाली गई एक अर्जी के अनुसार, श्रीनिवास दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने के लिए पिछले महीने सिंगापुर से नेपाल रवाना हुए थे। श्रीनिवास की रिश्ते की बहन दिव्या भरत ने बताया कि ऐसा लगता है कि उनके शरीर के अंग अत्यधिक ठंड की वजह से सुन्न हो गए और बेहद ऊंचाई पर होने के कारण वह बीमार पड़ गए।

### पैकेज के बाद पहली बार हो रहा है यूनान में चुनाव

**एथेंस।** करीब तीन दशक के वित्तीय संकट के दौरान स्थिति से उबरने के लिए कर्ज देने वाले अंतरराष्ट्रीय दानकर्ताओं की यूनान की अर्थव्यवस्था पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण खत्म हो जाने के बाद देश में रविवार को पहला चुनाव हो रहा है। इस चुनाव में कंजरवेटिव प्रधानमंत्री कारियाकोस मिस्टोकिस (55) और वामपंथी साइरिजा पार्टी के अगुवा एलेक्सी त्सिपरास के बीच मुकाबला है। मिस्टोसिक हार्वर्ड से पढे-लिखे हैं और बैंक के कार्यकारी रह चुके हैं। त्सिपरास आर्थिक संकट के दौरान कुछ समय प्रधानमंत्री रहे थे। जीवनयापन की बढ़ती लागत मतदाताओं के लिए एक अहम मुद्दा है। एथेंस के निवासी दिमित्रिस होंड्रोजियान्निस (54) ने कहा, हर साल चीजें सुधरने के बजाय बिगड़ती ही जा रही हैं। सामान महंगा है। हर रोज, चीजें नियंत्रण के बाहर जा रही हैं। खरीददारी के लिए सुपरमार्केट जाने में डर लगता है। हम देखेंगे कि चीजें कैसे बढ़ेंगी। उन्हें स्थिर सरकार की उम्मीद है जो खाद्य पदार्थों एवं अन्य वस्तुओं के दामों को घटाने में मदद करेगी।

### अमेरिका : बर्मिंघम में एक बार के बाहर हुई गोलीबारी, चार घायल

**बर्मिंघम (अमेरिका)।** अमेरिका के अलबामा में बर्मिंघम स्थित एक बार के बाहर रविवार तड़के चार लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने इसे गोलीबारी की घटना करार दिया है। एक वेबसाइट ने बर्मिंघम पुलिस लेफ्टिनेंट रॉन हारलेस के हवाले से बताया कि शहर के लेकव्यू डिस्ट्रिक्ट में टिन रूफ के बाहर तीन पुरुषों और एक महिला को गोली मार दी गई। उन्होंने बताया कि इलाके में गोली चलने की सूचना मध्यरात्रि के बाद पौने एक बजे ड्यूटी पूरा कर चुके एक पुलिस अधिकारी को दी गई, जो टिन रूफ के अंदर ही कार्यरत है। पुलिस और बर्मिंघम दमकल और बचाव सेवा के अधिकारी घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और पाया कि एक व्यक्ति और एक महिला को गोली मार दी गई है।

### ईरान-पाकिस्तान सीमा पर झड़प, छह ईरानी सीमा रक्षकों की मौत

**तेहरान।** पाकिस्तान की सीमा के पास ईरान में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक अज्ञात सशस्त्र समूह के साथ झड़प में छह ईरानी सीमा रक्षकों की मौत हो गई। सरकारी टीवी की रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह झड़प राजधानी तेहरान से लगभग।,360 किलोमीटर (850 मील) दक्षिण-पूर्व में सिस्तान और बलूचिस्तान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत के सरवन शहर में हुई। उन्होंने बताया कि इस झड़प में अज्ञात हमलावरों को भी नुकसान पहुंचा है और वहां से वे भाग गए। हालांकि, इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है। टीवी रिपोर्ट के मुताबिक, झड़प के दौरान ईरान के दो सीमा रक्षक भी घायल हो गए। इस हमले के बाद न ही ईरान ने किसी पर आरोप लगाया है और न ही किसी समूह ने अभी तक इसकी जिम्मेदारी ली है। जिस इलाके में यह झड़प हुई है वह ईरान के सबसे कम विकसित भागों में से एक है। सुन्नी बहुलता वाले इस इलाके के निवासियों का सबंध शिया मुसलमानों के साथ लंबे समय से खराब चल रहा है।

### बलूचिस्तान में हमले में तीन सैनिकों की मौत, एक आतंकवादी भी मारा गया

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के जरघून इलाके में आतंकवादियों ने एक सुरक्षा चौकी पर शनिवार को हमला कर दिया, जिससे तीन सैनिकों की मौत हो गई और एक आतंकवादी भी मारा गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि आतंकवादियों ने उस जांच चौकी को निशाना बनाया, जिसे इलाके में कोयला खदानों में वसूली के प्रयासों को रोकने में मदद करने के लिए स्थापित किया गया था। बयान के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए गोलीबारी की। इसमें बताया गया है कि मुठभेड़ में तीन सैनिकों की मौत हो गई और एक आतंकवादी भी मारा गया। आईएसपीआर ने बताया कि जरघून के पर्वतीय क्षेत्र में एक तलाश अभियान शुरू किया गया है।

# कांग्रेस ने किया ओबीसी का अपमान : शाह

● भाजपा ने ही मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया

**भाषा ।** अहमदाबाद



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को विपक्षी कांग्रेस पर केंद्र में अपने शासन के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को परेशान करने और उसे अपमानित करने का आरोप लगाया और कहा कि यह भाजपा ही है, जिसने नरेंद्र मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। मोदी समुदाय के राष्ट्रीय सम्मेलन को यहां संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी ने ओबीसी को उसका उचित सम्मान दिया और उन्होंने गरीब नागरिकों की पीड़ा को समझा, क्योंकि वह स्वयं ऐसे परिवार में पैदा हुए हैं। साल 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई किसी व्यक्ति का अपमान करता है, तो कोई बड़ी बात नहीं होती है, लेकिन यदि कोई किसी पूरे समुदाय एवं प्रधानमंत्री का अपमान करता है, तो यह पूरे देश का अपमान है। शनिवार से अपने गृह राज्य गुजरात की यात्रा पर आए शाह ने कहा, केंद्र में अपने शासनकाल के दौरान कांग्रेस ने बस ओबीसी की उपेक्षा की , उसका उत्पीड़न एवं अपमान ही किया। जैसे ही भाजपा सत्ता में आई, प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी समुदाय को उसका उचित सम्मान दिया। यह भाजपा ही है, जिसने मोदी के रूप में देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। उन्होंने मोदी समुदाय को सूचित किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई ओबीसी मुख्यमंत्री दिए और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए मोदी द्वारा उठाए गए कदमों में केंद्रीय एवं नवोदय विद्यालयों में आरक्षण शुरू करना, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में आरक्षण, ओबीसी उद्यमियों के लिए उपक्रम पूंजी कोष बनाना शामिल है। शाह ने कहा, कांग्रेस ने करीब 56 साल शासन किया, लेकिन उसने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया। दूसरी तरफ, मोदी ने ओबीसी के लिए पिछले नौ वर्षों में कई चीजें की। इसके अलावा, मोदीजी हमेशा गरीबों की फिक्र करते हैं। उन्होंने गरीबों की पीड़ा को समझा, क्योंकि वह खुद ही ऐसे परिवार में पैदा हुए हैं। आप सभी को गर्व होना चाहिए कि मोदीजी आपके समुदाय से हैं। हर भारतीय के लिए यह बड़ी खुशी और गर्व की बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यह कहते हुए मोदीजी का ऑटोग्राफ मांगा कि वह अमेरिका में बहुत लोकप्रिय हैं। दुनिया में भारत के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन विनिर्माता बनने जैसे कई आंकड़े साझा करते हुए शाह ने कहा कि देश पिछले 65 वर्षों में जो हासिल नहीं कर सका, उसने उससे अधिक पिछले नौ सालों में मोदी के शासनकाल में हासिल किया। प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी और सूरत से भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी भी इस सम्मेलन में शामिल हुए। पूर्णेश मोदी के ही मानहानि संबंधी मुकदमे के कारण राहुल गांधी की संसद सदस्यता चली गई।

# जम्मू-कश्मीर की संस्कृति, विरासत, पर्यटन प्रदर्शित करने का ऐतिहासिक अवसर : सिन्हा

**भाषा ।** श्रीनगर-जम्मू

**जम्मू-कश्मीर के** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में जी-20 कार्यकारी समूह की बैठक यहां के लोगों के लिए अपनी संस्कृति, विरासत, पर्यटन और गर्मजोशी से भरे आतिथ्य को प्रदर्शित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है ।जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की तीसरी बैठक 22 से 24 मई तक ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में होने वाली है ।सिन्हा ने कहा कि जी-20 के सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और दुनिया की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिन्हा ने कहा कि इस तरह की बैठक विश्व स्तर पर वसुधैव कुटुम्बकम के साझा दृष्टिकोण को भारी बढ़ावा देगी और जम्मू-कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देगी। उन्होंने इस महीने के आवाम की आवाज़ रेडियो कार्यक्रम में कहा, बाईस मई से शुरू होने वाली जी-20 की पर्यटन कार्य समूह की तीसरी बैठक केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के 1.3 करोड़ नागरिकों के लिए अमूल्य संस्कृति, विरासत, पर्यटन और गर्मजोशी से भरे आतिथ्य का प्रदर्शन करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। सभी नागरिकों को आगे आना चाहिए और इस यादगार कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए। उपराज्यपाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लोगों से सक्रिय समर्थन मांगा। उन्होंने कहा, इस अमृतकाल में एक नए, आत्मनिर्भर जम्मू-कश्मीर का निर्माण करना हमारा संकल्प है। जी-20 बैठक का यह ऐतिहासिक अवसर जम्मू-कश्मीर की पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और समाज में नया उत्साह, नया विश्वास भरेगा। इस बीच, भाजपा पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि श्रीनगर में जी-20 बैठक का आयोजन एक स्वागत-योग्य कदम है, लेकिन शीतकालीन राजधानी जम्मू में इस तरह का आयोजन नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। आजाद ने अपने दूसरे दिन डोडा जिले के विभिन्न प्रखंडों में विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत करते हुए कहा, हालांकि जी-20 शिखर सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी करने का अवसर प्रदान करने के लिए एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन यह जम्मू में आयोजित नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र को कश्मीर के साथ-साथ जम्मू में जी-20 सदस्यों की बैठक भी आयोजित करनी चाहिए थी।

## बड़ी संख्या में भारतीयों को करना पड़ता है ऑनलाइन यात्रा घोटालों का सामना

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी के बाद देश मे पर्यटन बढ़ने के साथ ही ऑनलाइन यात्रा घोटालो की संख्या भी बढ़ रही है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट मे बताया गया कि बड़ी संख्या मे भारतीय यात्रियो को बुकिंग करते समय छूट के नाम पर ठगा गया है। मैकेफी कॉरपोरेशन की सेफर हॉलीडेज यात्रा रिपोर्ट के अनुसार सर्वे मे शामिल लगभग 51 प्रतिशत भारतीय यात्रा के लिए बुकिंग करने के दौरान रुपए बचाने की कोशिश मे ऑनलाइन घोटालो का शिकार हुए। रिपोर्ट मे यह भी खुलासा हुआ कि ठगी के शिकार 77 प्रतिशत लोग यात्रा शुरू होने से पहले ही।,000 डॉलर (83,000 रुपए) तक गंवा चुके थे। यह रिपोर्ट सात देशो के7,000 लोगो पर किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमे भारत से।,010 लोगो ने भाग लिया था। रिपोर्ट मे खुलासा किया गया कि भारत मे छुट्टियो के लिए यात्रा पर जाने वाले 66 प्रतिशत लोगो ने कहा कि वह इस वर्ष देश के अंदर ही यात्रा करेंगे जबकि 42 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय यात्रा करेंगे।

## त्रिपुरा भाजपा के संगठनात्मक मामलों हस्तक्षेप कर रहे हैं बाहरी : बिप्लब देब

**अगरतला।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक मामलो मे बाहरी लोग हस्तक्षेप कर रहे है और उन्होने राज्य मे जो हो रहा है, उससे नेतृत्व को अवगत कराया है। राज्यसभा सदस्य देब ने कहा कि बाहरी लोगो का हस्तक्षेप संगठन को कमजोर बना रहा है। हालांकि, उन्होंने यह नही बताया कि वह किसे बाहरी कह रहे है। देब ने कहा, बाहर के कुछ लोग संगठन मे हस्तक्षेप कर रहे है और मैने पहले ही पार्टी नेतृत्व को राज्य मे होने वाली घटनाओ से अवगत करा दिया है। हम नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी चलाएंगे। सरकार और संगठन को सही दिशा मे काम करना चाहिए। उन्होने कहा, आप लोग जानते है कि संगठन मे बाहरी हस्तक्षेप कैसे हो रहा है। यह संगठन को कमजोर बना रहा है। मै आईएएस या आईपीएस अधिकारी नही हूं, लेकिन मुझे पता है कि संगठन को कैसे मजबूत करना है। पार्टी नेतृत्व को बाहरी लोगो के हस्तक्षेप से अवगत कराना मेरा कर्तव्य था और मैने यह किया। भाजपा की राज्य इकाई मे फेरबदल पर उन्होने कहा कि यह पार्टी के वरिष्ठ नेताओ को विश्वास मे लेकर किया जाना चाहिए। देब रविवार शाम को दिल्ली गए थे, और सोमवार को पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक मे उनके शामिल होने की संभावना नही है। भाजपा की त्रिपुरा इकाई ने पिछले विधानसभा चुनाव मे खराब प्रदर्शन के लिए कुछ मंडल अध्यक्षो और कई बूथ समितियो के अध्यक्षो को हटा दिया है।

## सफलता के लिए अंत तक दृढ़ संकल्प रखे : चौधरी

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले के शहर किशनगढ़ निवासी मोहित चौधरी ने कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा-2022 में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करके न केवल अपने जिले का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 30 हज़ार विभिन्न पदों के लिए गत शनिवार रैंक जारी की गई। परीक्षा में आयकर अधिकारियों के करीब 400 पद थे। इस परीक्षा में देश भर से 36 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया था। विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करना उत्कर्ष का लक्ष्य- डॉ. निर्मल गहलोत मोहित चौधरी की यह स्वर्णिम सफलता निःसंदेह राज्य के सभी प्रतियोगी परीक्षार्थियों को प्रेरणा प्रदान करेगी और उन्हें अधिक लगन एवं आत्मविश्वास से तैयारी करने के लिए होंसला देगी। इसके लिए मोहित चौधरी बधाई के पात्र हैं। उत्कर्ष क्लासेस विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है।

# पुंछ में सेना का बड़ा आतंकवाद रोधी अभियान शुरू

● लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी

**भाषा ।** पुंछ

**जम्मू-कश्मीर में** सीमावर्ती पुंछ जिले के एक अग्रिम इलाके में एक संतरी ने शनिवार देर रात संदिग्ध गतिविधि देखी और गोली चलाई, जिसके बाद सेना ने रविवार को इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि लोगों को अपने-अपने घरों के अंदर रहने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर सेक्टर के केरी शिविर में देर रात करीब तीन बजे संतरी की ड्यूटी पर तैनात जवान ने संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद गोलीबारी की, जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति ने कोई जवाबी कदम नहीं उठाया, लेकिन सेना ने यह सुनिश्चित करने के लिए इलाके और निकटवर्ती जंगल में एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया है कि वहां कोई आतंकवादी तो मौजूद नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक तलाश अभियान के लिए घिरे विशाल वन क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है और लोगों को एहतियात के तौर पर घरों के भीतर ही रहने के लिए कहा गया है। हालांकि, जंगल में तलाशी अभियान अभी भी जारी है, लेकिन अभी तक संदिग्ध आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। पुंछ के पास भाटा धूरियन इलाके में 20 अप्रैल को सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों द्वारा घातक हमला किया गया था जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और एक अधिकारी घायल हो गया था। आतंकवादियों को शरण देने के लिए आतंकवादी संगठन के कम से कम छह सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, आतंकवादी अब भी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## कमलनाथ के दामन पर सिख विरोधी दंगों के दाग हैं: सारंग

**भोपाल ।** भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके (कमलनाथ) दामन पर वर्ष 1984 में दिल्ली में हुए सिख विरोधी दंगों के दाग हैं और उन्हें इन दंगों में अपनी संलिप्तता पर सफाई देना चाहिए। ए दंगे प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के थे। सारंग ने यहां आनन-फानन में बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कमलनाथ के दामन पर बड़ा दाग है। क्या इस तरह का दाग लेकर वे चुनाव (इस साल के अंत में होने वाला मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस का नेतृत्व करेंगे ? उन्हें जनता के बीच आकर बताना चाहिए कि क्या वे दंगों में संलिप्त थे? कांग्रेस ने देश में हर समय विभाजन की राजनीति की है। सारंग ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व से मेरी मांग है कि सिख नरसंहार के आरोपी कमलनाथ को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया जाए।

# टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को सीबीआई दोबारा तलब करेगी : भाजपा

**भाषा ।** कोलकाता



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने रविवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को आने वाले दिनों में सीबीआई द्वारा पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाला से लेकर कोयला और पशु तस्करी घोटालों के सिलसिले में तलब किया जाएगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से इतर संवाददाताओं से कहा कि शनिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ किए जाने पर बनर्जी नाराज हो सकते हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सीबीआई द्वारा इतने घंटों तक पूछताछ किए जाने से वह (अभिषेक) परेशान नजर आ रहे थे। लेकिन, जैसे-जैसे एसएससी घोटाले, कोयला तस्करी के मामलों की जांच गति पकड़ रही है, अगर आने वाले दिनों में उन्हें फिर से इस तरह की पूछताछ के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें रोना नहीं चाहिए। उन्हें जांचकर्ताओं के सामने अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी। यह अदालत की निगरानी वाली जांच है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा, नौ घंटे की पूछताछ के बाद अभिषेक बनर्जी के हाव-भाव से संकेत मिलता है कि सवाल तीखे थे और वह डरे हुए हैं। यह सिर्फ शुरुआत है। कई और बार सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का बुलावा आ सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, हमें अभिषेक बनर्जी से पूछताछ के नतीजे और उनके भविष्य के गंतव्य के बारे में जल्द ही पता चल जाएगा।

## क्विक न्यूज

### सरकारी बैंकों का मुनाफा बीते वित्त वर्ष में एक लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको (पीएसबी) का मुनाफा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में सामूहिक रूप से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। इसमें लगभग आधी हिस्सेदारी देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रही। पीएसबी के वित्तीय परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले कुछ साल मे बैंको ने लंबा रास्ता तय किया है। पीएसबी ने 2017-18 में 85,390 करोड़ रुपए का कुल शुद्ध घाटा दर्ज करने के बाद 2022-23 में।,04,649 का मुनाफा कमाया है। इन 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 2021-22 के 66,539.98 करोड़ रुपए की तुलना में 57 प्रतिशत बढ़ा है। प्रतिशत में देखें तो पुणे के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का मुनाफा सबसे अधिक 126 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,602 करोड़ रुपए रहा है। इसके बाद यूको ने 100 प्रतिशत की वृद्धि के साथ।,862 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा ने 94 प्रतिशत के साथ 14,110 करोड़ रुपए मुनाफा कमाया है। कुल मिलाकर एसबीआई का सालाना लाभ 59 प्रतिशत वृद्धि के साथ बीते वित्त वर्ष में 50,232 करोड़ रुपए रहा है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर अन्य पीएसबी ने शुद्ध लाभ में प्रभावी वृद्धि दर्ज की। पीएनबी का शुद्ध लाभ 2021-22 के 3,457 करोड़ रुपए से 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,507 करोड़ रुपए रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा सालाना लाभ कमाने वाले सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा (14,110 करोड़ रुपए) और केनरा बैंक (10,604 करोड़ रुपए) भी शामिल है।

### ईपीएस 95 के तहत पेंशन के लिए फॉर्मूले में बदलाव का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मासिक पेंशन निर्धारण के मौजूदा फॉर्मूले मे बदलाव पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इसके तहत पूरी पेंशन योग्य सेवा के दौरान प्राप्त औसत पेंशन योग्य वेतन के आधार पर मासिक पेंशन निर्धारित करने का प्रस्ताव है। हालांकि, इस बारे में अंतिम निर्णय पेंशन, उसके लिए भुगतान राशि और जोखिम का आकलन करने वाले एक्चुअरी की रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा। मामले से जुड़े एक सूत्र ने यह जानकारी दी। फिलहाल ईपीएफओ कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस-95) के तहत मासिक पेंशन के निर्धारण के लिए.... पेंशन योग्य वेतन (अंतिम 60 महीने का औसत वेतन) गुना पेंशन योग्य सर्विस I 70 ....फॉर्मूले का उपयोग करता है। सूत्र के अनुसार, ईपीएस (95) के तहत मासिक पेंशन के लिए फॉर्मूले को बदलने का प्रस्ताव है। इसमें पेंशन योग्य वेतन अंतिम 60 महीने के औसत वेतन की जगह पेंशन योग्य सेवा के दौरान प्राप्त औसत पेंशन योग्य वेतन को शामिल करने की योजना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया, यह अभी सिर्फ प्रस्ताव के स्तर पर है और इसपर अभी कोई अंतिम फैसला नही हुआ है। अंतिम निर्णय एक्चुअरी की रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईपीएफओ अगर पेंशन के लिए फॉर्मूले मे बदलाव करता है, तो इससे निश्चित रूप से उच्च पेंशन का विकल्प चुनने वालो समेत सभी की मासिक पेंशन का निर्धारण मौजूदा फॉर्मूले के मुकाबले कम होगा। इसे एक उदाहरण से समझ सकते है। मान लेते हैं कि अधिक पेंशन का विकल्प चुनने वाले का अंतिम 60 महीने का औसत वेतन 80,000 रुपए बैठता है और उसकी पेंशन योग्य नौकरी 32 साल है। ऐसे में मौजूदा फॉर्मूले (80,000 गुना 32I70) के तहत उसकी पेंशन....36,571 रुपए होगी। वही जब पूरी पेंशन योग्य नौकरी के दौरान वेतन का औसत लिया जाएगा तो मासिक पेंशन का निर्धारण कम होगा क्योकि नौकरी के शुरूआती दिनो मे वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) कम होता है।

### अनमोल इंडिया की इस वित्त में वर्ष आय बढ़ी

**लुधियाना।** अनमोल इंडिया आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन उद्योग कमोडिटी ट्रेडिंग और कोयला आयात में अग्रणी कंपनियों में से एक है। इसने अपनी बोर्ड मीटिंग में कंपनी की चौथी तिमाही और 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए प्रबंधन ने कहा कि हम अपनी मज़बूत तिमाही और वार्षिक आय की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं, जो हमारे परिचालन दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमने अपने परिचालनों को नए बाज़ारों में विविधता लाने के लिए जो प्रारंभिक कदम उठाया है, वह हमारी कंपनी के लिए दीर्घकालिक सफलता प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कारक है, और जैसे-जैसे नया वित्तीय वर्ष आकार लेगा विविधीकरण की रणनीति आगे बढ़ेगी। हम अपनी राजस्व धाराओं का धीरे-धीरे विस्तार करने और विकास के नए अवसरों की खोज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विविधीकरण की दिशा में परिकलित कदम उठाकरए हम अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों का पीछा करते हुए जोखिमों को कम करने और अपने वित्तीय प्रदर्शन को स्थिर करने का लक्ष्य रखते हैं।

### गंगा स्थित गांवों से निकलने वाले लगभग 2400 नालों की जियो टैगिंग कराएगी सरकार

**नई दिल्ली।** गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बारे मे संज्ञान लेते हुए सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग 2400 नालों की जियो टैगिंग करेगी और इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए उपकरण एरेस्टर स्क्रीन लगाएगी। गंगा नदी पर अधिकार सम्पन्न कार्यबल (ईटीएफ) की पिछले महीने हुई 11वीं बैठक के कार्यवृत (मिनट्स) दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। बैठक मे जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह निर्देश दिया। बैठक के कार्यवृत के अनुसार, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक ने बैठक मे बताया कि उत्तरकाशी मे सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। इससे नदी के जल मे ठोस कचरा प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। उन्होंने कहा कि गंगा नदी के किनारे कई स्थानों पर ठोस कचरा डाला जा रहा है जो नदी के जल मे जा रहा है। एनएमसीजी के महानिदेशक ने बताया कि इसके कारण जलमल शोधन संयंत्रों में गंदे पानी का शोधन करने में समस्याएं आ रही हैं। कार्यवृत दस्तावेज के अनुसार जल शक्ति सचिव, ग्रामीण विकास सचिव ने कहा कि अमृत 2.0 के कोष का उपयोग नदी जल में जा रहे ठोस कचरे को रोकने एवं स्क्रीन लगाने के लिए किया जा सकता है।

### राजनीतिक शहीदों की तुलना अनावश्यक झगड़े में मारे गए लोगों से करके बिशप निशाने पर आए

**कन्नूर।** केरल में एक कैथोलिक आर्कबिशप ने यह कहकर विवाद उत्पन्न कर दिया कि राजनीतिक शहीद वे है जो अनावश्यक झगड़े मे लिप्त होने के बाद मारे गए। बाद मे इस बयान की रविवार को राज्य के राजनीतिक नेताओं ने आलोचना की। शनिवार को केरल कैथोलिक यूथ मूवमेंट (केसीवाईएम) के एक कार्यक्रम मे थालास्सेरी के आर्कबिशप एम जोसेफ पामप्लानी ने कहा कि ईशु के 12 प्रचारक की शहादत राजनीतिक शहीदो से अलग थी। उन्होने कहा, प्रचारको की शहादत राजनीतिक शहीदो की तरह नही है। कुछ राजनीतिक शहीद वे है जिन्हे किसी के साथ अनावश्यक झगड़े मे गोली मार दी गई या कुछ वे है जो कुछ विरोध प्रदर्शनो के बाद पुलिस से भागते समय पुल से नीचे गिर गए। लेकिन 12 शहीद धर्म प्रचारक (ईशु के) वे है जिन्होने सच्चाई और दुनिया की भलाई के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। यह वीडियो रविवार को वायरल हो गया जिसके बाद एलडीएफ संयोजक ई पी जयराजन और वरिष्ठ वामपंथी नेता पी जयराजन सहित कई वरिष्ठ वामपंथी नेताओ ने बयान की आलोचना की

# सीबीआई ने लगातार दूसरे दिन समीर वानखेड़े से पांच घंटे पूछताछ की

● क्रूज मादक पदार्थ जब्ती मामला

**भाषा ।** मुंबई

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो** (सीबीआई) ने रविवार को लगातार दूसरे दिन स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व स्थानीय क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कॉर्डेलिया क्रूज से मादक पदार्थ की जब्ती मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम शामिल न करने के एवज में उनसे कथित रूप से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने संबंधी आरोपों के सिलसिले में पूछताछ के लिए वानखेड़े लगातार दूसरे दिन यहां सीबीआई के समक्ष पेश हुए। अधिकारी ने बताया कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े सीबीआई के बांद्रा-कुर्ला परिसर स्थित कार्यालय में पूर्वाह्न साढ़े दस बजे के आसपास पहुंचे। वानखेड़े ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान वानखेड़े को दोपहर का भोजन करने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि वानखेड़े शाम करीब साढ़े चार बजे सीबीआई कार्यालय से निकले। सीबीआई ने शनिवार को वानखेड़े से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। वानखेड़े ने शाम साढ़े चार बजे सीबीआई कार्यालय से बाहर निकलने के बाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ मुंबई के प्रभादेवी स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए थे।



आसाम में ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे हुए मृदा अपरदन से हुए नुकसान को ठीक करते कर्मी

# भव्य रूप में मनेगा असम की चाय का द्विशताब्दी वर्ष : हिमंत

**गुवाटाही ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के मौके पर कहा कि असम चाय के द्विशताब्दी वर्ष को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार चाय बागान समुदाय के कल्याण के लिए काम करने को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, 200 वर्षों से, असम की कड़क चाय दुनिया भर में करोड़ों लोगों के दिन की शुरुआत करती आ रही है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर हम बागान समुदाय के 70 लाख लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और भारत के राष्ट्रीय पेय के द्विशताब्दी वर्ष को भव्य तरीके से मनाएंगे। राज्य के उद्योग और वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा ने भी इस मौके पर चाय बागान समुदाय को बधाई दी। बोरा ने ट्विटर पर कहा, अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के मौके पर मैं उन सभी चाय श्रमिकों और उद्यमियों को शुभकामनाएं देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं, जिनके लगातार प्रयासों ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया है। गुवाहाटी टी ऑक्शन सेंटर ने रविवार को अपने परिसर में एक स्टॉल लगाया, जो पूरे दिन निशुल्क चाय देगा। राज्य सरकार और टी बोर्ड इंडिया ने भी इस अवसर पर यहां एक कार्यक्रम आयोजित किया है।

# जम्मू में तिरुपति बालाजी मंदिर का निर्माण पूरा

● आठ जून से खुल जाएंगे कपाट

**भाषा ।** जम्मू



**जम्मू-कश्मीर** में माजीन के शिवालिक वनों में तिरुपति बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और मंदिर के कपाट आठ जून को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यह मंदिर 62-एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है और इस पर 30 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। यह जम्मू क्षेत्र के सबसे बड़े मंदिरों में से एक होगा और इससे केंद्र शासित प्रदेश में धार्मिक और तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जम्मू का यह मंदिर आंध्र प्रदेश से बाहर बनाया जा रहा छठा बालाजी मंदिर होगा। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने पहले हैदराबाद, चेन्नई, कन्याकुमारी, दिल्ली और भुवनेश्वर में मंदिरों का निर्माण कराया था। टीटीडी के प्रमुख वाई. वी. सुब्बा रेड्डी ने कहा, हमने मंदिर का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है और आठ जून को इसका उद्घाटन किया जाएगा। तीन जून से अनुष्ठान शुरू होंगे। जम्मू में मंदिर का निरीक्षण करने वाले रेड्डी ने कहा, तिरुमाला में जो भी व्यवस्था और प्रथा अपनाई जा रही है, वह यहां भी अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टीटीडी ने पवित्र स्थान पर तिरुपति बालाजी मंदिर का निर्माण किया है और यह जम्मू और कटरा के बीच के मार्ग पर पड़ता है। कटरा में ही माता वैष्णो देवी मंदिर स्थित है। टीटीडी की पहल है कि देशभर में कई बालाजी मंदिरों का निर्माण किया जाए और इसी पहल का हिस्सा जम्मू में बन रहा मंदिर है। यह माजीन में शिवालिक के जंगलों के बीच स्थित है। इसका निर्माण दो साल से भी कम वक्त में पूरा हो रहा है, जो एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, टीटीडी पूरे देश में बालाजी मंदिर बना रहा है। इसलिए, जो लोग आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने नहीं जा सकते हैं, वे अपने शहरों में इन मंदिरों में दर्शन कर लें। रेड्डी ने कहा, जम्मू-कश्मीर सरकार ने 2021 में 62 एकड़ जमीन आवंटित की थी और हमने उसी साल निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। हम इसे पूरा करने के करीब हैं। आंध्र प्रदेश से आए मंदिर निर्माण कार्य के प्रभारी रब्बानी ने कहा, हम पिछले दो वर्षों से तिरुपति बालाजी मंदिर के निर्माण पर समर्पित रूप से काम कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण पूरी तरह से पत्थरों से किया गया है, जबकि मूर्तियां सीमेंट से बनी हैं।

# बेंगलुरु शहर में जलमग्न अंडरपास में कार के फंसने से युवती की डूबकर मौत

**बेंगलुरु, ।** बेंगलुरु में रविवार को भारी बारिश के बीच विधानसौध के पास के. आर. सर्किल अंडरपास में पानी भरने के कारण कार में अपने परिवार के साथ यात्रा कर रही 22 वर्षीय युवती की डूबने से मौत हो गई। शहर के बीचो बीच अंडरपास में पानी भरने से जलमग्न कार में सवार परिवार के पांच अन्य सदस्यों तथा चालक को दमकल और आपात सेवा कर्मियों ने वहां मदद करने पहुंचे लोगों की मदद से बचा लिया। कार में सवार सभी लोगों को सेंट मार्था अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने भानुरेखा नाम की युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया अस्पताल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए मुआवजा देने और अस्पताल में भर्ती लोगों के मुफ्त इलाज की घोषणा की। सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से परिवार ने एक कार किराए पर ली थी और बेंगलुरु घूमने आया था। भानुरेखा इंफोसिस में काम करती थीं। बारिश के कारण, अंडरपास का बैरिकेड गिर गया और ड्राइवर ने अंडरपास को पार करने का जोखिम उठाया, जो उसे नहीं करना चाहिए था। भानुरेखा 22 साल की थीं। घटना को कवर कर रहे पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की कि जब भानुरेखा को अस्पताल लाया गया तब वह जीवित थीं लेकिन चिकित्सकों ने उनका उपचार करने से इनकार कर दिया। इस पर सिद्धरमैया ने कहा कि वह इसकी जांच करवाएंगे और कार्वाई की जाएगी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक अंडरपास में पानी के स्तर को महसूस किए बिना, कार ड्राइवर ने आगे बढ़ने की कोशिश की लेकिन बीच में ही कार लगभग जलमग्न हो गई।

# ग्रीन और मधवाल ने दिलाई को मुंबई को जीत

## सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया

भाषा। मुंबई



**आकाश मधवाल** (37 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कैमरून ग्रीन की नाबाद आतिशी शतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 12 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखी। हैदराबाद ने मयंक अग्रवाल की 83 रन पारी के साथ शुरुआती विकेट के लिए विवरांत शर्मा (69) के साथ 83 गेंद में 140 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 200 रन बनाए थे। मुंबई ने 18 ओवर में दो विकेट गंवा पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से मुंबई के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और प्लेऑफ के टिकट के लिए उसे गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बीच खेले जाने वाले मैच के परिणाम का इंतजार करना होगा। आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। ग्रीन ने 47 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और इतने ही छक्के लगाने के साथ कप्तान रोहित शर्मा (37 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 गेंद में 128 रन और सूर्यकुमार यादव (16 गेंद में नाबाद 25 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 30 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी की। रोहित ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया जबकि सूर्यकुमार यादव ने चार चौके जड़े। हैदराबाद के लिए सिर्फ भुवनेश्वर कुमार (चार ओवर में 26 रन पर एक विकेट) ही गेंद से प्रभाव छोड़ सके। इससे पहले मयंक ने 46 गेंद की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए तो वहीं विवरांत ने 47 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। इन दोनों का विकेट मधवाल ने लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इशान किशन (12 गेंद में 14 रन) ने दूसरे ओवर में नीतिश रेड्डी के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर आक्रामक तेवर दिखाए लेकिन वह अगले ओवर में भुवनेश्वर की गेंद पर हैरी ब्रुक को कैच दे बैठे। कैमरून ग्रीन ने पहली ही गेंद पर चौका लगाने के बाद पांचवें ओवर में नीतिश रेड्डी, छठे ओवर में कार्तिक त्यागी के खिलाफ एक-एक छक्का और सातवें ओवर में मयंक डागर के खिलाफ दो छक्के जड़ दिए। नेट रन रेट बेहतर करने की कोशिश में रोहित ने नौवें ओवर में विवरांत के नो बॉल पर छक्का जड़ा। ग्रीन ने इसी ओवर में छक्के के साथ 20 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद एक रन के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया। रोहित ने अगले ओवर में उमरान मलिक के खिलाफ हैट्रिक चौका जड़ दिया। ग्रीन ने 11वें ओवर में चौका लगाने के बाद एक रन के साथ महज 51 गेंद में रोहित के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। अगले ओवर में त्यागी पर चौके के साथ रोहित ने 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में सनवीर ने रोहित का आसान कैच टपका दिया। ग्रीन से 13वें ओवर में दो छक्के खाने के बाद नीतिश रेड्डी ने अगले ओवर में डागर की गेंद पर हवा में छलांग लगाकर रोहित का शानदार कैच लपका। सोलहवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए उमरान मलिक के खिलाफ ग्रीन ने चौका और छक्का तथा सूर्यकुमार ने दो चौके लगाकर 20 रन बटोरे और मुंबई की जीत के करीब पहुंचा दिया। ग्रीन ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर पर एक रन के साथ अपना आईपीएल में अपना पहला सैकड़ा पूरा किया और टीम को यादगार जीत दिला दी। टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद मुंबई के गेंदबाजों ने शुरुआती दो ओवर में रन बनाने का मौका नहीं दिया। मयंक ने जेसन बेहरेनडॉर्फ और मधवाल के खिलाफ तीसरे और पांचवें ओवर में दो- दो चौके के साथ हाथ खोला।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारीः** विवरांत का स्थानापन्न (रमनदीप) बो मधवाल 69, अग्रवाल का किशन बो मधवाल 83, क्लासेन बो मधवाल 18, फिलिप्स का कार्तिकेय बो जॉर्डन 01, मार्कराम नाबाद 13, ब्रुक बो मधवाल 00, सनवीर नाबाद 04, **अतिरिक्तः** (लेगबाईः 05, नो बॉल 01, वाइडः 06) 12, कुल योगः (20 ओवर में पांच विकेट पर) 200 रन, **विकेट पतनः** 1-140, 2-174, 3-177, 4-186, 5-186, **गेंदबाजीः** जेसन 3-0-36-0, ग्रीन 1-0-2-0, जॉर्डन 4-0-42-1, मधवाल 4-0-37-4, चावला 4-0-39-0, कुमार कार्तिकेय 4-0-39-0

**मुंबई इंडियंस पारीः** इशान का ब्रुक बो भुवनेश्वर 14, रोहित का नीतिश रेड्डी बो डागर 56, ग्रीन नाबाद 100, सूर्यकुमार नाबाद 25, **अतिरिक्त** : (लेगबाईः 01 नोबॉलः 04, वाइडः 01) 06, **कुल योगः** (18 ओवर में दो विकेट पर) 201 रन, **विकेट पतनः** 1-20, 2-148, **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 4-0-26-1, रेड्डी 3-0-35-0, डागर 4-0-37-1, त्यागी 2.5-0-41-0, मलिक 3-0-41-0, विवरांत शर्मा 1-0-19-0, मार्कराम 0.1-0-1-0

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### भारतीय टीम में चयन के बारे में नहीं सोच रहाः रिंकू



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के निराशाजनक इंडियन प्रीमियर लीग अभियान में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते है और अभी भारतीय टीम मे चयन के बारे मे नही सोच रहे। मौजूदा सत्र मे गुजरात टाइटंस पर केकेआर की जीत में पांच छक्के जड़कर सुर्खियां बटोरने वाले रिंकू आईपीएल 2023 में अपनी टीम के शीर्ष बल्लेबाज और फिनिशर के रूप मे उभरे। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने उन्हें भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने का दावेदार बताया। रिंकू ने शनिवार को यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ केकेआर की एक रन की हार के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, इस तरह के सत्र से किसी को भी बहुत अच्छा लगेगा लेकिन मै अभी इतनी दूर तक नही सोच रहा हूं कि मुझे भारतीय टीम में चुना जाएगा। पच्चीस साल के रिंकू ने मौजूदा सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ते हुए 33 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए और लखनऊ के खिलाफ केकेआर को रोमांचक जीत के करीब ले गए। केकेआर के लिए सत्र मे रिंकू ने 59.25 के औसत और 149 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए। सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत के लिए आखिरी तीन गेंदो पर तीन छक्के लगाने की जरूरत थी और यह गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले जैसी स्थिति थी जब रिंकू ने लगातार पांच छक्के जड़कर टीम को जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा, मै पूरी तरह से निश्चिंत था और सोचा कि जो भी होगा देखा जाएग। हां, (गुजरात टाइटंस के खिलाफ) लगातार पांच छक्के मारने का विचार मेरे दिमाग मे आया था। मै सिर्फ एक गेंद (छक्का मारने से) से चूक गया और यह चौका हो गया।

### रिंकू सफलता का भूखा, उसका भविष्य उज्जवलः फ्लावर

**कोलकाता।** लखनऊसुपरजाइंट्स के कोच एंडी फ्लावर का मानना है कि रिंकू सिंह अपने शांत व्यवहार और सफलता की भूख के साथ भारतीय टीम मे जगह बनाने का संभावित दावेदार है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उतार-चढ़ाव भरे आईपीएल अभियान मे 25 साल के रिंकू ने शानदार प्रदर्शन किया। केकेआर की टीम शनिवार को यहां लखनऊसुपरजाइंट्स से एक रन से हारकर आईपीएल 2023 से बाहर हो गई। फ्लावर ने मैच के बाद मीडिया से कहा, रिंकू ने फिर से उन्हें इतना करीब लाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी, क्या ऐसा नही था? हम वास्तव मे अच्छी स्थिति मे थे लेकिन अगर वे इसे वहां से जीतते तो यह वास्तव मे आश्चर्यजनक होता। इंग्लैंड की टी20 विश्व कप और एशेज विजेता टीम के पूर्व कोच ने कहा कि रिंकू का भविष्य उज्जवल है। उन्होंने कहा, वह वास्तव मे शारीरिक रूप से प्रतिभाशाली व्यक्ति की तरह दिखता है।

### मोहन बागान ने अपने प्रशंसकों के साथ दुर्व्यवहार के लिए केकेआर प्रबंधन को लताड़ा

**कोलकाता।** मोहन बागान ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि शहर की आईपीएल फ्रेंचाइजी ने उसके प्रशंसकों को इस फुटबाल क्लब की जर्सी पहनने के कारण ईडन गार्डन्स में प्रवेश करने से रोक दिया था। मोहन बागान और लखनऊसुपरजाइंट्स का मालिक आरपी संजीव गोयनका ग्रुप है। लखनऊ की टीम केकेआर के खिलाफ शनिवार को खेले गए मैच में बागान की जर्सी के रंग वाली पोशाक पहनकर उतरी थी। लखनऊ ने यह मैच एक रन से जीता था। मोहन बागान के महासचिव देवाशीष दत्ता ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यह मोहन बागान के समर्थकों के लिए विशेष मैच था क्योंकि लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम हरे और मैरून रंग की जर्सी पहनकर इस मैच मे उतरी थी। लेकिन केकेआर के प्रबंधकों ने मोहन बागान के समर्थकों को स्टेडियम मे प्रवेश की अनुमति नही दी क्योंकि उन्होंने मोहन बागान की जर्सी पहन रखी थी। मोहन बागान एथलेटिक क्लब केकेआर के इस फैसले की कड़ी निंदा करता है।

## लंबी कूद की खिलाड़ी शैली जापान में कांस्य पदक जीता

**योकोहामा (जापान)।** भारत की प्रतिभाशाली युवा शैली सिंह रविवार को यहां सेको गोल्डन ग्रां प्री मे महिलाओ की लंबी कूद मे 6.65 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्नीस साल की शैली ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड स्तर की इस स्पर्धा के शुरूआती प्रयास मे ही 6.65 मीटर की दूरी हासिल की जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास साबित हुआ। यह हालांकि उनके व्यक्तिगत प्रयास से 11 सेंटीमीटर कम है। वह तीसरे दौर तक शीर्ष पर चल रही थी।

## जयप्रकाश सर्वसम्मति से दोबारा भारतीय तैराकी महासंघ के अध्यक्ष चुने गए

**चेन्नई।** भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने रविवार को यहां आम सभा की बैठक के दौरान आरएन जयप्रकाश के दोबारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। जयप्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए भारतीय तैराकी महासंघ का अध्यक्ष चुना जाना सम्मान की बात है। मै गर्व के साथ कह सकता हूं कि मेरे पहले कार्यकाल के दौरान भारतीय तैराकी ने शानदार प्रगति की।

## अल सल्वाडोर में फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत

**सेन सल्वाडोर (अल सल्वाडोर)।** सल्वाडोर फुटबॉल लीग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान स्टेडियम के एक प्रवेश द्वार पर धक्का-मुक्की के बाद मची भगदड़ मे कम से कम 12 लोगो की मौत हो गई और दर्जनो लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय सिविल पुलिस ने ट्विटर के माध्यम से एक शुरूआती रिपोर्ट मे कहा कि कस्कैटलान के मॉन्युमेंटल स्टेडियम मे क्लब एलियांजा और एफएएस के बीच मैच मे नौ लोगो के मरने की पुष्टि हुई है। यह स्टेडियम राजधानी से लगभग 25 मील (41 किलोमीटर) पूर्वोत्तर मे है। पुलिस ने बताया कि अस्पतालो मे ले जाए गए घायलो मे से कम से कम दो की हालत गंभीर है।

## विंबलडन चैंपियन रिबाकिना ने इटैलियन ओपन जीता

**रोम।** एलेना रिबाकिना ने शनिवार को यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। विबलडन चैंपियन रिबाकिना ने यूक्रेन की एनहेलिना कालिनिना के दूसरे सेट की शुरूआत मे बाएं जांघ की चोट के कारण मुकाबले से हटने पर खिताब जीता। कालिनिना ने चोट के कारण जब मुकाबले से हटने का फैसला किया उस समय रिबाकिना 6-4, 1-0 से आगे चल रही थी। पुरूष वर्ग के फाइनल मे रविवार को होल्गर रूने का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। बीस साल के रूने ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कास्पर रूड को सेमीफाइनल मे 6-7 (2), 6-4, 6-2 से हराया जबकि मेदवेदेव ने स्टीफानोस सितसिपास को 7-5, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को मुकाबले वर्षा से प्रभावित रहे।

## मरे ने फ्रेंच ओपन से नाम वापस लिया

**पेरिस।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन एंडी र्मे ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाली प्रतियोगिता फ्रेंच ओपन से नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन का यह 36 वर्ष के खिलाड़ी 2016 मे फ्रेंच ओपन के फाइनल मे नोवाक जोकोविच से हार गया था। इसके अलावा वह लाल बजरी पर होने वाली इस प्रतियोगिता मे चार बार सेमीफाइनल मे भी पहुंचे है। फ्रेंच ओपन 28 मई से शुरू होगा जिसमें 14 बार के चैंपियन राफेल नडाल भी हिस्सा नही लेंगे। नडाल ने गुरुवार को घोषणा की थी कि वह कूल्हे की अपनी चोट से अभी तक पूरी तरह नही उबरे है।

# कोहली की पारी बेकार, आरसीबी हारा

## गुजरात टाइटंस 6 विकेट से जीता

बेंगलुरू। 21 मई (भाषा)



**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को 6 विकेट से हरा दिया। इससे पहले बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना लगातार दूसरा और कुल सातवां शतक जमाया जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां पांच विकेट पर 197 रन बनाएं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़ने वाले कोहली ने 61 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल है। इससे उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़कर आईपीएल में सर्वाधिक शतक जड़ने का रिकॉर्ड भी बनाया। वह इस टी20 लीग में लगातार मैचों में शतक बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। गुजरात टाइटंस पहले ही लीग चरण में शीर्ष पर रह कर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है लेकिन आरसीबी को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में जीत की दरकार है। बारिश के कारण लगभग एक घंटे देरी से शुरू हुए खेल में टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की टीम ने धीमी शुरुआत की तथा पहले दो ओवर में केवल 10 रन बनाए। फाफ डुप्लेसी ने मोहम्मद शमी पर चार चौके और कोहली ने यश दयाल पर लगातार तीन चौके लगाकर चिन्नास्वामी स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों में जोश भरा। आरसीबी ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 62 रन बनाए। डुप्लेसी हालांकि बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 19 गेंदों पर 28 रन बनाकर नूर अहमद (39 रन देकर दो) की गेंद पर कैच देकर पवेलियन लौट गए। मैक्सवेल (11) ने अहमद के इस ओवर में छक्का और चौका लगाया। लेकिन राशिद खान (24 रन देकर एक) ने अगले ओवर में उनकी गिल्लियां बिखेर कर दर्शकों को सन्न कर दिया। विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने नूर अहमद की वाइड गेंद पर महिपाल लोमरोर (एक) को स्टंप आउट करके आरसीबी का स्कोर तीन विकेट पर 85 रन कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**आरसीबी पारीः** कोहली नाबाद 101, डुप्लेसी का तेवतिया बो नूर 28, मैक्सवेल बो राशिद 11, लोमरोर स्टं. साहा बो नूर 01, ब्रेसवेल का एवं बो शमी 26, कार्तिक का साहा बो दयाल 00, रावत नाबाद 23, अतिरिक्तः (लेग बाईः 02 वाइडः 05) 07, कुल योगः (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 197 रन, **विकेट पतनः** 1-67, 2-80, 3-85, 4-132, 5-133, **गेंदबाजीः** शमी 4-0-39-1, दयाल 4-0-39-1, खान 4-0-24-1, अहमद 4-0-39-2, शर्मा 4-0-54-0

## ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए थोड़ी बेहतर स्थिति मेंः चैपल

**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया का मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की परिस्थितियों में अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ उसका पलड़ा भारी करता है। उन्होंने साथ ही कहा कि चोटिल जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। बुमराह और पंत के अलावा श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल दो अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं जो चोटों के कारण सात से 11 जून तक होने वाले फाइनल से बाहर हो गए हैं।

# रिकर्व तीरंदाज रहे खाली हाथ

## विश्व कप मे भारत दूसरे स्थान पर रहा



भाषा। शंघाई

**कंपाउंड वर्ग** के तीरंदाजों के अच्छे प्रदर्शन को विश्व कप चरण दो में रिकर्व वर्ग के तीरंदाज जारी नहीं रख सके जिससे रविवार को भारत का अभियान तीन पदक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर खत्म हुआ। कोरिया ने अंताल्या में हुए सत्र के शुरूआती विश्व कप में भाग नहीं लिया था। टीम ने इस विश्व कप के रिकर्व वर्ग में चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य हासिल किया जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 11 हो गई। तरुणदीप राय, अतनु दास और युवा नीरज चौहान के शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद भारत को उभरते हुए तीरंदाज धीरज बोम्मादेवारा से उम्मीदें थे। कोरिया के तीरंदाज ओह जिन हॉके ने हालांकि प्री-क्वार्टर फाइनल में सेना के इस खिलाड़ी को सीधे सेट में 0-6 (29-30, 28-29, 29-30) से शिकस्त दी। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धीरज और सिमरनजीत कौर की जोड़ी पहले सेट की बढ़त को बरकरार रखने में विफल रही। इंडोनेशिया की जोड़ी ने उन्हें 2-6 (39-35, 37-39, 37-38, 34-35) से हराकर अंतिम-16 दौर से बाहर का रास्ता दिखाया। इस वर्ग में भारत का कोई भी तीरंदाज पदक दौर में जगह नहीं बना पाया। भारत ने इस चरण में अपने सभी पदक कंपाउंड वर्ग में जीते। प्रथमेश जावकर और अवनीत कौर ने क्रमशः व्यक्तिगत स्वर्ण और कांस्य जीता जबकि ओजस देवताले एवं ज्योति सुरेखा वेनाम की जोड़ी ने मिश्रित टीम वर्ग में स्वर्ण जीता।

## विश्व चैम्पियनशिप : शरत, साथियान व मनिका ने जीत से किया आगाज

**डरबन।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल और जी साथियान ने रविवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष एकल के पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 56वें स्थान पर काबिज शरत ने रैंकिंग में 170वें स्थान के ऑस्ट्रिया के खिलाड़ी डेविड सेर्डारोग्लू को पहले दौर के मुकाबले में 11-8, 9-11, 11-9, 11-6, 11-6 से शिकस्त दी। साथियान ने इंग्लैंड के टॉम जार्विस को 4-3 (11-9, 11-8, 7-11, 11-2, 15-13, 13-11, 11-6) से हराया। एकल प्रतियोगिता में अन्य भारतीय मनिका बत्रा ने अल्जीरिया की लिंडा लोगराबी को 4-0 (11-1 11-3 11-2 11-5) से हराया। मानुष शाह और हरमीत देसाई शनिवार को अपने शुरुआती मैच हार गए थे। श्रीजा अकुला ने इटली की निकोल अर्लिया के खिलाफ शुरुआती दौर में जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई।

# बायर्न की हार से डोर्टमंड के पास बुंदेसलीगा में शीष पर जाने का मौका

भाषा। बर्लिन



**बायर्न म्यूनिख** को शनिवार को यहां लेपजिग के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे डोर्टमंड के पास अंतिम दौर से पहले शीर्ष पर जगह बनाने का मौका है। बायर्न को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाला लगातार 11वां खिताब जीतने के लिए अंतिम दो मैच जीतने थे लेकिन लेपजिग के खिलाफ म्यूनिख मे उसकी हार के साथ टीम की राह मुश्किल हो गई जबकि डोर्टमंड को शीर्ष पर जगह बनाने का मौका मिल गया। बायर्न को 25वें मिनट में सर्गी गनेबरी ने बढ़त दिलाई। टीम मध्यांतर पर 1-0 से आगे थी। दूसरे हाफ मे कोनरेड लेमर ने 64वें मिनट मे लेपजिग को बराबरी दिला दी जबकि क्रिस्टोफर एनकुंकू (76वें) और डोमीनिक जोबोस्जलाई (86वें मिनट) ने पेनल्टी पर गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। इस हार के बावजूद बायर्न की टीम 33 मैच मे 68 अंक के साथ शीर्ष पर है। डोर्टमंड के पास रविवार को अंक तालिका के निचले हिस्से मे चल रहे ऑग्सबर्ग को हराकर तालिका मे शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। टीम के 32 मैच मे 67 अंक है।

## आर्सेनल की हार से मैनचेस्टर सिटी का ईपीएल खिताब पक्का

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी का शनिवार को दूसरे स्थान पर चल रहे आर्सेनल की नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-1 की हार के साथ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे लगातार तीसरा खिताब जीतना तय हो गया। सिटी का 143 साल के अपने इतिहास में यह ईपीएल का नौवां खिताब है। सिटी की नजरें अब मौजूदा सत्र मे तीन बड़े खिताब जीतकर हैट्रिक बनाने पर टिकी है। आर्सेनल की हार से सिटी को अंक तालिका के शीर्ष पर चार अंक की अजेय बढ़त हासिल हो गई है।

## मिलान ने सेम्पडोरिया को 5-1 से हराया

**मिलान।** चैंपियन्स लीग मे शिकस्त के बाद वापसी करते हुए एसी मिलान ने निचली लीग मे खिसक चुके सेम्पडोरिया को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट मे 5-1 से हराकर अगले सत्र मे होने वाली यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावना मजबूत की। ओलीवर गिरोड ने सिरी ए मे अपनी पहली हैट्रिक बनाई जबकि राफेल लियो और ब्राहिम डियाज ने भी गोल दागे। सेम्पडोरिया की ओर से एकमात्र गोल फाबियो क्वागिलयारेला ने किया। इस जीत से एसी मिलान की टीम चौथे स्थान पर चल रहे लाजियो से सिर्फ एक जबकि तीसरे स्थान पर चल रहे इंटर मिलान से दो अंक पीछे रह गई है। शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग मे जगह बनाएंगी।

## अर्जेन्टीना ने उज्बेकिस्तान, अमेरिका ने इक्वाडोर को हराया


**ब्यूनर्स आयर्स।** जोनाथन गोमेज के इंजरी टाइम मे दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत इक्वाडोर के खिलाफ 1-0 की जीत के साथ की जबकि मेजबान अर्जेन्टीना ने एशियाई चैंपियन उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराया। अर्जेन्टना की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप ए मे शीर्ष पर चल रही है जबकि ग्रुप बी मे अमेरिका की टीम दूसरे स्थान पर है।

## हैपकिडो में पहले दिन दिल्ली व बंगाल को 6-6 स्वर्ण



**लखनऊ।** दिल्ली के खिलाड़ियों ने द्वितीय राष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ 6 स्वर्ण व 6 रजत पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। हैपकिडो एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैपकिडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता में रविवार को पश्चिम बंगाल के खिलाड़ियों ने भी पहले दिन 6 स्वर्ण पदक जीते लेकिन रजत पदक की संख्या कम होने से टीम दूसरे स्थान पर चल रही है। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुधीर गर्ग वरिष्ठ आईएएस ने किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर रोका



भाषा। एडिलेड

**दीप ग्रेस एक्का के** गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से पिछड़ने के बाद मुकाबला 1-1 से बराबरी पर खत्म करने में सफल रही। भारत ने पहले ही श्रृंखला को 0-2 से गंवा दिया था। दीप ने मैच के 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच का इकलौता गोल मैडिसन ब्रुक ने 25वें मिनट में किया। भारत ने मैच की शुरुआत सकारात्मक तरीके से करते हुए गेंद को अपने नियंत्रण में रखते हुए अच्छे पास देने पर पर ध्यान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने भी इस दौरान भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें मौके को भुनाने में विफल रही। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरूआत की लेकिन ब्रुक ने फ्री हिट पर मिले शानदार पास को गोल में बदल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत भारत ने बराबरी करने के लिए जोर लगाया। टीम को इसका फायदा भी मिला जब ग्रेस ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद आक्रामक रुख अपनाकर भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाया लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली।

### सविता ने 250, निक्की ने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता और अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान ने रविवार को एडीलेड मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे मैच के दौरान देश के लिए क्रमशः 250 और 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की। डरबन में 2009 में चार देशो के स्पार कप टूर्नामेंट मे पदार्पण के बाद सविता ने अच्छे प्रदर्शन की बदौलत टीम मे अपनी जगह पक्की की।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए लखनऊ तैयार

## खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में दिखा उत्साह

## 6 किमी क्रास कंट्री व मशाल रैली आयोजित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आईपीएल की धूम के बाद खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की भी धमक देखने को मिल रही है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज होने जा रहा है और लोगों में खेल की ऐसी दीवानगी देखने को मिल रही है जैसे मानो कोई उत्सव का आयोजन हो रहा हो। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स. 2022 में भाग ले रहे खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन और इन खेलों के प्रति जनसहभागिता बढ़ाने और खेलों के प्रति जागरूकता लाने के लिए 6 किमी ओपन क्रास कंट्री व मशाल रैली का आयोजन रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। महिला वर्ग में बबली वर्मा और पुरुष वर्ग में इस्लाम अली को पहला स्थान ओपन क्रास कंट्री रेस में महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाली बबली वर्मा का चयन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी किया गया है। पुरुष वर्ग में इस्लाम अली ने पहला स्थान हासिल किया।

### दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों ने लगाई दौड़, उभरते हुए खिलाड़ियों ने भी लिया संकल्प

इस दौरान इस मशाल को लेकर कई दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों ने दौड़ लगाई तो उभरते हुए खिलाड़ियों ने भी इस मशाल को थामकर खेलों में प्रदेश व देश का परचम लहराने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। इस दौरान मशाल को जिलाधिकारी गंगवार, मंडलायुक्त रोशन जैकब, अपर जिलाधिकारी विपिन मिश्रा, अपर जिलाधिकारी, ऑयरन मैन ऑफ एशिया विजय सिंह चौहान अर्जुन अवार्डी एथलीट, एशियाई खेल1974 में डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक, ओलंपिक 1972 में प्रतिभाग, पूर्व खेल निदेशक, रणवीर सिंह भारतीय वॉलीबाल टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन अवार्डी, रचना गोविल अर्जुन अवार्डी, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज भारतीय खेल प्राधिकरण से सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक, सैयद अली हॉकी ओलंपियन रजनीश मिश्रा पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने मशाल को थामकर दौड़ लगाते हुए अपने खेल जीवन की यादों को एक बार फिर ताजा किया और नये खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने की सीख दी। इस अवसर पर आनन्देश्वर पाण्डेय महासचिवए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ,अजय कुमार सेठी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ मंडल समेत अन्य मौजूद थे।



### 25 से 3 जून तक दिखेगा दम

बताते चले कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 का आयोजन उत्तर प्रदेश में 25 मई से 03 जून 2023 तक लखनऊ गोरखपुर, वाराणसी, गौतमबुद्धनगर नोएडा एवं दिल्ली में होगा जिसमें कुल 21 खेलो का आयोजन होगा। इन खेले के सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डो तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को भविष्य सितारे खोजने के लिए एक बड़ी पहल भी माना जा रहा है।

### मैस्कॉट जीतू व मशाल के साथ सेल्फी



खिलाड़ी व खेल प्रेमी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के मैस्कॉट जीतू व मशाल को अपने बीच पाकर खुशी से झूम उठे। आज ओपन क्रास कंट्री व मशाल रिले के लिए जैसे ही मैस्कॉट जीतू व मशाल को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारी पहुंचे तो लेने वाले प्रतिभागियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और लोगों ने जमकर सेल्फी खिंचाई। इस दौरान कोई मैस्कॉट जीतू के साथ सेल्फी लेता दिखा तो कोई मशाल के साथ फोटो खिंचाता दिखा। इस दौरान जीतू ने नए खिलाड़ियों को खूब उत्साहित किया। वहीं खिलाड़ियों ने इस लम्हे को अपने लिए अनमोल बताते हुए कहा कि हमें इस आयोजन का हिस्सा बनने से अपने खेल कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी।